3 राजधानी
नकली दवाओं की आपूर्ति पर सीबीआई जांच की संस्तुति

6 प्रादेशिकी
संपूर्ण भारत को एकसूत्र में पिरोएगा अयोध्या उत्सव

11 विदेश
इजराइली हमले में एक ही परिवार के 76 मरे

12 स्पोर्ट्स
गंगजी, चीमा, भुल्लर संयुक्त रूप से शीर्ष पर

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 50
नई दिल्ली, रविवार, 24 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं का गुट है विपक्षी गठबंधन

राष्ट्रीय-10

www.dailypioneer.com

## भारत आ रहे पोत पर ड्रोन से हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने शनिवार को एक व्यावसायिक जहाज पर संदिग्ध ड्रोन हमले के बाद विस्फोट और आग लगने की सूचना पर अपने युद्धपोत मौके के लिए भेज दिया। यह घटना गुजरात के पोरबंदर तट 217 समुद्री मील दूर हुई। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि आग बुझा दी गई है और 20 भारतीयों सहित किसी भी चालक दल को चोट नहीं आई है। जहाज एमवी केम प्लूटो कच्चा तेल ले जा रहा है और सऊदी अरब के एक बंदरगाह से मंगलुरु की ओर जा रहा था। रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि आग ने व्यापारिक जहाज के कामकाज को प्रभावित किया है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय तटरक्षक जहाज विक्रम जहाज की ओर बढ़ रहा है। तटरक्षक जहाज विक्रम को भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की गश्त पर तैनात किया गया था, जब उसे संकट में फंसे व्यावसायिक जहाज की ओर निर्देशित किया गया था। विक्रम ने इस जहाज (शेष पेज 9)

# अमेरिका में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़

## खालिस्तानी आतंकवादियों की निंदा करता है भारत : जयशंकर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका स्थित कैलीफोर्निया में एक मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे जाने और उसमें तोड़फोड़ की घटना पर शनिवार को आपत्ति जताते हुए कहा कि भारत के बाहर चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए।



जयशंकर ने घटना के बारे में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मैंने समाचार देखा है। जैसा कि आप जानते हैं, हम इस बारे में चिंतित हैं। भारत के बाहर चरमपंथियों और अलगाववादी ताकतों को जगह नहीं मिलनी चाहिए। जो कुछ भी हुआ, उसके बारे में हमारे वाणिज्य दूतावास ने (अमेरिकी) सरकार और वहां की पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई है और मैं विश्वास है कि मामले की जांच की जा रही है। न्यूयॉर्क से पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में भारत विरोधी नारों के साथ स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई और पुलिस इस मामले की संभावित घृणा अपराध के रूप में जांच कर रही है।

कैलिफोर्निया के नेवार्क में सिटी ऑफ नेवार्क पुलिस विभाग ने एक ईमेल बयान में पीटीआई को बताया कि शुक्रवार को सुबह लगभग 8.35 बजे, उन्हें श्री स्वामीनारायण मंदिर हिंदू मंदिर में नारे लिखे जाने की एक रिपोर्ट मिली। सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों के अनुसार, 'खालिस्तान' शब्द को अन्य आपत्तिजनक नारों (शेष पेज 9)

## बढ़े वोट शेयर संग 2024 में भारी जीत दर्ज करना भाजपा का लक्ष्य

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**अगले** महीने राम मंदिर के बहुप्रतीक्षित भव्य उद्घाटन पर नजर रखते हुए, भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों में 'जबरदस्त' जीत पर अपनी नजरें गड़ा दी हैं। पार्टी के पदाधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख संगठनात्मक नेताओं से 2024 के आम चुनावों में 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करने और 'मिशन मोड' में काम करने के लिए कहा।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि शनिवार को दो दिवसीय विचार-मंथन बैठक के समापन दिवस पर भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा के प्रदर्शन से विपक्ष 'स्तब्ध' रह जाएगा। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी चर्चा में आया क्योंकि पार्टी को भरोसा है कि यह चुनाव में उसके पक्ष में एक प्रमुख मुद्दा होगा।

सूत्रों ने कहा कि बैठक के दौरान, शीर्ष नेताओं ने भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के लिए पार्टी की तैयारियों पर चर्चा की और नेताओं ने इस पर सार्वजनिक पहुंच को आगे बढ़ाने की योजना बनाई। पार्टी राम मंदिर थीम पर आधारित बड़े पैमाने पर अभियान शुरू करने के लिए तैयार है क्योंकि पार्टी इसके साथ ही जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ सत्ता में आई है। सूत्रों ने कहा (शेष पेज 9)

## देश का विकास इंजन बन रहा यूपी: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** मुरादाबाद

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की मजबूत स्थिति का दावा करते हुए शनिवार को कहा कि यह प्रदेश अपनी ताकत और सामर्थ्य से देश के विकास का इंजन बन रहा है। योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मुरादाबाद जिले के ढकिया (बिलारी) में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करने के बाद 16 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा, उत्तर प्रदेश में अब दंगे नहीं होते। यहां सब कुछ



चंगा है। बेटियां स्कूल जाती हैं। कानून बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। डबल इंजन की (शेष पेज 9)

## विमान को फ्रांस में उतारा, भारत को राजनयिक पहुंच मिली

**एजेंसी।** पेरिस

**भारतीयों** समेत 303 लोगों को लेकर निकारागुआ जा रहे एक विमान को मानव तस्करी के संदेह में फ्रांस में उतारे जाने के बाद फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास को अपने नागरिकों तक राजनयिक पहुंच मिल गई है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 303 यात्रियों को लेकर यह विमान निकारगुआ जा रहा था। फ्रांसीसी अधिकारियों ने मानव तस्करी के संदेह में बृहस्पतिवार को इसे अपने कब्जे में ले लिया। स्थानीय मीडिया ने फ्रांसीसी अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। फ्रांस में स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फ्रांसीसी अधिकारियों ने हमें सूचित किया कि दुबई से निकारागुआ जा रहे 303 लोगों, जिनमें अधिकतर भारतीय मूल के लोग हैं, उन्हें एक फ्रांसीसी हवाई अड्डे पर विमान के तकनीकी पड़ाव के दौरान हिरासत में लिया गया है। दूतावास की टीम पहुंच गई है और भारतीय नागरिकों के लिए राजनयिक पहुंच प्राप्त कर ली है।

हम स्थिति पर नजर रखे हुए हैं, साथ ही यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर रहे हैं। ली मोंडे समाचारपत्र की खबर के अनुसार, राष्ट्र विरोधी-संगठित अपराध मामलों को देखने वाली इकाई जेयूएनएएलसीओ ने जांच अपने हाथ में ले ली है। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने एक बयान में कहा कि विशेष जांचकर्ता विमान में सवार सभी यात्रियों से पूछताछ कर रहे हैं और दो लोगों को आगे की जांच के लिए हिरासत में लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि रोमानियाई कंपनी लीजेंड एयरलाइंस का ए340 विमान बृहस्पतिवार को उतरने के बाद वैट्री हवाई (शेष पेज 9)



# ग्रेनो और नोएडा को रैपिड रेल चलने का रास्ता साफ

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से जेवर एयरपोर्ट तक कनेक्टिविटी को मंजूरी दी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नया साल 2024 पर सीएम योगी ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बाशिंदों को यूपी सरकार की ओर से एक बड़ा गिफ्ट दिया है। इस गिफ्ट के रुप में सीएम योगी ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड रेल कनेक्टिविटी को अपनी मंजूरी दे दी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट यानि जेवर एयरपोर्ट तक आने वाले रैपिड रेल वाया गाजियाबाद होकर आएगी।

आपको बता दें कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा द्वारा जेवर एयरपोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य अब अपने अंतिम चरण की ओर पहुंच रहा है।

फरवरी 2024 में जेवर एयरपोर्ट से उड़ान भरने का ट्रायल भी शुरू हो जाएगा, जिसके कुछ दिनों बाद यहां से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय उड़ान विधिवत रुप से शुरू हो जाएगी। एशिया के सबसे बड़े जेवर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी पूरे देश से की जा रही है। इसी के तहत दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से भी जेवर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी की जा रही है ताकि यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके। जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड रेल लाने की तैयारी भी की जा रही है। इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से जेवर एयरपोर्ट तक रैपिड रेल लाने की प्रोजेक्ट रिपोर्ट पहले ही तैयार कर ली गई थी। इस रिपोर्ट को मंजूरी के शासन को भेजी गई थी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन को तीन माह में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

रूट को दो चरण में विकसित किया जाएगा। इस रूट के जरिए आईजीआई एयरपोर्ट से नोएडा एयरपोर्ट तक 80 मिनट और गाजियाबाद से 50 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। आपको बता दें कि इंदिरा गांधी हवाई अड्डे से जेवर एयरपोर्ट तक बनने वाले रैपिड रेल कॉरिडोर का दो चरणों में निर्माण होगा।

पहले चरण में गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक 5 के बीच 37.15 किमी का कॉरिडोर 2031 तक बनकर तैयार होगा। दूसरा चरण ईकोटेक 5 से नोएडा एयरपोर्ट तक 35.11 किमी का कारिडोर बनेगा। यह 2041 तक पूरा होगा। इस रूट पर गाजियाबाद आरआरटीएस, गाजियाबाद साउथ, ग्रेटर नोएडा वेस्ट सेक्टर 4, ग्रेटर नोएडा सेक्टर 2, नॉलेज पार्क 5, सूरजपुर, परी चौक, इकोटेक.5, दनकौर, यीडा नार्थ सेक्टर.18, यीडा सेंट्रल सेक्टर.21, 35, और नोएडा एयरपोर्ट स्टेशन होंगे। दिल्ली के सराय काले खां रेलवे स्टेशन से 70 मिनट में और मेरठ से 85 मिनट में यात्री नोएडा एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में हुई बैठक में एनसीआरटीसी को परियोजना की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। कॉरिडोर की लंबाई 72.2 किमी होगी, इसमें 25 स्टेशन होंगे।

ब्लू लाइन व एक्वा लाइन मेट्रो को भी इससे जोड़ा जाएगा। आरआरटीएस और मेट्रो को समान ढांचे पर संचालित करने के लिए 14 मेट्रो स्टेशन जोड़े जा सकेंगे। इस परियोजना पर 12 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

आरआरटीएस के लिए केंद्र सरकार 1804 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश सरकार 2581 करोड़ रुपये देगी। बैंकों के जरिये 5413 करोड़ रुपये मिलेंगे। आरआरटीएस और मेट्रो दोनों पर 12 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च होगी। इसमें भी केंद्र यूपी सरकार एवं बैंकों से ऋण लिया जाएगा।

# मोबाइल टावर के उपकरण चुराकर चीन में बेचने का हुआ भंडाफोड़

- क्राइम ब्रांच ने दस लोगों को किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच टीम ने मोबाइल टॉवरों से कीमती उपकरण चोरी करने वाले गैंग के 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

ये गैंग टॉवर से कीमती डिवाइस चुराता था और उन्हें मद्रास के रास्ते चीन में बेचता था। सच्चिदानंद ने बताया, पकड़े गए आरोपी कन्हैया, रवि, कपिल, करण, कोमल, वसीम, आसिफ, शहबाज, इजराइल और शाहरुख हैं।

सभी आरोपी ग्रेटर नोएडा में जेवर और गाजियाबाद में मुरादनगर क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनसे जियो और एयरटेल कंपनी के 5 रेडियो रिसीवर यूनिट, 8 बैटरियां, सेल कवर, लोहे के कवर और चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। इजराइल, कन्हैया, रवि, करण, कोमल और कपिल मोबाइल टॉवर कंपनियों में टैक्नीशियन का काम करते हैं। वो पहले ऐसा मोबाइल टॉवर चुनते हैं, जहां सुरक्षा कम रहती है। इसके बाद पूरा गैंग वहां धावा बोलता है और कीमती उपकरण चुरा लेता है।

ये उपकरण आसिफ, वसीम और शहबाज कबाड़ी को कम दाम पर बेच दिए जाते हैं। ये कबाड़ी चोरी का सामान थोड़ा ज्यादा रेट पर दिल्ली के मुस्तफाबाद में दूसरे कबाड़ियों को बेच देते हैं। दिल्ली से इस सामान को मद्रास पहुंचाया जाता है, जहां से इसे चीन में बेच दिया जाता है।

पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर मोबाइल टॉवरों में चीन के उपकरण ही प्रयुक्त होते हैं। इसलिए ये उपकरण पुनः चीन में महंगे दाम पर बेच दिए जाते हैं। पुलिस को इस गैंग के कई और लोगों की जानकारी हुई है, उन्हें भी गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# पत्नी से मारपीट के आरोप में मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

- विवाहिता के भाई ने थाने में की थी शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा के खिलाफ नोएडा के एक थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। विवेक बिंद्रा पर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने का आरोप है। विवेक बिंद्रा ने अपनी पत्नी इतनी पिटाई की कि उनके कान का पर्दा तक फट गया।

आपको बता दें कि विवेक बिंद्रा पर केस दर्ज होने के मामला सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। मामले में कुछ यूजर ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग नोएडा पुलिस से की है। पोस्ट को कई लोगों ने साझा किया है। नोएडा के थाना सेक्टर-126 पर विवेक बिंद्रा के साले वैभव ने एफ आईआर दर्ज कराई है।

गाजियाबाद के चंदर नगर निवासी वैभव ने अपने जीजा विवेक बिंद्रा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि 6 नवंबर को बहन यानिका की शादी सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा वेस्ट रेजीडेंसी निवासी विवेक बिंद्रा से हुई थी। शादी के करीब एक माह बाद 7 दिसंबर को सुबह ढाई से तीन बजे के बीच विवेक अपनी मां प्रभा से झगड़ा कर रहे थे। आरोप है कि पत्नी यानिका ने बीच बचाव करने पर विवेक ने उसे कमरे में बंद कर दिया। गाली गलौज करते हुए विवेक ने अपनी बीवी यानिका की पिटाई कर दी। मारपीट से यानिका के कान का पर्दा फट गया।

उसके पूरे शरीर पर चोट के निशान बन गए हैं। बाल नोंचने की वजह से महिला के सिर में भी घाव बन गया है। विवेक ने अपनी पत्नी का मोबाइल भी तोड़ दिया था। घायल यानिका का इलाज दिल्ली के कड़कड़डूमा स्थित अस्पताल में कराया गया। शिकायतकर्ता वैभव ने पुलिस को बताया है बहन शारीरिक और मानसिक तौर पर टूट गई है।

# क्रिसमस और न्यू ईयर पर हेल्थ विभाग ने जारी की एडवाइजरी

- कोरोना पॉजीटिव का केस मिलने के बाद नोएडा में अलर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नोएडा और नोएडा से सटे शहर गाजियाबाद में कोरोना के एक एक नए केस मिलने के बाद एक बार फिर सेहत को खतरा पैदा हो गया है।

नोएडा में कोरोना का पॉजीटिव केस मिलने के बाद नोएडा का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। कुछ समय बाद क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न मनाया जाना है। ऐसे में नोएडा के हेल्थ डिपार्टमेंट ने इन दोनों पर्वों को मनाए जाने के लिए एडवायजरी जारी की है। हेल्थ डिपार्टमेंट ने एक बार फिर से कहा कि है कि दो कदम की दूरी और मास्क है जरुरी।

नोएडा गौतमबुद्धनगर के स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी एडवाइजरी के अनुसार, नोएडा में मिला कोरोना का नया वेरियंट खतरनाक नहीं है, लेकिन इससे बचने की बेहद ही आवश्यकता है। कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोकने तथा इससे बचने के लिए पहले की भांति ही कोविड प्रोटोकाल के नियमों का पालन किया जाना चाहिए। क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न मनाते वक्त सावधानी बरतना जरूरी है।

भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक जगहों पर सामाजिक दूरी, मास्क का उपयोग जैसे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का सुझाव दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ. सुनील शर्मा के अनुसार, कोरोना से डरने की जरूरत नहीं है। लेकिन, बचाव के लिए जरूरी सावधानी भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर खांसी-जुकाम होने पर लोग स्वयं केमिस्ट से दवा ले लेते हैं। जो सही नहीं है। खांसी-जुकाम अथवा फ्लू जैसे लक्षण दिखने पर डॉक्टर से सलाह लेकर ही दवा लेने का सुझाव दिया है।

उन्होंने बताया कि नोएडा के जिला अस्पताल समेत जिले के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड की जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को फ्लू अथवा कोविड के लक्षण नजर आने पर तुरंत जांच कराने का आदेश दिए जा चुके हैं। लोगों ने क्रिसमस और न्यू ईयर का जश्न मनाने के लिए अपना प्लान बनाना शुरू कर दिया है।

## कोरोना से निपटने को तैयार है जिम्स

कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए कासना स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान जिम्स में तैयारी शुरू कर दी गई है। अस्पताल में 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। जरूरत पड़ी तो वार्ड और बेड बढ़ा दिए जाएंगे। इसके साथ ही अस्पताल में आनेवाले सामान्य मरीजों की जांच को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। संस्थान प्रशासन के मुताबिक यहां पर अन्य बीमारियों के उपचार के लिए आने वाले मरीजों की पहले एंटीजन जांच कराई जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार



अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा एक निजी कंपनी में मॉक ड्रिल कराई। इस दौरान कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों के संचालन के बारे में बताया गया।

### आरडब्ल्यूए की प्राधिकरण अधिकारियों के साथ बैठक

**नोएडा।** सामुदायिक केंद्र सेक्टर-34 में फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 की प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक विजय कुमार रावल के साथ बैठक हुई। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष केके जैन ने बताया कि बैठक के दौरान प्राधिकरण अधिकारियों को सेक्टर-34 के सिविल, जल, जन स्वास्थ्य एवं विद्युत यांत्रिकी संबंधी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने सेक्टर-34 की वर्तमान में मुख्य समस्याओं से अवगत कराया। समस्याएं सुनने के बाद उप महाप्रबंधक आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि समस्त समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाएगा। बैठक के दौरान उप महाप्रबंधक नोएडा विजय कुमार रावल, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष केके जैन, महासचिव धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल, प्रदीप कुमार, प्रबंधक अरविंद कुमार, गौरव शुक्ला, शुभम मुद्‌गल, सुनील कश्यप, देवेंद्र कुमार, सुरेंद्र महाजन, कुलदीप मुंशी, दीपाली पसारी, एमसी भारद्वाज, जगदीश जोशी, अनुभा उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भाजपा नेत्री ने किया योग कक्षाओं का शुभारंभ

**नोएडा।** शनिवार को नोएडा के हाईड पार्क सेक्टर 78 के क्लब हाउस में भाजपा सोशल मीडिया सह संयोजक रचना जैन ने फीता काट कर योग कक्षाओं का शुभारंभ किया। श्रीमती रचना जैन ने महिलाओं के लिए उठाए गए इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि ष्योग हर किसी व्यक्ति को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा माध्यम है और महिलाओं के लिए अलग से योग क्लास उन महिलाओं को भी योग के लिए प्रेरित करेंगी जो ज्वाइंट क्लास में असहज महसूस करतीं हैं। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष टीके भाटी भी उपस्थित रहे। नोएडा में किसानों के मसीहा तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर शनिवार को प्रीत मंच नोएडा द्वारा सेक्टर-40 में हवन किया गया। हवन के उपरांत वर्तमान परिपेक्ष में भारत की सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर चौधरी चरण सिंह के विचारों व नीतियों का प्रभाव एवं योगदान विषय पर एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

### युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**नोएडा।** नोएडा में अलग-अलग स्थान पर एक युवती व युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मूल रूप से बिहार निवासी नेहा पुत्री मुकेश अपनी बहन व जीजा के पास सलारपुर गांव में रह रही थी। नेहा एक निजी कंपनी में काम करती थी। गुरुवार शाम को वह ड्यूटी खत्म कर वापस घर लौटी। कुछ देर बाद जब परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो देखा कि वह फंदे पर लटकी हुई थी। नोएडा के थाना फेस-2 क्षेत्र के भंगेल गांव में किराए पर रहने वाले अजयपाल पुत्र करण सिंह ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पड़ोस में रहने वाला भतीजा जब अजय पाल के कमरे में पहुंचा तो वह उसे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला।

### मामूली कहासुनी में दबंगों ने महिला को पीटा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 4 पड़ोसी युवकों ने महिला की पिटाई कर दी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि मामूली कहासुनी पर महिला की पिटाई की गई है। मामला थाना लोनी क्षेत्र के अशोक विहार का है। अशोक विहार कॉलोनी की रहने वाली आयशा को पड़ोसी चार युवकों ने पीट दिया। आयशा की पड़ोस के लड़कों से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। थाना लोनी प्रभारी अनिल राजपूत के मुताबिक महिला को पुलिस के साथ मेडिकल के लिए भेज दिया है। जिन लड़कों पर आरोप है, उनमें से एक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और पूछताछ की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बेसहारा लोगों को ठंड से बचा रहा नोएडा प्राधिकरण

- ई-रिक्शा चलवाकर रैन बैसरों में लाया जा रहे जरूरतमंद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा प्राधिकरण ने रैन बसेरों तक बेसहारा लोगों को पहुंचाने के लिए ई-रिक्शा की पहल की है। नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल 10 में एक-एक ई रिक्शा का संचालन किया गया है।

इनका काम बेसहारा लोगों को नजदीक के रैन बसेरा तक लाना होगा। इन रिक्शा के पीछे बकायदा एक बैनर लगाया गया है। साथ ही माइक के जरिए अनाउंसमेंट भी किया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि जरुरत पडने् पर सर्किल में ई-रिक्शा की संख्या को और बढ़ाया जाएगा, ताकि जितने भी लोग सड़क पर सो रहे है उनको नजदीक के रैन बसेरों तक पहुंचाया जा सके। नोएडा प्राधिकरण की ओर से नोएडा के वर्क सर्किल 6 में एक.एक रैन बसेरा बनाए गए है, जिसमें महिला और पुरुषों के रुकने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। इनके लिए यहां पीने के लिए पानी, शौचालय का निर्माण भी किया गया है। इसके अलावा इन रैन बसेरों के बाहर अलाव की व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को गर्माहट मिलती रहे।

इन रैन बसेरे में कुल 220 लोग रुक सकते हैं। सबसे बड़ा रैन बसेरा सेक्टर-21 नोएडा स्टेडियम के रामलीला मैदान में बनाया गया हैए यहां कुल 65 व्यक्ति जिसमें 50 पुरुष और 15 महिलाएं ठहर सकते हैं। इसके अलावा सेक्टर-62, ग्राम मामूरा बारात घर, सोरखा जाहिदाबाद बारात घर, शाहदरा पंचायत घर, सेक्टर-135 सामुदायिक केंद्र और ग्राम कोंडली बरात घर में रैन बसेरा बनाया गया है। ई-रिक्शा से बेसहारों को रैन बसेरा तक पहुंचाने में आसानी हो रही है।

# ग्राहक के रूप में आया जालसाज आईफोन ले उड़ा, मामला दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के सिद्धार्थ कॉलोनी में स्थित एक मोबाइल की दुकान पर ग्राहक के रूप में आए जालसाज ने आईफोन चोरी कर लिया। दुकानदार ने थाना सेक्टर-63 में जालसाज के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया है।

मूल रूप से मधेपुरा निवासी ताजमहल में छिजारसी गांव में रह रहा है। उसकी छिजारसी गांव की सब्जी मंडी में मोबाइल की शॉप है। बीते 20 दिसंबर की शाम को उसकी दुकान पर एक अज्ञात व्यक्ति फोन खरीदने आया, उक्त व्यक्ति ने मोटरोला फोन पसंद कर लिया। इसके बाद वह पड़ोस की दुकान से अपने आधार कार्ड के जरिए 6000 रुपये निकाल कर लाया। उसके बाद उसने आईफोन 11 दिखाने को कहा।

दुकान पर अधिक भीड़ होने के कारण उक्त व्यक्ति ने बड़ी चालाकी से आईफोन चोरी कर अपनी जेब में रख लिया। इसके बाद वह 6000 रुपये का दूसरा फोन खरीद कर वहां से चला गया। कुछ देर बाद आईफोन चोरी होने की जानकारी मिली।

# चेन स्नैचिंग के आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

- आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में तीन दर्जन से अधिक मामले थे दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



18 दिसंबर को नन्दग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत राजनगर एक्सटेंशन में स्थित ई-306 यूनिनव हाइटस् सोसाइटी में रहने वाली सोनिका कुशवाहा नामक महिला की सोने की चेन बाइक सवार दो लुटेरों ने सेवी विला डे सोसाइटी के सामने लूट ली थी। उक्त वारदात की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस की दो टीम गठित की गई थी।

नन्दग्राम थाने के एसएचओ धर्मपाल सिंह की टीम ने महिला से स्नेचिंग करने वाले दो बदमाशों को दबोच लिया था। जब पुलिस टीम बदमाशों को लेकर लूटी गई सोने की चेन बरामद करने जा रही थी तो सन्नी नामक बदमाश ने छुपाकर रखे गये तमंचे से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस एंकांउटर में एक गोली सन्नी निवासी फ्लैट संख्या 604 जी ब्लॉक दिव्या सिटी हम-तुम रोड हाल सी 33 श्याम एंक्लेव जनकपुरी साहिबाबाद के पैर में लगी। पुलिस ने घायल बदमाश के अलावा उसके दूसरे साथी दिलशाद अली निवासी ई-65 गली नंबर-2 जनकपुरी को भी गिरफ्तार कर लिया।

उनके पास से सोने की चेनए तमंचा, कारतूस व लूट की वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई। यह जानकारी देते हुए एसीपी नन्दग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि सन्नी के ऊपर जहां विभिन्न थानों में लगभग तीन दर्जन अपराधिक मामले दर्ज है वहीं दिलशाद पर भी आधा दर्जन से अधिक अभियोग विभिन्न थानों में पंजीकृत हैं।

## 2.8 किलो गांजा समेत चार दबोचे

**नोएडा।** नोएडा की अलग-अलग थाना पुलिस ने विभिन्न स्थानों से मादक पदार्थ बेचने के आरोप में चार लोगों को गांजा समेत गिरफ्तार किया है इनके पास से गांजा बरामद हुआ है।

नोएडा के थाना सेक्टर-63 प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सेक्टर-63ए के पास से आयुफ पुत्र शाकिर को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी मूल रूप से जनपद हरदोई का रहने वाला है और हाल में छिजारसी कॉलोनी में रह रहा है। पकड़े गए आरोपी पर पूर्व में चोरी सहित पांच मामले दर्ज हैं। थाना बिसरख पुलिस ने डेढ़ किलो गांजे सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया।



नोएडा के थाना सेक्टर-63 में जब्त गाजे के साथ पुलिस गिरफ्त में तस्कर।

## घरेलू नौकरानी ने लगाई लाखों रुपये की चपत

**नोएडा।** घरेलू नौकर पर विश्वास करना एक परिवार को खासा महंगा पड़ा। पिछले 2 साल से काम कर रहा घरेलू नौकर घर से दो लाख रुपये तथा लाखों रुपये के जेवरात व सामान को चोरी कर रफूचक्कर हो गया।

पीड़ित परिवार ने थाना बिसरख में आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। एवेन्यू गौर सिटी.1 में रहने वाले शैलीन ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उनके यहां पिछले 2 वर्षों से बिहार निवासी प्रभात कुमार घरेलू नौकर के रूप में कार्यरत था। बीते 19 दिसंबर की शाम को वह अपने चाचा के घर जाने के लिए कह कर निकाला था। इसके बाद वह 20 दिसंबर को बिहार चला गया। उसके जाने के बाद परिवार की माताजी ने जब अपना घर का लॉकर चेक किया तो उसमें से दो लाख रुपये आदि गायब मिले।

# गौतमबुद्धनगर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने उमेश भाटी

- सचिव पद पर धीरेंद्र भाटी ने मारी बाजी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा में गौतमबुद्धनगर जिला बार एसोसिएशन का प्रतिष्ठित चुनाव शुक्रवार की देर रात संपन्न हो गया। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित कोर्ट परिसर में अध्यक्ष पद के लिए वोटों की गिनती रात दो बजे तक जारी रही।

मतगणना पूरी होने के बाद अध्यक्ष व सचिव पद के विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की गई। अध्यक्ष पद पर एडवोकेट उमेश भाटी ने बाजी मारी है, उन्होंने 715 वोट प्राप्त करके अपने प्रतिद्वंद्वी प्रमेंद्र भाटी को हराया है।

प्रमेंद्र भाटी को 569 वोट मिले हैं। इसके अलावा सचिव पद पर धीरेंद्र भाटी ने कब्जा जमाया है। आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित कोर्ट परिसर में ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर शुक्रवार को दिनभर उत्साह का माहौल रहा। चुनाव संपन्न होने के बाद शनिवार की शाम वोटों की गिनती का काम शुरू किया गया। अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता उमेश भाटी ने विजयश्री हासिल की।

उमेश भाटी ने 715 वोट प्राप्त किए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी प्रमेंद्र भाटी को 569 वोट मिले हैं। तीसरे स्थान पर मनोज भाटी और चौथे स्थान पर अलबेल भाटी रहे। सचिव पद के लिए कुल 2027 वोट पड़े और 757 वोट प्राप्त कर धीरेंद्र भाटी ने विजय हासिल की। दूसरे स्थान पर रजत शर्मा, तीसरे स्थान पर अजीत नागर तथा चौथे स्थान पर उधम सिंह रहे। आधी रात के बाद घोषित हुए चुनाव परिणाम के अनुसार, धीरेंद्र भाटी को ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन का सचिव चुना गया है, जबकि नरेंद्र कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मोहन मावी कोषाध्यक्ष चुने गए हैं।

वोटों की गिनती रात 2;00 बजे के बाद तक जारी रही। नतीजे जानने के लिए वकील न्यायालय परिसर में जमे रहे। सचिव धीरेंद्र भाटी ने रजत शर्मा को हराकर 92 वोटों से जीत हासिल की। नतीजे घोषित होते ही समर्थक खुशी से झूम उठे। आपको बता दें कि शुक्रवार की सुबह 9 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हुई थी, जो शाम तक जारी रही।

जिला बार एसोसिएशन के कुल 2114 मतदाताओं में से 2030 ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान संपन्न होने के बाद देर शाम 6 बजे से मतगणना शुरू हुई। कोषाध्यक्ष पद पर मोहन मावी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को कांटे के मुकाबले में 14 वोटों से हराया, उन्होंने 691 वोट प्राप्त किए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नरेंद्र सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को हराकर 111 वोटों से विजय हासिल की।

### किसे कितने वोट मिले

**अध्यक्ष**

**कुल मत पड़े**- 2030

| | |
|---|---|
| उमेश भाटी | 715 |
| प्रमेन्द्र भाटी | 569 |
| मनोज भाटी | 454 |
| अलबेल भाटी | 288 |
| निरस्त मत | 04 |

**सचिव**

**कुल मत पड़े-2027**

| | |
|---|---|
| धीरेंद्र भाटी | 757 |
| रजत शर्मा | 666 |
| अजीत नागर | 334 |
| उधम सिंह | 260 |
| निरस्त मतः | 10 |

# सरकारी अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति पर सीबीआई जांच की सिफारिश



● उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गुणवत्ता मानक परीक्षणों में विफल रहने पर की कार्रवाई की संस्तुति



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में गुणवत्ता मानक परीक्षणों में विफल और जीवन को खतरे में डालने की क्षमता वाली दवाओं की कथित आपूर्ति की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की सिफारिश की है। राज निवास के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखे एक नोट में उपराज्यपाल ने उल्लेख किया है कि यह चिंताजनक है कि ये दवाएं लाखों मरीजों को दी जा रही हैं। कुमार को लिखे नोट में कहा गया है, मैंने फाइल का अध्ययन किया है। यह गहरी चिंता की बात है। मैं इस तथ्य से व्यथित हूं कि लाखों असहाय लोगों और रोगियों को ऐसी नकली दवाएं दी जा रही हैं जो गुणवत्ता मानक संबंधी परीक्षणों में विफल रही हैं।

उपराज्यपाल ने अपने नोट में कहा कि दिल्ली स्वास्थ्य सेवा (डीएचएस) के तहत केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) द्वारा खरीदी गई ए दवाएं दिल्ली सरकार के अस्पतालों को आपूर्ति की गईं और हो सकता है कि इन्हें मोहल्ला क्लीनिक को भी आपूर्ति की गई हो। उन्होंने कहा, औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत नियमों और वैधानिक प्रावधानों के अनुसार सरकार के साथ-साथ निजी विश्लेषकों या प्रयोगशालाओं द्वारा दवाओं का परीक्षण किया गया और परीक्षण में विफल इन दवाओं को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं के रूप में वर्गीकृत किया गया है। सक्सेना ने अपने नोट में यह भी कहा कि भारी बजटीय संसाधनों को खर्च करके खरीदी गई ए दवाएं सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं तथा ए लोगों के जीवन को खतरे में डाल सकती हैं। एलजी ने कहा, प्रथम दृष्टया, सीपीए-डीएचएस, दिल्ली सरकार के अलावा इस समूची कवायद में अन्य राज्यों में स्थित आपूर्तिकर्ता, निर्माता और उन राज्यों के दवा नियंत्रक शामिल हैं।

उपराज्यपाल ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक का मामला पहले से ही सीबीआई के पास है। उन्होंने कहा कि इन क्लीनिक में भी गैर मानक गुणवत्ता वाली दवाओं की आपूर्ति हो सकती है। ऐसे में इसकी भी जांच केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जा सकती है, क्योंकि जांच के दायरे में सीपीए-डीएचएस, दिल्ली सरकार, आपूर्तिकर्ताओं, डीलर, अन्य राज्यों के निर्माताओं और एजेंसियों सहित विभिन्न हितधारक शामिल हैं। मामले में सतर्कता निदेशालय ने रिपोर्ट सौंपी थी।

राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में घटिया दवाओं की आपूर्ति की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद, सरकारी अस्पतालों से नमूने एकत्र किए गए।

# अब तो स्वास्थ्य सचिव को निलंबित कीजिए : भारद्वाज

● एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की



**पायनियर समचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के अस्पतालों में नकली दवा दिए जाने की सीबीआई जांच के एलजी सक्सेना के निर्देश पर दिल्ली सरकार की प्रतिक्रिया आई है।

घटनाक्रम पर, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पदभार संभालने के बाद उन्होंने खरीदी गई दवाओं के ऑडिट का निर्देश दिया था, लेकिन स्वास्थ्य सचिव ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने नौकरशाह और अन्य संबंधित अधिकारियों को निलंबित करने की भी मांग की।स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में दोषी अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की। पोस्ट में भारद्वाज ने कहा, मैंने 9 मार्च 2023 को पदभार संभाला। सीपीए या अन्य माध्यम से खरीदी गई दवाओं के ऑडिट के लिए 21 मार्च 2023 को निर्देश दिए। स्वास्थ्य सचिव द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। भारद्वाज ने कहा, 24 जुलाई 2023 को स्वास्थ्य सचिव से पुन: कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई। हालांकि, स्वास्थ्य सचिव की ओर से कोई जवाब नहीं आया। दवाओं की खरीद डीजीएचएस के अंतर्गत आती है और विभाग प्रमुख स्वास्थ्य सचिव हैं। उन्होंने कहा, दो महीने पहले 23 अक्टूबर को, मैंने उपराज्यपाल से स्वास्थ्य सचिव एसबी दीपक कुमार और डीजीएचएस को निलंबित करने की सिफारिश की थी। उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई। कम से कम अब तो उन्हें निलंबित कर दीजिए। इससे पहले, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने यहां संवाददाता सम्मेलन के इतर इस मामले के बारे में पूछे जाने पर कहा कि सरकार विस्तृत प्रतिक्रिया देगी।

राय ने कहा कि उन्होंने मामले का विवरण नहीं देखा है। उन्होंने कहा, सरकार विस्तृत अध्ययन के बाद अपनी प्रतिक्रिया देगी। लेकिन मामलों को जांच के लिए सीबीआई को भेजने की ऐसी व्यवस्था सरकार के काम में बाधा डालने का माध्यम बन गई है। अधिकार मामलों पर निर्णय लेना बंद कर देते हैं। लेकिन इस मामले में सरकार इसका अध्ययन करेगी।

## भाजपा ने मांगा स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने केजरीवाल सरकार पर दवा घोटाले का आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को बर्खास्त करने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मरीजों को नकली दवा दी जा रही है। सचदेवा ने लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले स्वास्थ्य मंत्री को तुरंत बर्खास्त करने के लिए भाजपा आंदोलन करेगी। सचदेवा ने प्रेसवार्ता में कहा कि लोगों की शिकायत के बाद हुई जांच में अस्पतालों में आपूर्ति की जाने वाली पांच कंपनियों के दवाइयों के नमूने मानक के अनुरूप नहीं मिले हैं। हृदय रोग से संबंधित मरीज को भी घटिया दवा दी जा रही है। यह सरकार मानवता की दुश्मन है। सचदेवा ने कहा कि यह सरकार प्रत्येक काम में भ्रष्टाचार कर रही है। वहीं सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नकली दवा का व्यापार कराते हैं।

## दोषियों पर कार्रवाई हो : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** सरकारी अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति के मामले में सीबीआई जांच के आदेश पर कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने कहा कि यह गंभीर मामला है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने इस मुद्दे पर गौर करने के लिए एक मेडिकल बोर्ड के गठन की मांग की। सरकार को एक मेडिकल बोर्ड का गठन करना चाहिए ताकि अन्य दवाओं का भी परीक्षण किया जा सके और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

## केजरीवाल को ईडी के समन पर कानूनी राय लेगी आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) विपश्यना से लौटने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भेजे गए नए समन पर कानूनी राय लेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने शनिवार को यह बात कही। केजरीवाल के बृहस्पतिवार को दूसरे समन पर पेश नहीं होने के बाद ईडी ने शुक्रवार को दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के क्रम में पूछताछ के लिए उन्हें फिर से नोटिस जारी कर तीन जनवरी को पेश होने को कहा। पर्यावरण मंत्री राय ने एक संवाददाता सम्मेलन से इतर कहा, वर्तमान में, मुख्यमंत्री विपश्यना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, उनसे कोई संपर्क नहीं है। उनके लौटने पर हम कानूनी राय लेंगे और फिर इस बारे में फैसला करेंगे। समन पर आप ने शुक्रवार को एक बयान में कहा था कि यह देश भर में आप की बढ़ती लोकप्रियता के चलते सिर्फ राजनीतिक प्रतिशोध है। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को यह तीसरा नोटिस है। वह दो नवंबर और 21 दिसंबर को पहले के दो समन पर संघीय एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए थे।

# ग्रैप-3 प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने के निर्देश

● पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सभी संबंधित विभागों को अपनी टीम सक्रिय करने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को सभी संबंधित विभागों से कहा कि वे केंद्र की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना के चरण-तीन से संबंधित प्रतिबंधों पर प्रभावी अमल के लिए अपनी-अपनी टीम को फिर से सक्रिय करें।

पर्यावरण मंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कम तापमान और हवा नहीं चलने के कारण शुक्रवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता बहुत खराब से गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। उन्होंने कहा, वायु गुणवत्ता के बिगड़ने के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण-3 के अंतर्गत प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया है।

इसका मतलब यह है कि दिल्ली-एनसीआर में गैर जरूरी निर्माण कार्यों और बीएस3 व बीएस4 डीजल से संचालित चारपहिया वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड



### गंभीर श्रेणी में रही वायु गुणवत्ता

*राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने यह जानकारी दी। केंद्र ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में खराब होती वायु गुणवत्ता के बीच गैर जरूरी निर्माण कार्यों और बीएस-तीन पेट्रोल एवं बीएस-चार डीजल चालित चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का शुक्रवार को आदेश दिया था। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण से निपटने की रणनीति बनाने वाले वैधानिक निकाय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक आदेश जारी कर कहा है कि हवा की कम गति के साथ कोहरे और धुंध सहित मौसम संबंधी प्रतिकूल स्थितियां दिल्ली के दैनिक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में अचानक वृद्धि का प्रमुख कारण हैं। राष्ट्रीय राजधानी में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 97 प्रतिशत रही।*

(सीपीसीबी) के मुताबिक, शनिवार सुबह दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 447 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों में शामिल सभी 28 विभागों को सतर्क कर दिया है। उन्होंने कहा, उन्हें जल्द से जल्द स्थिति को संभालने के लिए अपन-अपनी टीम को फिर से सक्रिय करने के लिए कहा गया है। राय ने कहा कि दिल्ली में अगले आदेश तक गैर जरूरी निर्माण कार्य, पत्थरों को तोड़ने और खनन पर प्रतिबंध बरकरार रहेगा। सीएक्यूएम ने चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंधों को फिर से लागू करते हुए दिल्ली-एनसीआर में गैर-जरूरी निर्माण कार्यों, पत्थर तोड़ने और खनन पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है।

तृतीय चरण के जीआरएपी के तहत दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल चालित चार पहिया वाहनों के संचालन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में सुबह न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से दो डिग्री अधिक है।

जीआरएपी, केंद्र की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना है जिसे सर्दियों के मौसम के दौरान क्षेत्र में लागू किया जाता है। यह चार चरणों में वर्गीकृत होती है, चरण-एक खराब (एक्यूआई 201-300) चरण-दो बहुत खराब (एक्यूआई 301-400), चरण-3 गंभीर (एक्यूआई 401-450) और चरण-4 अति गंभीर (450 से ज्यादा एक्यूआई) होती है।

## ट्रेन की चपेट में आए सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

खुफिया एजेंसियों में काम कर चुके 75 वर्षीय सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी की दिल्ली छावनी क्षेत्र में बरार स्क्वायर के पास पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

पुलिस ने मृत पूर्व अधिकारी के चालक के हवाले से बताया कि रेलवे फाटक बंद होने की वजह से वह अपनी कार से उतर गए और पैदल पटरी पार करने लगे। एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय पुलिस सेवा के 1974 बैच के अधिकारी मोहन दास मेनन ने रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) में काम किया था और उनकी बुधवार को दुर्घटना में मौत हो गई।

मेनन दक्षिणी दिल्ली के पंचशील पार्क इलाके में रहते थे। बुधवार को वह दिल्ली छावनी इलाके में किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। बरार स्क्वायर पर रेलवे फाटक बंद है। पुलिस ने मेनन के वाहन चालक के हवाले से बताया कि वह रेल फाटक बंद होने की वजह से कार से उतरे और पटरी पार करने के लिए पैदल चलने लगे। तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गए।

## कांग्रेस सभी कर्मचारियों को करेगी नियमित : लवली

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी की अगुवाई में पार्टी दलितों, पिछड़ों, वंचितो, मजूदरों, कर्मचारियों सहित मध्यम व निम्न वर्ग की आवाज को उठा रही है।

कांग्रेस दिल्ली में सत्ता में आने के बाद दिल्ली में अस्थायी, अनुबंधित और ठेके पर काम करने वाले सभी कर्मचारियों को नियमित करेगी। उन्होंने कहा कि समय बदल रहा है और अब लोग कांग्रेस की ओर देख रहे है। कांग्रेस पार्टी राजनीतिक और आर्थिक रुप आपके हर कदम पर साथ खड़ी है, हम मजबूती के साथ आपके अधिकारो की लड़ाई लड़ेंगे।

## त्यागी-गौरी गैंग का फरार बदमाश गिरफ्तार

● अपहरण, मारपीट और डकैती के कई मामले दर्ज



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मकोका में तीन साल से फरार दो आरोपियों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर के नेतृत्व में स्पेशल सेल/एसआर की की टीम ने दिल्ली के हरि नगर से गैंगस्टर सौरभ उर्फ भिंडा को पकड़ा है।

गिरफ्तार आरोपी कुख्यात सलमान त्यागी-सद्दाम गौरी गैंग का सक्रिय सदस्य है। इस गिरोह के सदस्य 10 साल से अधिक समय से कुख्यात नीरज बवाना गिरोह से जुड़े हुए हैं। सौरभ उर्फ भिंडा वर्तमान में एक मामले में वांछित और फरार था। मामले में कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया था। भिंडा अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार दिल्ली/एनसीआर में अपने ठिकाने बदल रहा था। सौरभ कुख्यात सलमान त्यागी-सद्दाम गौरी गिरोह का सदस्य है। गिरफ्तार आरोपी अपने गिरोह के अन्य साथियों के साथ दिल्ली में मारपीट, अपहरण, जबरन वसूली, डकैती, चोट, आपराधिक धमकी आदि के कई मामलों में शामिल है।

## नॉर्थ ईस्ट महोत्सव में श्रुति ने दर्शकों का दिल जीता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में तीन दिवसीय 11वें नार्थ ईस्ट महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को हजारों की संख्या में दर्शकों का सैलाब उमड़ा। वहीं शाम को गायिका और अभिनेत्री श्रुति हासन ने अपनी बैंड के साथ दर्शकों का दिल जीत लिया।

महोत्सव में संगीत, फैशन, हथकरघा, हस्तशिल्प के साथ विशिष्ट भोजन ने खासा आर्कषित किया। महोत्सव के दूसरे दिन की शाम एक शानदार फैशन लाइनअप के साथ शुरू हुई, जिसमें ईस्टर्न लाइट ज़िमिक, गर्विता शर्मा, पल्लवी के सिल्क वंडर और आईडब्ल्यूए के डिजाइन प्रदर्शित किए गए। संगीत समारोह में डीजे करण बी, नागालैंड कलेक्टिव, जेईएलओ, साई तारा, यूएनबी और सिक्किम के भारतीय नेपाली रॉक बैंड, गिरीश और द क्रॉनिकल्स के प्रदर्शन के साथ विविध संगीत शामिल था।

रात का समापन बॉलीवुड अभिनेत्री-गायिका श्रुति हसन और उनके बैंड के दमदार और बहुमुखी प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकनु महंत ने बड़ी संख्या में दर्शकों जबरदस्त प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त किया।

## दुकानों की सीलिंग : एमसीडी सदन के विशेष सत्र में हंगामा

● भाजपा पार्षदों ने किया प्रदर्शन, महापौर ने भविष्य में ऐसा होने पर दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी



प्रेस वार्ता में एमसीडी महापौर शैली व उप महापौर आले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सदन के शनिवार को आयोजित विशेष सत्र के दौरान हंगामा देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षदों ने दुकानों की सीलिंग से जुड़े मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया। वहीं, महापौर शैली ओबराय ने भविष्य में सदन में हंगामा होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकार क्षेत्र में आने वाली संपत्तियों की सीलिंग हटाने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाया गया विशेष सत्र विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन के कारण बाधित हुआ।

एमसीडी सदन की कार्यवाही हंगामे के कारण स्थगित होने के बाद महापौर ओबरॉय ने कहा कि भविष्य में, इस तरह का व्यवहार करने वाले पार्षदों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। ओबरॉय ने यहां आम आदमी पार्टी (आप) मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब से उनकी पार्टी एमसीडी की सत्ता में आई है तब से भाजपा पार्षदों ने सदन को सुचारू रूप से चलने नहीं दिया है। महापौर ने भाजपा सदस्यों से सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण तरीके से चलने देने की अपील की। उन्होंने सभी पार्षदों से सदन की गरिमा बनाए रखने और इसकी पवित्रता का उल्लंघन न करने का भी आग्रह किया। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में, कार्यवाही के दौरान इस तरह के व्यवहार का सहारा लेने वाले पार्षदों को कड़ी कार्वाई का सामना करना पड़ सकता है। महापौर ने आरोप लगाया कि कुछ भाजपा सदस्य निजी माइक्रोफोन लाए थे।

सदन के नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह और कई अन्य भाजपा पार्षदों ने तख्तियों के साथ प्रदर्शन किया और आम आदमी पार्टी (आप) और उसके नेतृत्व वाले नगर निकाय के खिलाफ नारे लगाए। विरोध के दौरान कई सदस्य अध्यक्ष के आसन के सामने आ गए।

भाजपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि एमसीडी ने सीलिंग हटाने के मुद्दे पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाया था जबकि नगर निकाय ने शुक्रवार को दक्षिण दिल्ली की अमर कॉलोनी में तीन दुकानों को सील कर दिया। अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को तीन दुकानों को सील लाइसेंस नहीं होने की वजह से गई थी और दोनों मुद्दों को मिलाया नहीं जाना चाहिए।

### आप कर रही झूठा प्रचार: इकबाल सिंह

भाजपा के इकबाल सिंह ने बाद में सिविक सेंटर में इस मुद्दे पर मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि दुकानों पर से सील हटाने का इरादा नहीं है अन्यथा न्यायिक समिति की रिपोर्ट के अनुसार दुकानों पर लगे सील तुरंत हटा दिए जाने चाहिए थे। सिंह ने आप पर झूठे प्रचार और छल करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 24 घंटे के भीतर सील हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो भाजपा सड़क से लेकर विधानसभा तक विरोध प्रदर्शन करेगी।

# जेलों में समुचित चिकित्सा बुनियादी ढांचा बनाएं: हाईकोर्ट

## कहा- जेल में कैदियों की समय पर स्वास्थ्य देखभाल अधिकार का उल्लंघन की अनुमति नहीं दे सकती अदालत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि यहां की जेलों में उचित चिकित्सा बुनियादी ढांचा बनाए रखा जाए। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालतें जेल में समुचित स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के अभाव में किसी कैदी के समय पर चिकित्सा देखभाल अधिकार का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दे सकती हैं।

इसने कहा कि दिल्ली सरकार यहां जेल परिसरों के प्रबंधन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। अदालत ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जेल में बंद कैदियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताएं पूरी की जाएं। अदालत ने दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के सचिव को एक समिति गठित करने का भी निर्देश दिया, जिसमें उनके अलावा महानिदेशक (जेल), दिल्ली जेल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) होंगे। इसके साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (केंद्रीय जिला) द्वारा नामित जिला अदालतों के दो वरिष्ठ न्यायाधीश, दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएसएलएसए) के सचिव और दो अधिवक्ता भी इस समिति में होंगे।

उच्च न्यायालय ने कहा कि समिति जेलों में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और सभी कैदियों के लिए समान स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के तरीकों के बारे में एक महीने के भीतर उसे सुझाव देगी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने कहा, समिति अदालत को विशेष रूप से यह भी बताएगी कि क्या हृदयाघात, रक्तस्राव जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए जेल अस्पताल में सुविधाएं उपलब्ध हैं, क्योंकि ऐसी स्थिति में शुरुआती कुछ मिनट किसी व्यक्ति की जान बचाने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। अदालत ने दिल्ली के व्यवसाई अमनदीप सिंह ढल द्वारा दायर दो अर्जियों पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। ढल को दिल्ली आबकारी नीति में कथित नियमितताओं के संबंध में दर्ज अलग-अलग मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। ढल ने अर्जियों में चिकित्सा आधार पर 12 सप्ताह की अंतरिम जमानत का अनुरोध किया।

आरोपी ने कहा है कि जेल अस्पताल का मेडिकल स्टाफ उसकी सर्जरी के बाद इलाज करने वाले डॉक्टर के नुस्खे के मुताबिक फिजियोथेरेपी सत्र और सी3-सी4 जोड़ों के लिए एपिड्यूरल स्टेरॉयड इंजेक्शन उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं है। अदालत ने निर्देश दिया कि ढल को दो सप्ताह के लिए सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया जाए।

# चौथी मंजिल के निर्माण की जल्द से जल्द अनुमति दे सरकार : अमित

## चौथी मंजिल के निर्माण नहीं होने से लोग हो रहे हैं परेशान

### लोहा व्यापारियों का व्यापार भी हो रहा प्रभावित

पायनियर समाचा सेवा। गुरुग्राम

**शनिवार** को हरियाणा लोह व्यापार संघ की एक अहम बैठक में हरियाणा सरकार से मांग की गई है कि चौथी मंजिल के निर्माण की मंजूरी देकर निर्माण क्षेत्र के व्यापारियों को राहत देने का काम करे। यह निर्माण बंद होने के कारण सभी कार्य, व्यापार में मंदी आ गई है।



गुरुग्राम में हरियाणा लोह व्यापार संघ की बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष अमित गुप्ता।

हरियाणा लोह व्यापार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमित गुप्ता कासनिया ने कहा कि किसी भी राज्य की उन्नति एवं प्रगति में वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर की अहम भूमिका होती है। हरियाणा में फरवरी 2023 से चौथी मंजिला के निर्माण पर रोक है। इस कारण से निर्माण उद्योग से जुड़े हर वर्ग के व्यापारियों को परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है। उनका व्यापार थम सा गया है। लोहा निर्माण कार्यों की मुख्य जरूरत है। चौथी मंजिल के निर्माण की रोक के कारण लोहा व्यापारियों के लिए व्यवसायिक खर्चों की पूर्ति करना चुनौती बन गया है।

लोहा व्यापारियों ने कहा कि यह हम अपने पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और विशेष शहर गाजियाबाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को देखें तो वहां पहले इंफ्रास्ट्रक्चर सडक़, सीवर आदि पर कार्य किया जाता है। उसके बाद निर्माण का काम शुरू होता है। हरियाणा के इंफ्रास्ट्रक्चर को भी जल्द से जल्दा अच्छा किया जाए, जिसकी कमी की वजह से चौथे फ्लोर पर रोक लगी है। इस रोक से ना केवल निर्माण क्षेत्र के व्यापारियों को परेशानी हो रही है, बल्कि हरियाणा सरकार के राजस्व में भी कमी हो रही है।

गुरुग्राम जैसे शहर को मिलेनियम सिटी का दर्जा मिला हुआ है, यहां रहना हर किसी का सपना है। इस रोक की वजह से बहुत लोग प्रभावित हो रहे हैं। संघ की सरकार से मांग है कि गुरुग्राम में जिस हिसाब से जमीनों के रेट बढ़ रहे हैं, हर व्यक्ति चार मंजिल का निर्माण करना चाहता है। इसलिए सरकार चौथी मंजिल के निर्माण पर रोक के निर्णय को जल्द से जल्द वापस लेकर लोगों को राहत देने का काम करे।

इस अवसर पर हरियाणा लोहा व्यापार संघ के जिला अध्यक्ष सुमित अरोड़ा, महासचिव निकुंज डागा, कोषाध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, वरिष्ठ उपप्रधान सुरेंद्र गुप्ता, उपप्रधान अतुल गर्ग, उपप्रधान विश्वजीत सिंह जाखड़, सह-सचिव नवाब सिंह तोमर, आयोजक सचिव दीपक वासन, आयोजक सचिव गगन मलिक, सह-कोषाध्यक्ष अरुण गुप्ता, सह-कोषाध्यक्ष ललित गुप्ता समेत अनेक व्यापारी मौजूद रहे।


भाजपा जिला अध्यक्ष से मुलाकात करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# भाजपा जिला अध्यक्ष से मिलने पहुंचे बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम बार एसोसिएशन के चुनाव में जीतने वाले नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भाजपा कार्यालय गुरुकमल में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया।

जिला अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने में लीगल सेल की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि एसोसिएशन का मान बढ़े, अधिवक्ताओं का सम्मान बढ़े, इसके लिए सभी मिलजुलकर काम करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ता देश की दशा व दिशा को आम जन तक सही रूप में पहुंचाने का काम करता है। वकीलों के हर शब्द पर आम जनता विश्वास करती है। इसलिए पदाधिकारियों का दायत्वि बनता है कि वे गरीब लोगों की सेवा करें और उन्हें न्याय दिलाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि आम जनता वकीलों के पास आती है, ऐसे में सभी अधिवक्ता लोगों को सरल भाषा में कानून जानकारी दें। इस मौके पर पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल के मेंबर प्रवेश यादव, गुरुग्राम बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमरजीत यादव, वाइस प्रेजीडेंट देवेंद्र यादव, सचिव सत्यनारायण, ज्वाइंट सक्रेटरी दीपिका खन्ना, राजीव गंडास, विपिन यादव, मोहित गंडास, नितिन खन्ना के अलावा भाजपा के जिला महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव कार्टरपुरी, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव भी उपस्थित रहे।

## एक्शन में एमसीजी कमिश्नर...

# इको ग्रीन के वेंडर वेस्ट कलेक्शन सही ढंग से नहीं कर रहे तो हटाएं

### नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने सभी संयुक्त आयुक्तों को दिए स्पष्ट निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने सभी संयुक्त आयुक्तों से उनके क्षेत्रों में डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन प्रक्रिया को पूरी तरह से दुरूस्त करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लगे इकोग्रीन के वेंडर अगर सही ढंग से कार्य नहीं कर रहे हैं तो उन्हें हटाकर बेहतर कार्य करने की इच्छुक आरडब्ल्यूए को यह कार्य सौंपें। यह निर्देश निगमायुक्त ने बेहतर कचरा प्रबंधन के लिए सभी संयुक्त आयुक्तों के साथ आयोजित बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि संयुक्त आयुक्त अपने-अपने क्षेत्रों में एक सप्ताह के भीतर रैग-पिकर्स तथा अन्य कचरा एकत्रित करने वालों की सूची तैयार करके उन्हें व्यवस्था में शामिल करें और उनके साथ बैठक करके उन्हें पहचान-पत्र जारी करवाएं। रैग-पिकर्स का प्रशिक्षण करवाने तथा उन्हें सेकेंडरी प्वाइंट पर ही कचरा डंपिंग करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त ने कहा कि अधिकारी अपने-अपने जोन में स्थित आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से बातचीत करें। यह जानकारी प्राप्त करें कि उनके क्षेत्र में कचरा एकत्रित करने का कार्य कौन कर रहा है। वह कचरे को कहां पर डाल रहा है। इसके साथ ही इकोग्रीन के जो वेंडर विभिन्न क्षेत्रों में डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने का कार्य कर रहे हैं, उनकी जांच करवाएं। अगर कार्य संतोषजनक नहीं है और अगर वहां की आरडब्ल्यूए कार्य करने की इच्छुक है तो उसे कार्य सौंपें।


गुरुग्राम में नगर निगम अधिकारियों की बैठक लेते निगमायुक्त पीसी मीणा।

### प्रथम चरण में 5-5 आरडब्ल्यूए को कार्य सौंपने के निर्देश

निगमायुक्त ने प्रथम चरण में जोनवाईज 5-5 आरडब्ल्यूए को कार्य सौंपने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अलावा सफाई कार्य में लगी एजेंसियां भी संतोषजनक कार्य नहीं करती हैं, तो उनका कार्य भी आरडब्ल्यूए को दिया जा सकता है। निगमायुक्त ने सफाई व डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का कार्य सफाई कर्मचारियों के स्वयं सहायता समूह बनाकर उनके समूह को सौंपने का सुझाव भी दिया। बैठक में निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सैकेंडरी कचरा प्वाईंट अगले 20 दिन में कवर किए जाएं, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। जितने भी कचरा संवेदनशील स्थान हैं, वहां की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए। इस मौके पर अतिरिक्त निगमायुक्त अमरदीप सिंह, संयुक्त आयुक्त अखिलेश यादव, डा. नरेश कुमार, विजय यादव, सुमित कुमार व संजीव सिंगला उपस्थित थे।


अपने कार्यालय पर बार एसोसिएशन गुरुग्राम के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वगात करते सरपंच सुंदर लाल यादव।

# सरपंच ने किया बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सम्मान

### सेक्टर-82 में सरपंच सुंदर लाल के कार्यालय पर हुआ कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** की सबसे बड़ी गुरुग्राम बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमरजीत यादव, सचिव एसएन राव, उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, संयुक्त सचिव दीपिका खन्ना व अन्य का वाटिका सेक्टर-82 में सरपंच सुन्दर लाल यादव के कार्यालय पर सम्मान समारोह एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।

प्रवेश यादव मेंबर बार काउंसिल चंडीगढ़, टीसी यादव सीनियर एडवोकेट मोतीलाल शर्मा, वरिष्ठ एडवोकेट भगत सिंह एडवोकेट, राजीव गंडास एडवोकेट, सौरभ सचदेवा एडवोकेट, मोहित गंडास एडवोकेट सहित पूरी टीम को पगड़ी पहनाई और पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। सुन्दर लाल सरपंच सिकन्दरपुर बढ़ा, लक्ष्मण यादव सरपंच नखडोला, विजयपाल यादव, सरपंच नाहरपुर, हरजस यादव, सरपंच रामपुरा, वीरेन्द्र यादव, जिला पार्षद दयाराम, चेयरमैन धर्मबीर यादव प्रधान मैपस्को कासा बेला, अशोक कुमार प्रधान बेस्टेक ग्रैंड स्पा, सुनील कुमार प्रधान पाम गार्डन, अनिल कुमार प्रधान मानसून ब्रिज, संजय यादव एमडी फिलबी रियल इस्टेट, पंकज यादव रामपुरा, दीपक यादव, नरेश यादव, भूषण यादव, मल्होत्रा ग्रेंड स्पा सोसायटी के साथ अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सरंपच सुंदर लाल यादव ने कहा कि गुरुग्राम जिला बार हरियाणा की सबसे बड़ी बार है। अधिवक्ता होना अपने आप में अहम बात है। एक पेशा बहुत ही जिम्मेदारी भरा है।

# लायंस स्कूल के नन्हे बच्चों ने परी कथा सिंड्रेला से दिखाई प्रतिभा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**लायंस** पब्लिक स्कूल सेक्टर-10ए में परी कथा सिंड्रेला के माध्यम से प्री-प्राइमरी विंग के छात्रों की असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत नर्सरी के बच्चों द्वारा गाए गए स्वागत गीत से हुई। स्कूल प्रिंसिपल दीपिंदर कौर ने अभिभावकों का स्वागत किया। उत्साही अभिभावकों की भीड़ को देखकर अपनी खुशी सांझा की।

उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने और उनके हर प्रयास की सराहना करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में छात्रों की शानदार पोशाकें, अद्भुत मंच सज्जा और छात्रों का अविस्मरणीय प्रदर्शन शामिल था, जो वास्तव में दर्शकों को एक जादुई दुनिया में ले गए। सिंड्रेला का जादू उन सभी पर गूंजेगा, जिन्होंने इस शानदार प्रदर्शन



लायंस पब्लिक स्कूल सेक्टर-10ए में कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे बच्चे।

में भाग लेने का आनंद उठाया था। यह लायंस पब्लिक स्कूल के छात्रों और उनके अनुभवी शिक्षकों और कर्मचारियों की प्रतिभा, जुनून और समर्पण का प्रमाण है। कार्यक्रम का समापन स्कूल प्रबंधक राजीव कुमार के आशीर्वाद से हुआ।

# स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के विजेता को हार्दिक बधाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डॉ. पंकज अग्रवाल के मार्गदर्शन में हमारे छात्र ओम मिश्रा, तरूण राघव, भारत भूषण, श्री लक्ष्मण सिंह, सुश्री महक, यश वर्धन (बी.टेक सीएसई द्वितीय वर्ष) को विजेता घोषित किया गया। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 19-20 दिसंबर 2023 को मणिपाल विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित किया गया।



जयपुर में कुल 29 टीमों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि के रूप में 100000 रुपये का चेक दिया गया। समस्या कथन है ''सरकारी संगठन के लिए ऑनलाइन ब्लॉकचेन आधारित प्रमाणपत्र निर्माण और सत्यापन प्रणाली।'' प्रमाणपत्र जारी करने और सत्यापन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए छात्रों ने एक क्रांतिकारी ब्लॉकचेन-आधारित प्रणाली ''सर्टसिक्योर'' डिजाइन और विकसित की। उनका प्राथमिक लक्ष्य पारंपरिक प्रमाणपत्र प्रणालियों से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करना है, जैसे धोखाधड़ी का जोखिम, सत्यापन में अक्षमताएं और एक केंद्रीकृत प्राधिकरण की आवश्यकता। उनका समाधान दस्तावेज़ सत्यापन कतारों में गुजरात सरकार के सामने आने वाली चुनौतियों को हल करने पर केंद्रित है, परियोजना के लिए हमारा जुनून स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 में हमारी सफलता के पीछे प्रेरक शक्ति बन गया। प्रतियोगिता लगातार 36 घंटों तक चली, जिसके दौरान छात्रों को मणिपाल विश्वविद्यालय में कठोर मूल्यांकन प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा। परिणाम, पुरस्कार राशि के रूप में 100,000 रुपये का चेक, छात्रों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ओम मिश्रा, तरूण राघव, भारत भूषण, लक्ष्मण सिंह, सुश्री महक और यश वर्धन की उपलब्धि न केवल एक व्यक्तिगत जीत है बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा है। उनकी सफलता ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के महत्व को रेखांकित करती है, जहां कौशल को निखारा जाता है, आत्मविश्वास बढ़ाया जाता है और सफल करियर की नींव रखी जाती है।

### युवती का अश्लील वीडियो बनाकर किया वायरल

**तावडू।** नगर की एक युवती को एक शातिर युवक द्वारा प्रेम जाल में फंसाकर अश्लील वीडियो बनाते हुए वायरल करने का मामला सामने आया है।पीडित परिजनों ने आरोपी पक्ष से अश्लील वीडियो को मोबाइल से डिलीट कराने की गुहार लगाई तो मारपीट की गई। पीड़ितों ने शहर थाना पुलिस को तीन आरोपियों के विरुद्ध शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता युवती की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तावडू नगर में रहने वाले नरेंद्र ने पहले उनकी 18 वर्षीय पुत्री को प्रेम जाल में फसाया। एक दिन भिवाड़ी निजी होटल में ले जाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया। इस दौरान एक अश्लील वीडियो भी अपने मोबाइल से बना ली। इसके बाद आरोपी लगातार युवती को ब्लैकमेल कर प्रताड़ित कर रहा है। घटना के बारे में युवती के परिजनों पता लगा तो उन्होंने बीते 22 दिसंबर शाम को आरोपी युवक और परिजनों से मोबाइल में बनाई गई अश्लील वीडियो को डिलीट करने की गुहार की।

# लोकतांत्रिक राजनीति में जातिवाद का प्रसार भारतीय राष्ट्रीयता के खिलाफ साजिश: डॉ. कोहली

## सुशांत विवि में राष्ट्रवाद और आंतरिक सुरक्षा विषय पर हुआ सेमिनार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**लेफ्टिनेंट** जनरल (रिटायर्ड) डॉ. नितिन कोहली ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीयता सांस्कृतिक बोध से संप्राणित है और वह यूरोपीय व अन्य बाहरी राष्ट्रीयता या नेशन स्टेट की परिभाषा से बिल्कुल अलग है।

हमारा भारत राष्ट्र चरैवेति-चरैवेति के सिद्धांत से अनुप्राणित है, जहां ठहराव का भाव नहीं है। चलते जाना है। चलते रहना है। नित उद्यमशीलता में रत रहना है। यह बात उन्होंने सुशांत यूनिवर्सिटी में सीमा जागरण मंच की ओर से राष्ट्रवाद और आंतरिक सुरक्षा विषय पर आयोजित सेमिनार में कही। सेमिनार का उद्घाटन कुलपति डॉ. राकेश रंजन ने किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संजीव शर्मा ने संबोधित किया। रक्षा व सामरिक क्षेत्र के विशेषज्ञ व सीमा जागरण मंच के दिल्ली के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नितिन कोहली ने अपने वक्तव्य से भारत की आंतरिक व बाह्य सुरक्षा, वर्तमान विश्व में घटित राजनीतिक व सामरिक घटनाओं पर विस्तार से चर्चा की।


गुरुग्राम में सुशांत यूनिवर्सिटी में सीमा जागरण मंच की ओर से राष्ट्रवाद और आंतरिक सुरक्षा विषय पर आयोजित सेमीनार का शुभारंभ करने के दौरान अतिथि।

डॉ. नितिन कोहली आगे कहा कि सामूहिकता का भाव हमारे कण-कण में है और ऐसे में वर्तमान राजनीति में जातिवादी जहर को निरूपित करने की मंशा भारतीय राष्ट्रीयता के खिलाफ साजिश का है। एक नागरिक के तौर पर हमें इस प्रकार की किसी भी घृणित राजनीति से बचना और उसका प्रतिकार करना है। उन्होंने कहा कि दुनिया एक बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। एकीकृत वैश्विक अर्थव्यवस्था से साझी संस्कृति का विस्तार हो रहा है जो सामुहिकता व ज्यादा से ज्यादा एक-दूसरे को समझने-स्वीकार करने की सोच को दर्शा रहा है। भारत जैसे देश की राष्ट्रीयता में संस्कृति का भाव एक कड़ी है, जो सबको जोड़ कर रखती है। इस भावना का विस्तार जितना अधिक होगा एक राष्ट्र के रूप में हमें आतंरिक व वाह्य तौर पर उतनी ही अधिक सुरक्षा मिलेगी।

इस मौके पर डॉ. नितिन कोहली ने बड़ी संख्या में उपस्थित विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व राम आईएएस कोचिंग संस्थान के छात्रों के प्रश्नों के उत्तर भी दिये। सेमिनार में सीमा जागरण मंच के संपर्क प्रमुख एवं राम आईएएस के निदेशक रामचंद्र सिंह, प्रो. ऊषा सैनी, अनुपमा गौतम, ज्योति साहू, योगिता कटारिया, कर्नल प्रदीप भल्ला, प्रदीप गोला, भव्या बंसल एवं लॉ विभाग के डीन डॉ. अमित सिंह उपस्थित थे।

# भारत को कैंसर से मिलेगी आजादी 2024 में ये 10 रणनीति आएंगी काम जानें क्या कहते हैं : डॉक्टर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

Cancer Care in India: कैंसर भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक व्यापक खतरा बना हुआ है 2021 में इसके केस 26.7 मिलियन से बढ़कर 2025 तक 29.8 मिलियन होने का अनुमान है कैंसर के उपचार में सबसे बड़ी समस्या तकनीकी प्रगति के बावजूद देरी से पता लगाने इसके साथ ही अपर्याप्त बुनियादी ढांचा है इन विषय पर काम करने यानी और भारत से कैंसर को कम करने की भारत सरकार और निजी क्षेत्र को एक साथ शामिल होकर व्यापक दृष्टिकोण में काम करने की जरूरत हैं।

इन विषय सवालों पर डॉक्टर कुमारदीप दत्ता चौधरी, ने अपनी राय दी है डॉक्टर कुमारदीप नई दिल्ली के पश्चिम विहार में मौजूद 'एक्शन कैंसर अस्पताल' में अपनी सेवा दे रहे हैं वह इस हॉस्पिटल में चिकित्सा ऑन्कोलॉजी विभाग के यूनिट प्रमुख और सीनियर कंसल्टेंट हैं।

**कैंसर पर रिसर्च और प्रयोग के लिए धन :** कैंसर के खिलाफ भारत की लड़ाई को मजबूत करने के लिए अनुसंधान यानी रिसर्च के बुनियादी ढांचे और दवा विकास के लिए धन बढ़ाने की जरूरत है इसके लिए निजी दवा कंपनियों के साथ सहयोग के साथ नवीन उपचारों के विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है।

**कैंसर को लेकर जागरुकता और शिक्षा:** समय पर कैंसर का पता लगाने स्वस्थ जीवन शैली विकल्पों के महत्व और नियमित जांच के बारे में जनता को शिक्षित करना जरूरी है राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान इस समस्या से लड़ाई के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**स्क्रीनिंग में सुधार करें:** दूरदराज के इलाकों में कैंसर जांच की पहुंच बनाना महत्वपूर्ण है. स्क्रीनिंग के लिए केंद्र खोले जाने और तकनीकी में निवेश के साथ हर इलाके में उनकी व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है।

**प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल:** एक मजबूत प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली निवारक और शीघ्र हस्तक्षेप देखभाल के लिए महत्वपूर्ण है बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल हो सकती है इससे कैंसर की रोकथाम और प्रबंधन सशक्त होगा।

**नशीले पदार्थों पर रोकथाम:** स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने वाली पहलों को लागू करने के लिए सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग आवश्यक है नशीले पदार्थों के सेवन पर रोक लगाने शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करने और संतुलित आहार को बढ़ावा देने से जीवनशैली से संबंधित कैंसर के मामलों में काफी कमी आ सकती है।

**दवाओं को अप्रूव करने की प्रोसेस:** नई कैंसर दवाओं को मंजूरी देने के लिए नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना अत्यावश्यक है।

# मानेसर में टैक्सी ड्राइवर की गोली मारकर हत्या

### पुलिस कार के नंबर से ड्राइवर की पहचान में जुटी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

शनिवार की सुबह मानेर में अज्ञात हमलावरों ने एक टैक्सी चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि चालक की लाश कार की ड्राइविंग सीट पर है। उसकी कनपटी पर गोली मारी गई थी। पुलिस ने कार और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस कार के नंबर से कार चालक की पहचान करने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार शनिवार मानेसर में शनिवार की सुबह मानेसर में अरावली ढाबे के पास एक टैक्सी ड्राइवर की हत्या कर दी गई। हत्यारे लाश को कार में छोडक़र फरार हो गए। ड्राइवर की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने चालक की लाश ड्राइविंग सीट से बरामद की। ड्राइवर की कनपटी में गाली मारी गई थी।



इसी कार में मिली ड्राइवर की लाश।

पुलिस ने लाश का पंचनामा करके लाश को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस कार के नंबर से ड्राइवर की पहचान करने की कोशिश में लगी है। घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। ड्राइवर की हत्या रंजिशन या लूटपाट के इरादे से कमी गई, इस बारे में पड़ताल की जा रही है।

# एमवे इंडिया ने प्रीमियम स्किनकेयर रेंज को मजबूत करते हुए आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन विटामिन सी+एचए3 डेली सीरम को लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

**हिसार** लगातार विकसित हो रहे उपभोक्ताओं की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक स्पष्ट रूप से स्वस्थ सुंदरता प्रदान करने के अपने प्रयास में अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट-सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने हाल ही में आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन विटामिन सी+एचए3 डेली सीरम को लॉन्च करके अपनी आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन रेंज को और मजबूत किया है। यह डेली 'हीरो सीरम' उज्ज्वल, दीप्तिमान त्वचा और स्पष्ट रूप से स्वस्थ, युवा चमक के लिए बेहतर हाइड्रेशन प्रदान करता है। सभी प्रकार की त्वचा के लिए सार्वभौमिक रूप से सुरक्षित आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन विटामिन सी+एचए3 डेली सीरम सहजता से आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन रेंज का पूरक है, जिसमें आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन एंटी-एजिंग और बैलेंसिंग एवं हाइड्रेटिंग रेंज शामिल हैं। नए लॉन्च के बारे में बात करते हुए एमवे इंडिया के सीएमओ अजय खन्ना ने कहा, ''एमवे इंडिया में हम अपने उपभोक्ताओं की गतिशील जरूरतों से प्रेरित होकर निरंतर विकास की स्थिति में हैं। हम त्वचा की देखभाल के लिए आवश्यकता-आधारित सिफारिशें प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हमारे उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं के साथ सहजता से मेल खाती हैं, जिससे उन्हें अपनी त्वचा की देखभाल संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है। त्वचा विज्ञान में हमारी व्यापक विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए हमने आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन विटामिन सी+एचए 3 डेली सीरम को विकसित किया है, जो एक हीरो सीरम है, जो प्रकृति और वैज्ञानिक नवप्रवर्तन के मिश्रण का प्रतीक है। आर्टिस्ट्री विटामिन सी +एचए3 डेली एक उच्च प्रदर्शन वाला ब्राइटनिंग सीरम है, जो लकीरों व झुर्रियों को स्पष्ट रूप से कम करने और हाइड्रेशन के साथ त्वचा को निखारने का काम करता है। 2X विटामिन सी, 2.4X एंटीऑक्सिडेंट और ट्राई-एक्शन हयालूरोनिक एसिड से युक्त आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन विटामिन सी+एचए3 डेली सीरम एक एक ऐसी फ्रेश-मिक्स बोतल है, जो आपकी त्वचा को हर उपयोग के साथ युवा चमक प्रदान करती है। उपभोक्ताओं के रूझान संबंधी हमारे एक अध्ययन के अनुसार 80 प्रतिशत यूजर्स ने बताया कि इससे एक सप्ताह से भी कम समय में उनकी त्वचा के हाइड्रेशन और टोन में सुधार हुआ है। 4 सप्ताह तक निरंतर उपयोग के परिणामस्वरूप उन्हें स्पष्ट रूप से चमकदार और अधिक दीप्तिमान त्वचा प्राप्त हुई है। हमें विश्वास है कि आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन विटामिन सी+ एचए3 डेली सीरम सबसे अधिक मांग वाला उत्पाद साबित होगा।



# हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की ओर से हथीन में बनेंगे दो नए मार्ग

## विधायक प्रवीण डागर ने किया लगभग दो करोड़ 25 लाख के विकास कार्यों का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**हथीन** के विधायक प्रवीण डागर ने गांव मंडकोला व चिल्ली में हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की ओर से लगभग दो करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले दो नई सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव मिंडकोला से हसनपुर तक करीब 2.5 किलोमीटर लंबी सड़क पर एक करोड 22 लाख तथा गांव चिल्ली से धीरनकी तक लगभग दो किलोमीटर लंबी सड़क पर एक करोड़ तीन लाख की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के हथीन क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हथीन में अब तक 28 नई सड़कों का निर्माण कराया गया है। गांव से गांव तथा उन रास्तों को जंगल के रास्तों से जोड़ा जा रहा है, जिससे क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल लाने ले जाने में लाभ मिलेगा।

गांव चिल्ली में सरपंच जकारिया ने गांव की कुछ मांगों को विधायक प्रवीण डागर के समक्ष रखा। विधायक प्रवीण डागर ने इन सभी मांगों को जल्द ही पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। गांव चिल्ली में जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन हाजी ईसाक पचानका व लखनाका के पूर्व सरपंच जाकिर ने हथीन क्षेत्र के मेव बाहुल्य गांवों में सिंचाई के पानी की व्यवस्था के लिए लडमाकी माइनर के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मेव बाहुल्य गांवों के प्रतिनिधि मंडल को मिलाने का आग्रह विधायक प्रवीण डागर के समक्ष रखा।

जिस पर विधायक हथीन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से समय निश्चित कर प्रतिनिधि मंडल को मिलाने का आश्वासन दिया और सिंचाई के पानी की व्यवस्था कराने के लिए भी आश्वस्त किया। विधायक हथीन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि हथीन विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए गए हैं और इसे आगे बढ़ाया जा रहा है।

इस अवसर पर गांव चिल्ली में हाजी ईसाक पचानका, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि इकबाल, पूर्व सरपंच लखनाका जाकिर, सरपंच ताहिर, वसीम उटावड़, दीनू धीरनकी, चिल्ली के सरपंच जकारिया, धीरनकी सरपंच अख्तर, धीरनकी पूर्व सरपंच मूसा, कुकरचाटी पूर्व सरपंच मोहम्मद इरफान, गांव मिंडकोला पूर्व सरपंच देवी, सरपंच सविता, हसनपुर सरपंच राजू शर्मा, नरेंद्र डागर, मेंबर धर्म, मेंबर छिद्दा, हरकिशन, जग्गी, जीवनलाल, नरेश डागर, हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता रोहतास सहित गांवों के मौजिज व्यक्ति मौजूद रहे।

# सेंट कोलंबस स्कूल में मनाया क्रिसमस का जश्न



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेंट** कोलंबस स्कूल दयाल बाग फरीदाबाद में क्रिसमस पर्व एवं नव वर्ष के स्वागत के लिए क्रिसमस का जशन मनाया गया। विद्यालय का प्रांगण सांता क्लॉज, क्रिसमस ट्री तथा रेंडियर से सुसज्जित था। लाल परिधान पहने बच्चे क्रिसमस एवं नववर्ष का स्वागत करते नजर आ रहे थे। क्रिसमस जशन की शुरुआत में मुख्य अतिथि फादर बिशप पवन सैनी चर्च ऑफ इंडिया फरीदाबाद को अध्यक्ष ऋषि चौधरी ने पौधा प्रदान कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए ईशा मसीह की प्राथना की गई। मुख्य अतिथि फादर बिशप पवन सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए क्रिसमस के मनाने के महत्व को समझाया तथा ईशा मसीह के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। ईशा मसीह के बारे में जानकारी विद्यार्थियों के लिए अति लाभदायक थी। कैरल ग्रुप द्वारा क्रिसमस कैरल गीत की प्रस्तुति का सभी ने आंनद उठाया। विद्यार्थी अति उत्साहित नजर आ रहे थे। जिंगल बेल गीत पर सभी बच्चे झूम उठे। प्राथमिक शिक्षाओं द्वारा डांस की प्रस्तुति ने सबका मनमोह लिया। अध्यक्ष ने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय का प्रांगण में सांता क्लॉज का आगमन रहा।

सांता को देखते ही बच्चों के चेहरे खिल गए। विद्यालय के प्रांगण में अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा था। कार्टून करेक्टर डोरेमोन तथा मिक्की माउस ने बच्चों को खूब मनोरंजन किया। परीक्षाओं के तनावपूर्ण माहौल में बच्चों का मनोरंजन क्रिसमस एवं नववर्ष के उपहार स्वरूप था। सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का काफी लुत्फ उठाया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान से किया गया।

# श्रीकृष्ण के गीता में कहे हर शब्द का हमें करना चाहिए अनुसरण : जगदीश नायर

## गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन सेमिनार का हुआ आयोजन, जगदीश नायर रहे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। पलवल।

**जिला** स्तर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में मनाई जा रही दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत हवन यज्ञ में आहुति देकर की गई। समारोह के द्वितीय दिवस में सेमीनार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रख्यात ज्ञानियों ने श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित व्याख्यान देकर गीता के ज्ञान से उपस्थिति को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन एवं होडल के विधायक जगदीश नायर मुख्य अतिथि रहे। विधायक ने सेमिनार का शुभारंभ रिबन काटकर व श्रीमद्भगवद्गीता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पूजा अर्चना करके किया। इस मौके पर उन्होंने समारोह में सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से गीता पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी का भी रिबन काटकर उद्घाटन करके अवलोकन भी किया और प्रदर्शनी में अंकित श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों को भी पढ़ा। विधायक ने गीता जयंती महोत्सव में विभिन्न विभागों, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा लगाई गई स्टालों पर जाकर अवलोकन किया और संबंधित स्टाल पर मौजूद कर्मियों एवं धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी हासिल की।

जगदीश नायर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने धार्मिक कार्यक्रमों में रूचि लेकर श्रीकृष्ण से जुड़कर पुनीत कार्य किया है। आज उसके परिणामस्वरूप गीता महोत्सव प्रदेश के प्रत्येक जिला ही नहीं अपितु विश्व के कई देशों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की आन-बान-शान-सम्मान श्रीमद्भगवद्गीता का गौरव बढ़ाने का कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के गृहमंत्री अमित शाह स्वयं अपने मुख्य से गीता के ज्ञान की महिमा का गुणगान कर रहे हैं। गीता ज्ञान का अथाह भंडार है। उन्होंने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण द्वारा गीता के अंदर कहे गए हर एक शब्द का हम सबको अनुसरण करना चाहिए। गीता के ज्ञान को अपने जीवन में धारण करके ही हम आत्मसात हो सकते हैं। फल की इच्छा के बिना सद्कर्म करते रहें। उन्होंने समारोह में स्टाल लगाने वाले सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की प्रस्तुति को सराहा।




### समारोह में स्कूली बच्चों ने किया वैश्विक गीता श्लोकोच्चारण

**इससे** पूर्व सुबह 11 बजे विद्यार्थियों द्वारा जियो गीता के वैश्विक आह्वान पर तीन श्लोकोच्चारण एक मिनट-एक साथ-गीता पाठ तथा ठीक 12 बजे वैश्विक गीता श्लोकोच्चारण किए गए। समारोह में छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुतियां दी गई। सूचना जनंसपर्क एवं भाषा विभाग की राजाराम भजन मंडली ने महाभारत काल पर आधारित गीत के बोल-श्रीकृष्ण जी कुरूक्षेत्र के दरम्यान, सारथी अर्जुन के बनगे की शानदार प्रस्तुति देकर समोराह को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा, जिला परिषद पलवल के डिप्टी सीईओ प्रदीप कुमार, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह तंवर, बीजेपी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रश्मि सहरावत, बीरपाल दीक्षित, खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, खंड शिक्षा अधिकारी दयानंद रावत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि व विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 1.10 करोड़ की ठगी में महिला सहित दो विदेशी गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**सोशल** मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर ठगी करने वाली महिला सहित दो विदेशी आरोपियों को साइबर क्राइम थाना पुलिस ने काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों से दर्जनों मोबाइल फोन, लैपटॉप, सिम व नकदी बरामद की है। बरामद सामान का डाटा खंगालने पर चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोपियों द्वारा पूरे देश में 1.10 करोड़ रुपये की ठगी की गई है। इस बारे में देश के विभिन्न राज्यों में 148 शिकायतें की गई हैं। आरोपी एयरपोर्ट पर फंसने का झांसा देकर ठगी करते थे। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विश्व गौरव के अनुसार, ककराली गांव निवासी अजीत कुंडू ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मई माह में उसकी दोस्ती एक विदेशी से हुई। वह नौकरी के लिए विदेश से आ रहा था। उसका फोन आया कि उसे एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने पकड़ लिया है, उसे कुछ रुपयों की जरूरत है। इसके बाद उसने दोस्त के खाते में 69 हजार रुपये डाल दिए। रुपये

### आरोपियों के खिलाफ देशभर में 148 शिकायतें दर्ज

डालने के बाद से ही उसने फोन उठाना बंद कर दिया और उससे कोई संपर्क नहीं हुआ। धोखाधड़ी का पता चलने पर मामले की शिकायत पुलिस को दी गई।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने साइबर तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल करते हुए एक नाइजीरियन आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चार मोबाइल बरामद किए गए। आरोपी की निशानदेही पर दिल्ली से केन्या की महिला आरोपी को गिरफ्तार किया गया। महिला से भी तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। दोनों अदालत में पेश कर पुरुष को पांच दिन की रिमांड पर तथा महिला को एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया। महिला से ठगी के 10 हजार रुपये व एक अन्य मोबाइल फोन बरामद हुआ।

# जीवा पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया क्रिसमस का त्योहार



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर**-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में शिक्षाप्रद ढंग से क्रिसमस का त्योहार मनाया गया। क्रिसमस के त्योहार का विशेष आकर्षण सेंटा कलॉज का आना और बच्चों को तोहफे देना होता है। विद्यालय में इस बार बड़े अनोखे तरीके से क्रिसमस मनाया गया। सभी बच्चों ने आपस में एक.दूसरे को गिफ्ट्स दिए। सेंटा क्लॉज ने सबको मिलकर त्योहार मनाना सिखाया एवं प्रेम से रहना सिखाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के किंडरगार्टन के सभी नन्हे बच्चों ने क्रिसमस से संबंधित वेशभूषा पहनी। कुछ बच्चे सेंटा क्लॉज के रूप में तैयार होकर आए। कुछ बच्चे रेंडियर, कोई स्नोमैन, कोई फेयरी बनकर आई। बच्चों ने गिफ्ट्स स्वयं तैयार किए, सबको प्रेम का संदेश दिया। अपने मित्रों की पसंद के गिफ्ट्स, केक, चॉकलेट, एकार्ड, कविता इत्यादि तैयार किए व उनको आपस में बांट दिया। कुछ बच्चों ने सुंदर गीत गाए व डांस भी प्रस्तुत किया। छात्रों की प्रस्तुति बहुत सराहनीय थी। यह एक अनोखा कार्यक्रम रहा। विद्यालय बड़ी कक्षा के छात्रों ने भी इसी अवसर पर अद्भुत व शिक्षाप्रद ढंग से कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने लघु नाटिका के माध्यम से त्योहार का वास्तविक अर्थ बताया। सेंटा क्लॉज की कहानी प्रस्तुत की। जीवा पब्लिक स्कूल में सभी त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में एक दूसरे के प्रति प्रेमभाव उत्पन्न करना है।

जीवा पब्लिक स्कूल में प्रत्येक त्योहार प्रार्थना सभा के दौरान इसी प्रकार धूमधाम से मनाया जाता है एवं त्योहार की विशेषता व महत्व से भी अवगत कराया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान व एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव ने भी सभी छात्रों व अध्यापकगण को क्रिसमस पर शुभ संदेश दिया व सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

# मानव सेवा समिति ने स्कूल में बांटे गर्म कपड़े

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**मानव** सेवा समिति पलवल शाखा द्वारा लगातार दूसरा जर्सी वितरण कार्यक्रम गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल औरंगाबाद में किया गया। जिसमें लगभग 70 जरूरतमंद छात्राओं को जर्सी वितरण किया गया। प्रिंसिपल सारिका एवं नीरू शिवम सहित पूरे स्टाफ ने सभी सदस्यों का सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके बहुत सुंदर तरीके से स्वागत किया एवं फूल माला एवं बुके भेंट कर मान सम्मान किया, समिति के सभी सदस्य स्कूल का धन्यवाद किया। इसके साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मीतरोल में हॉस्टल में रह रही छात्राओं के लिए मानव सेवा समिति ने बच्चों को पीने के लिए शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए उपहार स्वरूप एक आरओ भी दिया गया, जहां स्कूल प्रिंसिपल यशपाल गर्ग सहित पूरे स्टाफ ने सभी सदस्यों का अपने हॉस्टल में बन रहे स्वादिष्ट खाने के साथ स्वागत किया, जिसे सभी सदस्यों ने खान बहुत सराहा। इससे पहले संस्था द्वारा सराय स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 150 छात्राओं को जर्सी वितरित कीं।

# पुण्यतिथि पर लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**पलवल।** सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंध समिति के भूतपूर्व अध्यक्ष तथा सरस्वती महिला महाविद्यालय के संस्थापक लखनपाल मंगला की पुण्यतिथि के अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अतुल मंगला एवं पलवल के विधायक दीपक मंगला सहित प्रबंध समिति ने तथा नगर के विभिन्न गणमान्य लोगों ने बाबू लखनपाल मंगला के समाज कल्याण के कार्यों को याद करते हुए उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि दी। महाविद्यालय की प्राचार्या वंदना त्यागी ने कविता के माध्यम से प्रस्तुति दी।

# दबंगों ने मारपीट कर जमीन पर किया कब्जा

## तीन के खिलाफ केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**जिले** के हसनपुर थाना क्षेत्र के अतवा गांव में दबंगों ने अनुसूचित जाति के परिवार की जमीन पर कब्जा कर लिया। पीड़ित महिला ने विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और जातिसूचक शब्दों अपमानित किया गया। पीड़ित महिला की शिकायत पर हसनपुर थाना पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हसनपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, अतवा गांव निवासी रानी ने दी शिकायत में कहा है कि करीब तीन साल पहले उसके पति की मौत हो चुकी है। उसकी दो बेटी हैं। वह अतवा गांव से अपने बच्चों को लेकर फरीदाबाद चली गई थी, जहां वह अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही है।

करीब 60 साल पहले ब्राह्मण परिवारों ने उन्हें गांव अतवा में कुछ जमीन दान में दी थी। जब वह और उसकी ननद रामवती गांव अतवा आए तो देखा कि उनकी जमीन पर दयाचंद, गयालाल व विनोद ट्रैक्टर चला रहे थे। उन्होंने ट्रैक्टर रुकवाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उनके साथ गाली-गलौच की और उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। शिकायत में कहा कि आरोपियों ने उनके ऊपर फावड़े और लाठियों से हमला किया गया। जिससे पीड़िता ने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई। आरोपियों ने कहा कि यदि पुलिस में दी गई शिकायत वापस नहीं ली तो उसे परिवार सहित जान से खत्म कर देंगे।

# हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स ने बांटे प्रवेशिका कोर्स के सर्टिफिकेट



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिंडकोला में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स द्वारा सर्टिफिकेट वितरण किए गए। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल पवन शर्मा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। तीन बच्चे जिनमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय शशिबाला, जोगेंद्र, हरीश को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिला सचिव रिशाल सिंह ने बताया कि 26 दिसंबर से 30 दिसंबर तक ऋषिकेश में मैपिंग शिविर का आयोजन हो रहा है, जिसमें स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन तथा वालंटियर्स भाग ले रहे हैं।

बच्चों के लिए भी शिविर लगाए जायेंगे। इस अवसर पर मानसिंह, नरेंद्र सिंह, मनोज, ऋतु, बीरपाल प्राध्यापक, रेखा, कर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

# मनोहर सरकार में सरपंचों को मिल रहा है पूरा मान-सम्मान : नयनपाल रावत

## सरकार द्वारा लिमिट खोलने पर सरपंचों ने मुख्यमंत्री व विधायक का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।



**हरियाणा** विधानसभा में सरपंचों की लिमिट खोलने के मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाने पर सरपंचों ने सीकरी स्थित देवांश गार्डन में स्वागत समारोह आयोजित कर पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत का सम्मान किया। इस मौके पर सरपंचों ने विधायक श्री रावत का फूल मालाओं एवं पगड़ी बांधकर उनका आदर सत्कार किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक नयनपाल रावत ने सरपंचों द्वारा दिए गए मान सम्मान के लिए उनका आभार जताते हुए सबसे बुजुर्ग सरपंच को पगड़ी बांधकर उनका आशीर्वाद दिया। इस मौके पर विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि गांवों में विकास की धुरी सरपंच होते हैं, क्योंकि सरपंचों को पता होता है कि गांव में क्या-क्या विकास कार्य होने होते है और लोग भी अपनी छोटी-मोटी समस्याओं को लेकर सरपंचों के पास ही आते है। इसलिए सरपंचों का भी विकास करवाने में अह्म किरदार होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मनोहर सरकार सरपंचों को पूरा मान सम्मान दे रही है और उन्हें अपने-अपने गांवों में विकास कार्य करवाने के लिए न केवल समय-समय पर ग्रांट देती है, बल्कि उनकी मांग पर भी गंभीरता से विचार करती है। विधायक नयनपाल रावत ने बताया कि लिमिट की वजह से गांव के अंदर विकास कार्य नहीं हो पा रहे थे, जिसकी वजह से गांवों में समस्याएं बढ़ रही थी और सरपंचों की इस पीड़ा तो उन्होंने समझते हुए विधानसभा सत्रों में इस मांग को पुरजोर तरीके से उठाया था। यही कारण है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लिमिट हटाकर गांव में विकास की एक नई गंगा बहाने का कार्य किया है। उन्होंने सरपंचों को विश्वास दिलाया कि वह गांवों के विकास के लिए प्रयासरत है और उनके कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। कार्यक्रम सरंपचों ने लिमिट हटाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल व विधायक नयनपाल रावत का आभार जताया। पृथला ब्लॉक सरपंच प्रधान संजय कुमार, पलवल ब्लॉक सरपंच प्रधान महेश कुमार, फरीदाबाद ब्लॉक सरपंच प्रधान सूरजपाल, तिगांव सरपंच वेद प्रकाश अधाना, चंदरपाल अध्यक्ष ब्लॉक समिति, रामनिवास तंवर पूर्व जिला पार्षद सहित पलवल, फरीदाबाद के सरपंच, ब्लाक समिति मेंबर, अध्यक्ष व पार्षदगण मौजूद थे।

# घर में घुसकर फायरिंग कर जान से मारने की धमकी

**पलवल।** गांव चांदहट में बाइक सवार युवकों ने जान से मारने की नीयत से घर पर फायरिंग कर दी। गनीमत यह रही कि गोली किसी को नहीं लगी। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। चांदहट थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चांदहट थाना प्रभारी दलबीर सिंह के अनुसार, गांव चांदहट निवासी सूरज ने शिकायत दर्ज कराई है कि रात के करीब 11 बजे वह अपने घर पर सो रहा था। उसी दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। युवकों के नाम सोनू और दीपक थे। आरोपी उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौच करने लगे और बाहर आने के लिए ललकारने लगे। वह बाहर नहीं आया तो आरोपियों ने उसके मकान पर फायरिंग कर दी और जान से मारने की धमकी दी। वह घर से बाहर निकला तो आरोपी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। वारदात के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# छात्रा का कॉलेज के बाहर से अपहरण कर होटल में दुष्कर्म

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**होडल** स्थित कॉलेज गई छात्रा को बस स्टैंड से एक युवक जबरन कार में डालकर अपहरण कर होटल में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील फोटो खींच लिए। जिसके बाद आरोपी उसे गाड़ी से पलवल बस स्टैंड पर छोड़कर फरार हो गया। होडल थाना पुलिस ने पीड़ित छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

होडल थाना प्रभारी जसवीर के अनुसार, होडल स्थित एक कॉलेज में पढ़ाई कर रही छात्रा ने दी शिकायत में कहा है कि वह घर से कॉलेज पढ़ने के लिए आई थी। उसके बाद छुट्टी होने पर वह होडल बस स्टैंड पर सवारी के इंतजार में खड़ी हुई थी। उसी दौरान वहां एक गाड़ी आकर रुकी, जिसको उसका जानकार सुमित नामक युवक चला रहा था।

पीड़िता का आरोप है कि उसने उससे गाड़ी में बैठने के लिए कहा तो उसने इंकार कर दिया। लेकिन आरोपी गाड़ी से उतरा और जबरन उसे गाड़ी में बैठा लिया और वहां से सीकरी गांव में स्थित एक होटल में ले गया। होटल में आरोपी ने उसके

### अश्लील फोटो खींची, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

साथ जबरन दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील फोटो भी खींच ली।

आरोपी ने उससे कहा कि वह उससे कुछ दिन बाद शादी कर लेगा और यदि इस बारे में किसी को बताया तो तेरे अश्लील फोटो को वायरल कर दूंगा। उसके बाद आरोपी उसके मोबाइल फोन को लूटकर ले गया और उसे पलवल बस स्टैंड पर गाड़ी से उतार कर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित छात्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अपहरण कर दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल ने मनाया दादा दादी व नाना नानी के साथ क्रिसमस

पायनियर समाचार सेवा । पलवल




**छोटे** बच्चों के लिए उनके दादा-दादी और नाना नानी ही वास्तविक सेंटा क्लाज होते हैं। इस विचार को ध्यान में रखते हुए डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में क्रिसमस बड़े ही उत्साह एवं उल्लास के साथ प्री प्राइमरी के छात्र-छात्राओं के दादा दादी व नाना नानी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें एलकेजी कक्षा की छात्रा अंबिका के नाना व नानी (एसपी डॉक्टर अंशु सिंगला के माता-पिता) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा राजवंशी ने सभी बुजुर्ग मेहमानों का स्वागत किया। इस विशेष सभा में विद्यार्थियों ने सुविचार, कविता वाचन आदि प्रस्तुत किए।

# संपूर्ण भारत को एकसूत्र में पिरोएगा अयोध्या उत्सव

- भारत के इतिहास में सबसे बड़े ग्रैंड इवेंट के लिए जाना जाएगा वर्ष 2024
- अयोध्या उत्सव में लोक संस्कृति और कला की झलक
- 25 दिसम्बर तक सांस्कृतिक सुरों में बहेगी भक्ति की रसधार







**अयोध्या।** श्रीरामलला की प्राण.प्रतिष्ठा व श्रीराम मंदिर निर्माण की खुशी श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या ही नहींए विश्व भर में है। ऐसे में भला अयोध्या कैसे छूट सकता है। देश की एकमात्र बहुभाषी न्यूज एजेंसी हिन्दुस्थान समाचारए श्रीअयोध्या न्यास व प्रज्ञा की ओर से भारतीय जीवन बीमा निगम ;एलआईसीद्धए इंडियन ओवरसीज बैंकए डाण् अमृतलाल इशरत मेमोरियल सनबीम स्कूलए गेलए यूको बैंक और पेटीएम के सहयोग से शनिवार को तीन दिवसीय अयोध्या उत्सव का आगाज किया गया। उत्सव की कड़ी में 25 दिसम्बर तक रंगारंग मंच पर सांस्कृतिक सुरों की शाम सजेगी और भक्ति की रसधार बहेगी। अयोध्या उत्सव में लोक संस्कृति और कला की झलक भी दिखेगी। रामकथा और रामायण परंपरा पर आधारित प्रवचनों की श्रृंखला देखने को मिलेगी। अयोध्या उत्सव का उद्देश्य संपूर्ण देश को एकसूत्र में पिरोने का प्रयास है। श्रीराम सत्संग भवन ;श्री मणिराम दास छावनी परिसरद्ध अयोध्या उत्सव का साक्षी बना।

**500 वर्ष बाद नई और भव्य अयोध्या को देखेगी दुनिया** :राम हमारी प्रेरणा हैंए राम हमारी आस्था हैं। राम मंदिर सिर्फ एक मंदिर या पर्यटन स्थल नहींए बल्कि तीर्थस्थलों का एक स्तंभ है। श्रीराम की अयोध्या का अर्थ त्यागए लोकतंत्र और सम्मान है। अयोध्या हमेशा से सेवा के प्रति समर्पण की मिसाल रही है। नर सेवा ही नारायण सेवा हैए यह यहां के धार्मिक आयोजन में दिखती है। 500 से अधिक वर्ष बाद नर सेवा ही नारायण सेवा हैए यह यहां के धार्मिक आयोजन में दिखती है। 500 से अधिक वर्ष बाद 22 जनवरी 2024 को गर्व का क्षण होगा जब एक नई और भव्य अयोध्या को देश और दुनिया देखेगी।

**सनातन और भारतीयता के प्रति बढ़ा सम्मान** :लम्बे संघर्ष के बाद मंदिर आंदोलन एक निर्णायक स्थिति में परिवर्तित होकर रामराज्य की आधारशिला पुष्ट करते हुए उसके गुणगान को तैयार हो चुका है। भगवान राम साक्षात धर्म के स्वरूप हैं और राम मंदिर पूर्वजों के बलिदान व भावनाओं की सिद्धि है। पहले लोग अपने आप को हिंदू और भारतीय बोलने में संकोच करते थे। आज हर व्यक्ति सनातन और भारतीयता के प्रति सम्मान का भाव रखता है।

**महा उत्सवों का प्रदेश बनकर उभरेगा उत्तर प्रदेश** : वर्ष 2024 भारत के इतिहास में सबसे बड़े ग्रैंड इवेंट के लिए जाना जाएगा। साथ ही उत्तर प्रदेश न सिर्फ महा उत्सवों के प्रदेश के रूप में उभरेगाए बल्कि पूरी तरह राममय दिखेगा। राम मंदिर पूर्वजों के बलिदान और भावनाओं की सिद्धि है। जब रामलला अपने मूल गर्भगृह में विराजमान होने जा रहे हैंए तब एक नए भारत का दर्शन होगा। वहीं श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या आतिथ्य सत्कार का एक आदर्श प्रस्तुत करेगा।

**लोक में रामण्ण् मर्यादा पुरुषोत्तम की महिमा का बखान और गुणगान** :अयोध्या उत्सव में लोक में राम विषय पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की ओर से प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक दिन शाम पांच बजे रंगारंग सांस्कृतिक मंच पर लोक कलाकार प्रभु श्रीराम की महिमा का बखान और उनका गुणगान करेंगे। भक्ति.भाव से परिपूर्ण अपनी प्रस्तुति से रामभक्तों को रिझाएंगे भी।

## आज भी लोक में समाहित हैं प्रभु श्रीराम के आदर्शः डा. कृष्णगोपाल



अयोध्या। बहुभाषी न्यूज एजेंसी हिन्दुस्थान समाचार के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अयोध्या उत्सव कार्यकाम की शुरुआत शनिवार को हुई। मणि रामदास छावनी के महंत एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपालदास ने आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम को वृंदावन आनंदमधाम सेवा ट्रस्ट के रितेश्वर जी महराज और कर्नाटक के शांभवी पीठाधिश्वर स्वमी आनंद स्वरूप जी महाराज ने अध्यक्षता की। इस दौरान हिन्दुस्थान समाचार न्यूज एजेंसी के चेयरमैन अरविन्द मार्डीकर जी की उपस्थिति रही।श्रीराम सत्संग भवन ;श्री मणिराम दास छावनीद्ध में अयोध्या उत्सव के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ;आरएसएसद्ध के सह सरकार्यवाह डॉण् कृष्णगोपाल ने कहा कि हम सभी आनंद के वातावरण में हैं। वर्षों से हम इस क्षण की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो चुका है। 22 जनवरी 2024 को मंदिर के उद्घाटन की तिथि निश्चित है। सारे विश्व में हिंदू समाज उत्साहित व आनंदित है। उन्होंने कहा कि पिछले हजार वर्षों की यात्रा में कुछ दुष्ट प्रवृत्ति के संप्रदायिकों ने यहां के मंदिरों का विध्वंश किया। हिंदुओं पर अत्याचारों की पराकाष्ठा की गईए किंतु राम का सहारा लेकर हिंदू समाज लड़ाई लड़ता रहा। कभी शांत होकर तो कभी उग्र होकर। हिंदुओं को इस्लाम स्वीकारने के लिए विवश किया गया। तीर्थ यात्रा पर टैक्स लगे। फिरए धर्म को सुरक्षित रखने का यत्न करना पड़ा। लोग मंदिर छोड़कर घर में सिमट गए थे और ऐसी विकट परिस्थिति से जो सबको उबारकर बाहर ले आयाए उनका नाम श्रीराम है।हः उन्होंने कहा कि वैदिक मन्त्रो का दर्शनए लोक भाषा में आने लगा। हर भाषा में रामायण आ गई। हर क्षेत्र ने रामायण का गायन शुरू कर दिया है। रामचरितमानस मिला। रामए लोक.जीवन में समा गए। यहां तक कि राम नाम के नमस्कार से लेकर पूरा जीवन राममय हो गया। उन्होंने कहा कि राम का आदर्श लोगों ने स्वीकार किया। राम जैसा भाई की कामना की जाने लगी। प्रभु श्रीराम सारीखे एक पत्नी व्रत को आदर्श मना जाने लगा। यहाँ तक कि सर्वाधिक शहरों के नाम में ष्रामष् ऊपर आ गए। कथाए कहानीए नाटक में भी रामए लोक.रंजन में व्याप्त हो गये। रामए धर्म के ज्ञाता के रूप में विख्यात और साक्षात विग्रहमान हुए। ऐसा कोई दूसरा आदर्श नहीं जो समाज की गहराइयों तक बैठ पाया हो। डॉण् कृष्णगोपाल ने कहा कि भगवान श्रीराम ने 14 वर्ष की अल्पायु में पृथ्वी को राक्षसों से विहीन करने की प्रतिज्ञा ली। राज्य अभिषेक की खुशी की विशालता की कोई परवाह नहीं थी। यह केवल राम ही कर सकता है। **चक्रवर्ती सम्राट दशहरथ के बड़े राजकुमार ने राजतिलक को भुलाकरए केवट से नाव मांगना मुनासिब समझा। राम के मन में केवट के प्रति आदर है तो केवट के मन में राम के प्रति अधिकार का भाव। इतना ही नहींए राम को गिद्धराज जटयु मिलता है। यह किसी पक्षी का नहींए बल्कि मनुष्य का विचार हैए जो एक स्त्री को बचाने के लिए पूरे समर्थ के साथ लड़ता है।**

## केंद्रीय मंत्री ने सम्मान देकर 32 किसानों का बढ़ाया मान, कई एफपीओ भी हुए सम्मानित



लखीमपुर खीरी। खीरी में भूतपूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती किसान सम्मान दिवस के रूप में उत्साहए उल्लासए उमंग से मनाई गई। जनपद स्तर पर मंडी समिति राजापुर में ष्किसान सम्मान समारोहष् का केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्माए विनोद शंकर अवस्थीए डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनारए डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंहए एएसपी नेपाल सिंह ने 32 अन्नदाताओं को प्रशस्ति पत्र व शाल भेंट किया। विभागीय अधिकारियों ने किसानों को योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम का सफल संयोजन डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में जनप्रतिनिधियों अफसरों ने किसानों के साथ लोकभवनए लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। केंद्रीय मंत्री ने मंडी परिसर में कृषिए उद्यानए गन्नाए पशुपालन और उनसे संबंधित विभिन्न सेक्टरों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने श्री अन्न जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने चौधरी चरण सिंह के कृतित्वए व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी साहब ने किसानों के जीवन में उत्थान और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनकी एक किसान नेता के रूप में देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में उनकी एक पहचान है। आज भी देश में सर्वमान्य किसान नेता की बात होती है तो उनका नाम आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है। उनसे प्रेरणा लेकर सरकार पीएम के मार्गदर्शन में कृषकों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही।

उन्होंने कहा कि पीएम के लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां है। नारीए युवाए किसान और हमारे गरीब परिवार। इन चार जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है। कृषि क्षेत्र में बुनियादी ढांचा को खड़ा करने के लिए सरकार की ओर से किए जाने वाले प्रयास बताए। आज प्रत्येक कृषि उपज का निर्यात बढ़ा है। ड्रोन दीदी की संकल्पना को रेखांकित करते हुए कहा कि आज ड्रोन के जरिए उर्वरकों का छिड़काव किया जा रहा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए फसल जहां खराब और बीमार है। वहीं पर दवा का छिड़काव होगा। इस दृष्टि से कितना फायदा होगा। इससे समय पैसे के साथ.साथ उर्वरक की भी बचत होगी। सरकार ने सहकारी समितियां की आमदनी बढ़ाने एवं सशक्त करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने मौजूद किसानों को चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती और किसान दिवस की शुभकामनाएं दी।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार किसानों की आय को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

## पालिका अध्यक्ष पर धन के दुरुपयोग के लगे गंभीर आरोप,भारी हंगामे के बीच बोर्ड की बैठक हुई भंग

### सभासदों ने सुपर मार्केट चौराहे पर दिया धरना

### अध्यक्ष को दिए 40 लख रुपए के वित्तीय अधिकार को वापस लेने पर अड़े रहे 29 सभासद



रायबरेली।नगर पालिका परिषद की मासिक बैठक में सभासदों के भारी विरोध के साथ बैठक भांग की गई। पालिका अध्यक्ष बैठक से गायब हो गए।रायबरेली नगर पालिका परिषद के सभासदों ने पालिका के धन पर हो रही फुजूल खर्ची को रोकने के लिए बोर्ड बैठक में जमकर हंगामा किया है।आज नगर पालिका कार्यालय सुपरमार्केट स्थित बैठक हाल में पालिका की होने वाली मासिक बैठक में सभासदों के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफमोर्चा खोल दिया गया।पालिका अध्यक्ष पर बोर्ड के पैसे को बे जरूरत के सामानों को खरीदने के आरोप लगाए गए।बोर्ड की बैठक जैसी आरंभ हुई उसके कुछ देर बाद ही बोर्ड में हंगामा शुरू हो गया। अध्यक्ष चाहते थे कि एजेंडा पर बात हो लेकिन सभासदों ने कहा कि जो 40 लख रुपए के वित्तीय अधिकार अध्यक्ष को दिए गए हैं उसका दुरुपयोग हो रहा है।इसलिए सर्वप्रथम पहले उस अधिकार को वापस किया जाएए बस इतना कहना था कि अध्यक्ष ने बैठक को 1 घंटे के लिए स्थगित कर दिया। बैठक के स्थगित होते ही सभासदों में आक्रोश का ज्वालामुखी फूट पड़ा और उन्होंने अध्यक्ष की मनमानी पर अध्यक्ष के विरुद्ध नारेबाजी शुरू कर दी।सभासदों का खुला आरोप है कि अध्यक्ष महोदय मनमानी तरीके से पद का दुरुपयोग करते हुए भी जरूरत की चीजों में वोट का पैसा खर्च कर रहे हैं सभासदों ने कहा कि वार्डन के विकास के लिए कोई बजट नहीं है का रोना रोया जाता है वहीं लगभग दो.दो करोड रुपए की दो गाड़ियां खरीदी गई। जिसमें लंबा कमिशन खाया गया।

ऐसी तमाम खरीदरियां की गई जिसमें भारी भरकम कमीशन बाजी की गई है स्ट्रीट लाइटों का भी यही हाल है की वार्डन को तीन.तीन लाइट दी गई हैं और बाकी लाइट कहां गई इसका कोई अता.पता लेखा.जोखा नहीं मिल रहा है। सभासदों का आरोप है कि वार्डो में साफसफाई मुकम्मल रूप से नहीं हो पा रही है बावजूद इसके पैसे का दुरुपयोग करते हुए दो वाहन खरीदे गए हैं जिसमें शहर के धूल गर्दा को समाप्त किया जाता है। सभासदों का कहना है कि इन दोनों गाड़ियों में भारी कमीशन खोरी की गई है वरना ऐसे वाहनों की अभी आवश्यकता नहीं है जब शहर के तमाम वार्डों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है ऐसे में धूल मिट्टी गर्दा उसको खत्म करने के लिए गाड़ी खरीदना उचित नहीं है।इस तरह के गंभीर आरोप लगाते हुए सभासदों ने एक सुर में नगर पालिका अध्यक्ष के विरुद्ध सांकेतिक धरना शुरू कर दिया। सुपर मार्केट पुलिस चौकी के बगल में लगभग 29 सभासदों के द्वारा अध्यक्ष के विरुद्ध धरना दिया गया और पालिका में चल रहे कमीशन खोरी के खेल को खोल कर रख दिया गया।

## बजाज कुन्दरखी चीनी मिल ने दिया पिछले पेराई का पूरा भुगतान



गोंडा। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, कुन्दरखी चीनी मिल ने पिछले पेराई सत्र 2022-23 के गन्ना पेराई 64.88 लाख क्विंटल के देय गन्ना मूल्य 225 करोड़ रूपये का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया है। जिससे चीनी मिल की पिछले सत्र की बकायेदारी अब शून्य हो गई है। यह जानकारी देते हुए इकाई प्रमुख पी0एन0 सिंह ने बताया कि वर्तमान/चालू पेराई सत्र 2023-24 के गन्ना मूल्य का भी भुगतान शीघ्र ही प्रारम्भ होगा। इकाई प्रमुख श्री सिंह ने कहा कि बजाज चीनी मिल सदैव कृषकों की हितैषी रही है, यहाँ किसानहित सर्वोपरि है। उन्होंने कृषकों से अपील किया है कि चालू पेराई सत्र में बजाज चीनी मिल को ही अपना समस्त गन्ना आपूर्ति करें। साथ ही गन्ना किसानों से अपेक्षा किया है कि चीनी मिल को साफसुथरा व ताजा गन्ना आपूर्ति करें। वसन्तकालीन गन्ना बुआई के लिए किसान भाई अपना स्वयं का बीज रोककर रखें व अधिक से अधिक क्षेत्रफल में अगेती प्रजाति के गन्ने की बुवाई करें।

### स्कूल का वार्षिकोत्सव व पीटी डिस्प्ले सम्पन्न



गोंडा। फुलवारी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव व पीटी डिस्प्ले सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के अध्यक्ष और अध्यक्षिका वीर विक्रम सिंह, श्रीमती मालती सिंह, विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती नीता सिंह, विद्यालय के सचिव क्रांति कुमार सिंह के साथ मुख्य अतिथि सीडीओ श्रीमती एम. अरुणमौली, सीएमओ श्रीमती रश्मि वर्मा, पीएसी असिस्टेंट कमांडेंट विनीत सिकरवार, जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार सिंह व सहायक निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. एच.पी. अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर वरिबन काटकर किया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक, धार्मिक, योग और देशप्रेम आदि पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसको देखकर कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग अचंभित हो गये। इस दौरान कवि शिवाकांत मिश्रा, सब इंस्पेक्टर मनोज सिंह, वर्षा सिंह, श्रवण अग्रवाल, डा. अनिता मिश्रा, विपिन सिंह, अविनाश सिंह, मंडल डाक अधीक्षक किरण सिंह, डा. ओंकार पाठक, पीपी यादव, फातिमा स्कूल से फादर पॉल कोरियन, डा. आरबीएस बघेल, विद्यालय की प्रधानाचार्या शैव्या मिश्रा, उप प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा, समन्वयक सौम्या द्विवेदी उपस्थित रहे।



## एनटीपीसी में इंटक के नए कार्यालय भवन का हुआ उद्घाटन

एनटीपीसी ऊंचाहार में इंटक से संबंद्ध एनटीपीसी एम्प्लाइज यूनियन के नवीन कार्यालय भवन का उद्घाटन संपन्न हुआ। ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शशिकांत राय तथा एससी.एसटी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र कुमार ने फीता काटकर नए कार्यालय का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में दोनों अधिकारियों ने कहा कि इंटक देश का सबसे पुराना और विश्वसनीय श्रम संगठन हैए जिसकी स्थापना भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू तथा गुलजारी लाल नंदा ने 3 मई 1947 में किया था। एनटीपीसी कंपनी में भी विभिन्न परियोजनाओं में इंटक का ना केवल प्रतिनिधित्व है बल्कि कर्मचारियों की नीति निर्धारण संबंधी अपेक्स बॉडी राष्ट्रीय द्वि.पक्षीय समिति ;एनबीसीद्ध में भी इंटक सबसे बड़ा संगठन है। दोनों अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि इंटकए कर्मचारियों की अपेक्षाओं को ना केवल पूरा करेगा बल्कि उनकी सेवा में सदैव अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देता रहेगा। इसके पहले एनटीपीसी एम्प्लाइज यूनियन ;इंटकद्ध के अध्यक्ष आज्ञा शरण सिंह ने सभी का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इंटक कार्यकारिणी द्वारा इंटक के स्थापना काल से जुड़े वरिष्ठ नेताओं अनिल मिश्राए ए के वैश्यए लाल बहादुर मौर्या व राम सहाय आदि का माल्यार्पण करके अभिनंदन

## नगरीय क्षेत्र के पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर 26 से चलेगा अभियान

लखीमपुर खीरी। नगरीय क्षेत्र के पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के लिए शासन के निर्देश पर विशेष पखवाड़ा चलाया जा रहा है। करीब 11 हजार से अधिक पारिवारिक योजना से लाभान्वित होंगे।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमितेश द्विवेदी ने बताया कि प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण के आदेश अनुसार प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 26 दिसंबर 2023 से 10 जनवरी 2024 तक विशेष पखवाड़ा नगरीय क्षेत्र के पात्र गृहस्थीराशन कार्ड धारकों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने हेतु चलाया जाएगा। जनपद खीरी में 6 व उससे अधिक यूनिट वाले नगरीय क्षेत्र के 11 हजार से अधिक परिवार इस योजना से आच्छादित किए गए हैं। इन सभी परिवारों के सभी सदस्यों का गोल्डन कार्ड बनाने के लिए के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा जाएगा। राशन कार्ड धारक अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु जिला अस्पतालए जिला महिला अस्पतालए नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढएनौरंगाबादए निर्मल नगर ए गुट्टैयाबाग सहित जनपद में सूचीबद्ध सभी निजी चिकित्सालय जिनमें सलूजा नर्सिंग होम।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा व किसान सम्मान दिवस संपन्न



बांदा। विकासखंड बड़ोखर खुर्द मे प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री श्री रामकेश निषाद जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गयास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र ध्प्रदेश सरकारए किसानों व्यापारियों और सभी वर्गों के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर लाभ प्रदान कर रही है। देश प्रदेश के किसानों ने बेहतर उत्पादन कर कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया हैस बुंदेलखंड क्षेत्र में किसानों की सिंचाई एवं पानी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए केन बेतवा लिंक परियोजना से सिंचाई की सुविधा दिलाने हेतु कार्य किया जा रहा हैए जिससे किसानों को लाभ होगास उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय में बढ़ोतरी हेतु निरंतर कार्य कर रही है किसान के जीवन स्तर में सुधार होने से देश व प्रदेश का हर क्षेत्र में विकास होगास उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सरकार आपके द्वार योजना के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विभिन्न गांव में केन्द्र व प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं के स्टाल लगाकर लाभ प्रदान किया जा रहा हैए जो भी लोग योजनाओं से वंचित रह गए हैं इस अवसर का लाभ उठाकर योजनाओं का लाभ प्राप्त करेंस कार्यक्रम में उन्होंने विकसित भारत संकल्पता की लोगों को शपथ भी दिलाई। हमीरपुर सांसद श्री पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि केंद्र प्रदेश सरकार लगातार किसानोंए नौजवानों एवं बेरोजगारों के हितों तथा सभी वर्गों के लिए योजनाएं संचालित कर लाभान्वित कर रही हैं जिससे कि भारत एक विकसित राष्ट्र बन सकेस उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सरकार आपके द्वार पहुंचकर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है जिसका जागरूक होकर लाभ प्राप्त करें। विधायक श्री प्रकाश द्विवेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई आधुनिक कृषि के प्रति जागरूक होकर अपनी खेती करें तथा प्राकृतिक खेती एवं श्रीअन्य के उत्पादन को बढ़ाएंस उन्होंने कहा कि किसान खेती में मसालेए सब्जीएबागवानी आदि की खेती करने के साथ पशुपालन के कार्य को भी करेंए जिससे उनकी आय में दोगना वृद्धि होगी।

## फंस गए सांसद जी



मोमोज खाने का शौक नेताजी को भारी पड़ गया। नेताजी सार्वजनिक तौर पर फंस गए। नेताजी के इस शौक की पोल खोलने वाले कोई और नहीं बल्कि भगवा सरकार के बड़े महाराज ही थे। बड़े महाराज का इस भगवा सरकार में बड़ा रुतबा और बड़ा पद है। उनके सामने अच्छे-अच्छों की बोलती बंद हो जाती है, तो फिर इन नेता जी की क्या मजाल, जो कि महाराज के कार्य क्षेत्र से ही सांसद है। वाक्या एक सार्वजनिक कार्यक्रम का है, जिसमें बड़े महाराज के साथ ये सांसद भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान बड़े महाराज एक दुकानदार से उसके व्यापार के बारे पूछ रहे थे। दुकानदार ने बताया कि वह मोमोज की बिक्री करता है। इस पर बड़े महाराज ने दुकानदार से पूछा कि यहां मौजूद लोगों में किसी ने तुम्हारा मोमोज खाया। दुकानदार ने तत्काल जवाब दिया कि हमारे सांसद जी ने मोमोज खाया है। इस पर बड़े महाराज ने पूछा, क्या सांसद जी ने पेमेंट किया था, तो दुकानदार ने कहा, नहीं। फिर तो पूरी सभा में ठहाके लगने लगे। लोगों ने कहा आज फंस गए सांसद जी। फिर क्या था मुस्कुराते हुए सांसद जी को उठना पड़ा और सफाई भी देनी पड़ी।

## एक तरफ कुंआ, दूसरी तरफ खाई

सफाई कर्मियों को राहत देने के लिए बाहुबली मैडम ने कई कदम उठाए। सफाई कर्मियों को समय से वेतन और कार्य करने के दौरान ड्रेस में रहने का आदेश जरूरी कर दिया गया लेकिन अपनी पुरानी बीमारी से ग्रस्त बाबुओं ने इसमें भी खेल कर दिया। नियमित, संविदा कर्मियों को तो ड्रेस दिया गया, पर आउटसोर्सिंग वाले सफाई कर्मियों को ड्रेस मुहैया नहीं कराई। ऐसे में कई स्थलों पर सफाई कर्मियों को बिना ड्रेस में कार्य करना पड़ रहा है। बेचारे! अधिकारी उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि मैडम की सुनें या फिर बाबुओं की। मरता क्या न करता, एक ओर कुंआ और दूसरी ओर खाईं, वाला हाल हो गया। कई बार फटकार और कार्रवाई का डर दिखाने के बाद भी अफसरों के निर्देश का पालन नहीं हुआ। आउटसोर्स से कई कर्मियों का आज तक ड्रेस नहीं दी गई, जिससे आए दिन उन्हें सफाई के दौरान अधिकारियों और ठेकेदारों की डॉट खानी पड़ रही है जबकि इन्हें मिलने वाला मामूली वेतन भी कई-कई महीनें बाद मिल रहा है। आदेश हुए छह माह से ज्यादा हो गया, पर अभी तक ड्रेस की आस कर्मी लगाए बैंठे हैं।




## फिर छलका नेताजी का दर्द



कहने को तो नेताजी राजधानी के कोटे से केंद्र की भगवा सरकार में मंत्री हैं लेकिन रुतबा यह कि प्रशासन और महकमे के आला अधिकारी उनका फोन ही नहीं उठाते। इसका खुलासा स्वयं मंत्री जी ने किया है। एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान उनका दर्द छलक गया। बताया कि अफसर उनकी बात नहीं सुनते। एक एसडीएम उनका फोन नहीं उठातीं। उनके कार्यकर्ताओं को कमरे से बाहर निकाल देती हैं। वह यहीं पर नहीं रुके आरोपी एसडीएम को उन्होंने सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में बाधक भी बता डाला। कहा कि वह भगवा दल के कार्यकर्ताओं का कोई काम नहीं करतीं। उन्होंने कड़े शब्दों में सुधार लाने की चेतावनी देते हुए कहा कि नहीं तो उन्हें प्रदर्शन करना पड़ेगा। मंत्रीजी पहले भी बिजली वाले महकमे के एक आला अधिकारी के फोन न उठाने के रवैये से खिन्न हो चुके हैं। उस समय भी उन्होंने अपना दर्द उजागर किया था। देखा जाए तो उनका दर्द अपनी जगह सही भी। केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद उनके प्रति अफसरों के इस रवैये को कतई सही नहीं ठहराया जा सकता है। अब देखना है कि बड़े महाराज और उनके अधिकारी इस संबंध में क्या कार्रवाई करते हैं।

## वीसी साहब के गुलाब

अपने वीसी साहब को गुलाब के बीच मे रहना पसंद है। गुलाब की खुशबू उन्हें बहुत पसंद है, हालांकि वीसी साहब भी गुलाब की तरह हैं। उनकी खुशबू पूरे परिसर में फैली रहती है। यहां तक की उनके आफिस में जहां उनकी चेयर है, उसके पास रखे छोटे से गमले में भी गुलाब के फूल रखे रहते हैं। यह फूल रोज बदले जाते हैं। जिसके लिए एक आदमी को जिम्मा सौंपा गया है, जो रोजाना उनके लिए चौक से गुलाब लेकर आता है। अभी पिछले दिनों की बात है वह आदमी दो दिन गुलाब लेकर नहीं पहुंचा तो वीसी साहब के पीएस ने उससे कहा कि रोज गुलाब लाकर रख दिया करो। तो उसने जवाब दिया कि जब जाते हैं, तब लेकर आते हैं। नहीं जाना रहता है तो कैसे जाएं। आने-जाने में पेट्रोल लगता है। ऐसा कीजिए कि पास के मंदिर से मंगा लिया करें। मरता क्या न करता, सो अब पास की दुकान से ही गुलाब आने लगे हैं। गाहे-बगाहे गुलाब चौक से भी आ जाते हैं।

# नए उप्र में शासन नतमस्तक होकर देता है किसानों को सम्मानः योगी

## सीएम ने कृषकों, कृषि उद्यमियों, एफपीओ व कृषि वैज्ञानिकों का किया सम्मान

- चौधरी चरण सिंह की जंयती पर किया किसान मित्र एआई ऐप का किया शुभारंभ
- कहा, जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। जहां किसानों का सम्मान होता है। उनके परिश्रम व पुरुषार्थ के सामने शासन नतमस्तक होकर सम्मान देता है। आपका परिश्रम व पुरुषार्थ न केवल यूपी का सम्मान बढ़ा रहा है, बल्कि विकास यात्रा का हिस्सा बनकर यूपी को देश की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में मदद कर रहा है। आपके परिश्रम का परिणाम है कि हमने कृषि विकास की दर को 9 फीसदी तक पहुंचाया है। पीएम के विजन के अनुरूप आने वाले समय में प्रदेश को 2027-28 तक वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनना है तो वर्तमान की विकास दर को इससे तीन गुना रफ्तार से आगे बढ़ाना होगा।

यह बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर शनिवार को किसान सम्मान दिवस के अवसर पर लोकभवन में कहीं। सीएम ने यहां किसान मित्र एआई ऐप का शुभारंभ किया और कृषकों, कृषि उद्यमियों, एफपीओ व कृषि वैज्ञानिकों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में लघु फिल्म दिखाई गई। सीएम ने किसानों की यशगाथा विकास यात्रा पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही सुविधाओं की भी चर्चा की। सीएम ने कहा कि चौधरी चरण सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अच्छे प्रशासक व महान किसान नेता थे। उन्होंने स्नातकोत्तर की पढ़ाई लॉ से की थी लेकिन किसान व कृषि पृष्ठभूमि के कारण उनकी स्पष्ट राय थी। उन्होंने कहा कि जब तक किसान गरीब रहेगा, भारत अमीर नहीं हो सकता। ग्रामीण भारत ही असली भारत है। भारत वर्ष की समृद्धि का मार्ग खेत-खलिहान से होकर गुजरता है। जागरूक जनशक्ति ही सबसे बड़े लोकतंत्र का आधार है। चौधरी चरण सिंह ने अनेक कार्यों के जरिए अपने समय में किसानों के जीवन में बदलाव के अभियान को बढ़ाया था। सीएम योगी ने कहा कि साढ़े 9 वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। पहली बार अन्नदाता किसानों ने महसूस किया कि वे भी किसी सरकार के प्राथमिक एजेंडे का हिस्सा हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में पीएम किसान फसल बीमा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाए लागत का डेढ़ गुना दाम एमएसपीए पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के जीवन में परिवर्तन किया गया। अब तक इसकी 15 किस्त किसानों के पास पहुंच चुकी है। सिर्फ यूपी में ही 2.61 करोड़ किसानों के खाते में 60 हजार करोड़ से अधिक की राशि पहुंच चुकी है। सीएम ने कहा कि परिवर्तन व रिफॉर्म करते हुए कृषि को हम लाभकारी बना सकते हैं। इस दिशा में हुए प्रयास यूपी की दृष्टि से 22-23 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा दी है। गन्ना किसानों को साढ़े छह वर्ष में दो लाख 25 हजार करोड़ से अधिक की राशि खाते में भेज चुके हैं। धान व गेहूं की सीधी खरीद और एमएसपी का लाभ डीबीटी के माध्यम से पहली बार मिला।

उन्होंने कहा कि खेती को सही ढंग से करना घाटे का सौदा नहीं बनेगा। सरकार की स्कीम स्वावलंबन का आधार बनती है। श्रीअन्न की दृष्टि से भी कार्यक्रम हुए। प्राकृतिक खेती में हर मंडीए कृषि विज्ञान केंद्र, विश्वविद्यालयों के सर्टिफिकेशन की कार्रवाई हो, उसका ज्यादा दाम किसानों को प्राप्त हो, इस प्रक्रिया को तेजी से बढ़ाया गया। श्रीअन्न के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र वर्ष की दृष्टि से 2023 को मिलेट्स वर्ष घोषित कर पीएम ने अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग भी की है। सीएम ने कहा कि अभी हमने एक अप्लीकेशन लांच किया है। ऐप के माध्यम से एआई का उपयोग किसान मित्र के रूप में कैसे किया जा सकता। अब किसानों की हर जिज्ञासा का जवाब स्मार्ट फोन से प्राप्त हो जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है। कुछ समय बाद दो करोड़ ड्रोन दीदी तैयार होनी है। ड्रोन के माध्यम से अब एक घंटे में सौ एकड़ खेती में दवा, खाद, पेस्टिसाइड का छिड़काव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि एफपीओ के क्षेत्र में सामूहिक रूप से मिलकर खेतीबाड़ी व फूड प्रोसेसिंग की प्रक्रिया से जुड़कर भी कई गुना मुनाफा कमा सकते हैं। वेयर हाउस के बारे में सीएम ने कहा कि यदि मार्केट में दाम कम है तो जब दाम अच्छा मिले तो गोदाम से उपज निकालकर उपलब्ध कराएं। इसके लिए एफपीओ के माध्यम से हर विकास खंड स्तर पर वेयर हाउस निर्माण की कार्रवाई को बढ़ाया जा रहा है। अब मनुष्य के साथ धरती मां की सेहत की भी देखभाल होगी। पीएम स्वायल हेल्थ कार्ड इसका उदाहरण है। सीएम ने कहा कि किसानों ने हौसलाअफजाई करते हुए उनकी विकासगाथा स्वयं सुनाई। बोले कि रायबरेली के वीरेंद्र सिंह ने प्रति हेक्टेयर 88 कुंतल, मोल्हईराम ने 84 कुंतल प्रति हेक्टेयर, अंबेडकर नगर के हरिराम ने 78 कुंतल प्रति हेक्टेयर गेहूं का उत्पादन किया। ललितपुर के सोनू पटेल 46 कुंतल प्रति हेक्टेयर, ललितपुर के ही राजेंद्र सिंह ने 43 कुंतल व मंशा राम ने 42 कुंतल प्रति हेक्टेयर चना का उत्पादन किया।

प्रमोद कुमार 55 कुंतल, भरत सिंह पटेल 54 कुंतल व राजा सिंह ने 50 कुंतल प्रति हेक्टेयर मटर में उत्पादन किया। राई में बरेली के राधेश्याम 46 कुंतल प्रति हेक्टेयर, रामबेटी ने 45 कुंतल, विजय कुमार 38 कुंतल प्रति हेक्टेयर का उत्पादन किया।

## मुख्यमंत्री ने किया पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नमन



**लोकभवन** में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर शनिवार को विधान भवन प्रांगण में उनकी प्रतिमा व चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। किसान कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहे चौधरी साहब की जयंती को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषक उपहार योजना के अंतर्गत विधान भवन के सामने किसानों को ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की और झंडी दिखाकर ट्रैक्टरों को रवाना किया। इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर सुषमा खर्कवाल, योगी सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद, जेपीएस राठौर, गिरीश चंद यादव, दिनेश प्रताप सिंह, बलवीर सिंह औलख, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आदि मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित 22 जिलों के लिए 804 इंफ्लेटेबल बोट्स खरीदेगी प्रदेश सरकार

## घाघरा, सरयू, राप्ती और शारदा नदियों के बेसिन में बसे 2412 गांवों के लिए खरीदी जाएंगे बोट्स

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाढ़** से प्रभावित होने वाले प्रदेश के 22 जिलों को लेकर योगी सरकार ने बड़ा प्लान तैयार किया है। इसके तहत घाघरा/सरयू, राप्ती और शारदा नदियों के बेसिन में बसे 2412 गांवों के लिए 804 इंफ्लेटेबल बोट्स की खरीद का निर्णय लिया है। इसके लिए योगी सरकार 80.40 करोड़ की धनराशि खर्च करेगी। इसके लिए जल्द ही राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अहम बात यह है कि इन बोट्स का संचालन स्थानीय लोगों द्वारा ही किया जाएगा। इसके एवज में योगी सरकार उन्हे पारश्रमिक भी देगी।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़ और जल भराव को लेकर सेटेलाइट के जरिए पूरे प्रदेश की गहन मैपिंग कराई गई। इसमें पाया गया कि प्रदेश में घाघरा सरयू, राप्ती और शारदा नदियों के बेसिन में बसे 2412 गांव ज्यादात्तर बाढ़ से प्रभावित रहते हैं। इस भूभाग को वर्गीकृत करते हुए उन स्थानों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया, जहां बीते 10 से 7 साल में प्रतिवर्ष बाढ़ का प्रकोप झेलना पड़ा। मैपिंग में पाया गया कि 15 सौ किलोमीटर के क्षेत्रफल में बसे इन गांवों को बाढ़ से निपटने के लिए पहले से ही तैयार करना जरूरी है ताकि जनहानि को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके। इसके लिए करीब तीन गांवों के बीच एक बोट्स की जरूरत महसूस की गई, जिससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अवगत कराया गया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित 22 जिलों की समस्या को ध्यान में रखते हुए बोट्स की खरीद को हरी झंडी दे दी। राहत इमरजेंसी परियोजना निदेशक अदिति उमराव ने बताया कि बोट्स खरीद की प्रक्रिया को दो चरणों में पूरा किया जाएगा। इसमें पहले चरण में 6 जिलों बलिया, बलरामपुर, देवरिया, गोंडा, गोरखपुर और भदोही के लिए 400 बोट्स खरीदी जाएंगी जबकि दूसरे चरण में शेष 16 जिलों के लिए 404 बोट्स खरीदी जाएंगी। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बोट्स की खरीद के लिए समिति में एसडीआरएफ के एक अधिकारी को तकनीकी सदस्य के रूप में नामित किया जाएगा। साथ ही इन बोट्स की खरीद के लिए स्पेसिफिकेशन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कोस्ट गार्ड और एनडीआरएफ से प्राप्त किए जाएंगे। वहीं इन बोट्स के देखभाल की जिम्मेदारी संबंधित लेखपाल को दी जाएगीए जिन्हे टीन का बॉक्स उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें वह रेस्क्यू के बाद सारी सामग्री सुरक्षित रखेंगे। इस बॉक्स को पंचायत भवन व अन्य स्थानीय शासकीय भवन में रखा जाएगा।

# सपा किसानों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पितः अखिलेश

- सादगी से मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121 वीं जयंती



**पायनियरस समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ सहित प्रत्येक जनपद में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती सादगी से मनाई गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय के डॉ. राममनोहर सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की आर्थिक नीतियों के चलते ही देश के किसानों के प्रति न्याय का रास्ता प्रशस्त हुआ है। समाजवादी पार्टी उनके रास्ते पर चलते हुए किसानों को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित है। अखिलेश यादव ने चौधरी साहब को नमन करते हुए कहा कि उनके बताए हुए रास्ते से ही गांवों का विकास तथा किसानों की तरक्की होगी। चौधरी साहब का मानना था कि जब तक देश के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं होगा तब तक देश की तरक्की नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता है। चौधरी साहब भारतीय राजनीति के एक बड़े नेता थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का राजनीतिक एजेण्डा और आर्थिक नीतियां कभी भी किसानों के पक्ष में नहीं रही है। भाजपा ने सदैव गांव और गरीब की उपेक्षा की है। भाजपा सरकार में किसानों को न तो फसलों पर एमएसपी मिली और न ही समय से गन्ना मूल्य का भुगतान हुआ। भाजपा सरकार में खाद, बीज, कीटनाशक कृषि उपकरण एवं सभी आवश्यक वस्तुएं महंगी मिल रही है। किसान की आय भी दुगनी नहीं हुई है। भाजपा की आर्थिक नीतियों के चलते खेतिहर किसान घाटे में है। कर्ज और महंगाई से त्रस्त किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने पर आमादा है।

# म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लान्ट की स्थापना के लिए 37 करोड़ से अधिक का प्रस्ताव अनुमोदित

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्चाधिकारी समिति की बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन 1.0 एवं 2.0 (नगरीय) की पांचवी एसएचपीसी तथा अमृत 2.0 की 12वीं राज्य स्तरीय उच्चाधिकारी समिति (एसएचपीएससी) की बैठक आहूत की गई।

बैठक में मुख्य सचिव ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 1.0 के तहत बदायूं, मिर्जापुर, सम्भल नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबन्ध हेतु म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लान्ट के अधिष्ठापन के लिए 37 करोड़ 1 लाख 75 हजार रुपए के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया। इसके तहत नगर पालिका परिषद बदायूं में 55 टीपीडी, नगर पालिका परिषद मिर्जापुर में 100 टीपीडी तथा नगर पालिका परिषद सम्भल में 75 टीपीडी का प्लान्ट स्थापित किया जाएगा। प्लाण्ट की स्थापना से टीपीडी का प्रोसेसिंग गैप को समाप्त करने में मदद मिलेगी। एसबीएम 2.0 के तहत नगर पालिका परिषद खोड़ा-मकनपुर (गाजियाबाद) में 14110.86 लाख रुपए, पिलखुआ (हापुड़) में 1749.72 रुपए से, छिबरामऊ (कन्नौज) में 2434.57 रुपए तथा शमसाबाद (फर्रुखाबाद) में 2262.74 की लागत से आईएण्डडी एवं एसटीपी विद को-ट्रीटमेन्ट के कार्यो के प्रस्ताव पर बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुरोध धनराशि में 50 प्रतिशत शेयर केन्द्र सरकार, 33 प्रतिशत शेष राज्य सरकार तथा 17 प्रतिशत शेयर सम्बन्धित यूएलबी का होगा। इसके अतिरिक्त 7 नगरीय निकायों के सिटी सैनिटेशन एक्शन प्लान (3बी) के प्रस्ताव पर भी अनुमोदन प्रदान किया गया। अमृत 2.0 के तहत बैठक में ट्रेंच-3 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया। यह कार्य केन्द्राश की धनराशि अवशेष 1230.70 करोड़ तथा ट्रेच-1 एवं ट्रेच-2 में स्वीकृत 134 निविदाओं में हुई बचत धनराशि 752 करोड़ रुपये को सम्मिलित करते हुए केन्द्राश की धनराशि 1982.70 करोड़ रुपये से कराये जायेंगे।

# छह एएसपी के तबादले, राजेंद्र गौतम बने डीजीपी की पीआरओ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** शासन ने प्रांतीय पुलिस सेवा के एएसपी स्तर के आधा दर्जन अफसरों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में अयोध्या में एएसपी यातायात/ प्रोटोकाल के पद पर तैनात राजेंद्र कुमार गौतम को डीजीपी का निया पीआरओ तैनात किया गया है। अभी तक इस पद पर रहे अभय नाथ त्रिपाठी के पूर्व में हुए तबादला आदेश को संशोधित करते हुए अब एएसपी नगर इटावा के पद पर भेजा गया है। पहले उनका तबादला उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड में किया गया था। पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से जारी आदेश के अनुसार अब तक इटावा में एएसपी रहे कपिल देव सिंह को इसी पद पर लखनऊ पीएसी मुख्यालय स्थानांतरित कर दिया गया है। अभिसूचना वाराणसी में अपर पुलिस अधीक्षक (क्षेत्रीय) के पद पर तैनात रहे अयोध्या प्रसाद सिंह को अयोध्या में अपर पुलिस अधीक्षक यातायात/प्रोटोकाल के पद पर नई तैनाती दी गई है। सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ में अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात रहे निवेश कटियार को गोरखपुर में एएसपी (अपर पुलिस अधीक्षक) क्राइम बनाया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सुरक्षा लखनऊ में अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात असित श्रीवास्तव का गाजीपुर में इसी पद पर किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। वह एएसपी मुख्यमंत्री सुरक्षा लखनऊ के पद पर बने रहेंगे।

# यूपी पुलिस में सिपाही के 60 हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी

- आवेदन प्रक्रिया 27 दिसंबर से होगी शुरू, 16 जनवरी तक कर सकेंगे आवेदन'
- भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं को दिया गया आरक्षण, आवेदन शुल्क 400 रुपए




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**'मिशन** रोजगार' पर लगातार फोकस कर रही योगी सरकार ने शनिवार को प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात देते हुए प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। प्रदेश के युवाओं को काफी समय से यूपी पुलिस में सिपाही के 60 हजार से ज्यादा रिक्त पदों की भर्ती का इंतजार था, जो आज खत्म हो गया। प्रदेश के युवा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस में सिपाही के 60244 पदों को भर्ती करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में, शनिवार को बोर्ड की ओर से भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इसमें से अनारक्षित के लिए 24102 पद, ईडब्ल्यूएस के लिए 6024 पद, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 16264 पद, अनुसूचित जाति के लिए 12650 पद, अनुसूचित जनजाति के लिए 1204 पद आरक्षित हैं। नोटिफिकेशन में महिलाओं के लिए आरक्षण भी निर्धारित कर दिया गया है। नोटिफिकेशन में दिए गए क्षैतिज आरक्षण में दी गई जानकारी के तहत सम्पूर्ण पदों में से 20 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया गया है।

यूपी पुलिस सिपाही भर्ती में ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 27 दिसंबर से शुरू हो जाएगी, जो 16 जनवरी 2024 जारी रहेगी। वही शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 18 जनवरी है। आवेदन पत्र के साथ ही उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क भी जमा करना होगाए जो यूपीपीबीपीबी की ओर से 400 रुपए तय किया गया है। भर्ती के लिए सामान्य, ओबीसी एवं अनुसूचित जाति से आने वाले पुरुष उम्मीदवारों की न्यूनतम लम्बाई 168 सेमी और महिलाओं की न्यूनतम लंबाई 152 सेमी होनी चाहिए जबकि अनुसूचित जनजाति श्रेणी से आने वाले पुरुष उम्मीदवारों की न्यूनतम लंबाई 160 सेमी एवं महिला उम्मीदवारों की न्यूनतम लंबाई 147 सेमी होना अनिवार्य है। भर्ती में चयनित होने के लिए उम्मीदवारों को पहले लिखित परीक्षा में शामिल होना होगा। इसके बाद लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट के लिए आमंत्रित किया जाएगा। यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार ने भारत में विधि द्वारा स्थापित बोर्ड द्वारा 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इसके समकक्ष योग्यता प्राप्त की हो। वहीं, इस भर्ती में आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अधिकतम आयु के तौर पर उम्मीदवार ने 22 वर्ष की आयु प्राप्त न की होए यानी अभ्यर्थी का जन्म 2 जुलाई 1998 से पहले एवं 1 जुलाई 2005 के बाद नहीं होना चाहिए। आरक्षित श्रेणी से आने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी आयु में छूट प्रदान की जाएगी।

# कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने किया आयुष्मान मेले का उद्घाटन

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात



**भोगनीपुर** क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरौधा में शनिवार को आयुष्मान स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। जिसमें दो सैकड़ा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बांटे। कार्यक्रम में टीवी और फाइलेरिया के मरीजों को स्वास्थ्य किट भी बांटी गईं।

उद्घाटन अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा की डबल इंजन की सरकार में समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष बाजपेई, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित निरंजन, खंड विकास अधिकारी हरगोविंद गुप्ता, नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नीति त्रिपाठी, श्री बृज बिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह, परवेज, सभासद संजय सचान, भाजपा नेता रेणुका सचान, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ओमनारायण गुप्त, मंडल अध्यक्ष हरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। श्री बृज बिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय अमिलिया के छात्रों ने स्वच्छता से संबंधित नाटक पेश किया। कैबिनेट मंत्री ने लाभार्थी सूरजमुखी, माया, शालिनी वर्मा, फारूक एवं विशाल को आयुष्मान कार्ड भेंट किए।

वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने टीवी के मरीज मऊ खास निवासी कोमल, बनियानी की रजिया को टीवी किट एवं फिरोज, मोहनलाल, श्यामा देवी, बिटान एवं शमीम को फाइलेरिया किट प्रदान की। डॉ. राजवीर डॉ. शैलेंद्र वर्मा डॉ. शैलेंद्र कुमार डॉ. गिरिराज डॉ. पूनम शर्मा डॉ. तस्लीम जहां एवं फार्मासिस्ट दिग्विजय सचान, पंकज सचान, धीरेंद्र कुमार, तरुण श्रीवास्तव, राजाबाबू सचान, हरि शंकर सचान, अरशद खान ने कैबिनेट मंत्री का जोरदार स्वागत किया। डॉ. अनूप सचान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और शिक्षक महेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। एएनएम रामसखी, गीता गुप्ता, शिवांगी, विमला वर्मा, बिटोल देवी, अराधना सक्सेना ने स्टाल सजाकर मरीजों का इलाज किया।

# प्राथमिक विद्यालय कृपालपुर अकबरपुर में बनाए गए बूथ पर पहुंचकर जांच की गई

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**आगामी** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के दौरान जोड़े गए अथवा हटाए गए मतदाताओं के उपरांत बनाई जा रही मतदाता सूची का कानपुर मंडल मंडलायुक्त अमित गुप्ता व जिलाधिकारी आलोक सिंह के द्वारा प्राथमिक विद्यालय कृपालपुर अकबरपुर में बनाए गए बूथ पर पहुंचकर जांच की गई। इस दौरान मंडलायुक्त द्वारा नए जोड़े गए मतदाताओं से भी वार्ता कीए साथ ही मंडलायुक्त द्वारा हटाए गए नाम के संबंध में उपस्थित ग्राम वासियों से सत्यता का परीक्षण भी किया। उन्होंने कहा की अंतिम सूची प्रकाशन होने से पूर्व गहन जांच कर ली जाएए जिससे अंतिम सूची में कोई त्रुटि न हो।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन जेपी गुप्ताए सहायक निर्वाचन अधिकारी अजीत कुमार पांडेयए तहसीलदार अकबरपुरए नायब तहसीलदारए बूथ प्रभारीए मतदाता आदि उपस्थित रहे।

थाना दिवस के अवसर पर मंडलायुक्तए जिलाधिकारी ने थाना अकबरपुर में सुनी लोगों की समस्याएंए शीघ्र निस्तारण हेतु दिए निर्देश'

# पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह के जन्मोत्सव पर किसान सम्मान दिवस का किया गया आयोजन

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**भारत** के भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं लोकप्रिय किसान नेता स्0 चैधरी चरण सिंह जी के जन्मोत्सव पर कृषि विभाग द्वारा ईको पार्क माती में किसान सम्मान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में श्री राकेश सचान मा0 मंत्री सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्योगए उ0प्र0 सरकारए श्रीमती प्रतिभा शुक्ला माननीय राज्यमंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश शासन एवं श्रीमती पूनम शंखवार मा0 विधायक रसूलाबाद द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया।

श्री राकेश सचान मा0 मंत्री सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्योगए उ0प्र0 सरकारए द्वारा भूतपूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए किसानों को अवगत कराया गया कि चैधरी जी किसानों के सच्चे नेता थे तथा उनके द्वारा अपने सम्पूर्ण जीवन को किसानों के हित के लिये समर्पित कर दिया गया। हैं। उनके द्वारा तैयार किया गया जमींदारी उन्मूलन विधेयक राज्य के कल्याणकारी सिद्धांत पर आधारित था। एक जुलाई 1952 को यूपी में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को अधिकार मिला। उन्होंने लेखापाल के पद का सृजन भी किया। इसी प्रकार किसानों के हित के लिए उन्होंने 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। वर्तमान समय में केन्द्र व राज्य सरकार भी उन्ही के आदर्शो को प्रेरणास्त्रोत मान कर किसानो के हित को सर्वोपरि मान कर कार्य कर रही है। श्रीमती प्रतिभा शुक्ला माननीय राज्यमंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अवगत कराया गया कि अवगत कराया गया कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह जी ने कहा था कि राष्ट्र तभी संपन्न हो सकता है जब उसके ग्रामीण क्षेत्र का उन्नयन किया गया हो तथा ग्रामीण क्षेत्र की क्रय शक्ति अधिक होएए अत: जब तक देश का किसान प्रगति नहीं करेगा तब तक देश की प्रगति सम्भव नहीं है। वर्तमान समय में मा0 प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा किसानों के हित के लिए अनेक कल्याणकारी कार्यक्रम ध् योजनाऐं जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिए उर्वकरों एवं बीजों पर अनुदान की योजनाओंए कृषि यंत्रों पर 50 से 80 प्रतिशत अनुदान की योजनाओं का संचालित कर रही है। श्रीमती पूनम शंखवार जी मा0 विधायक रसूलाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी का संकल्प है कि देश का किसान एवं देश की महिलाऐं सम्पन्न एवं सशक्त हो। वर्तमान समय में गरीबोंए महिलाओंए किसानों एवं बाल शिक्षा को सर्वोपरि रखते हुएए कई योजनाएं संचालित की जा रही है।

आयोजित कार्यक्रम में कृषि में उर्दए धानए गेंहूए राईए ज्वारए बाजराए कोदोए सांवा एवं रागी में सर्वाधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले 14 किसानों एवं विकासखण्ड स्तर पर सर्वाधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले 40 किसानों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उद्यान में सरायनीय कार्य करने वाले 08 किसानोंए पशुपालन में सरायनीय कार्य करने वाले 08 पशुपालकों एवं मत्स्य पालन में सरायनीय कार्य करने वाले 08 मत्स्य पालको एवं 10 अग्रणी महिला किसानों को पुरस्कृतध्सम्मानित किया गया। जनपद में दलहन बीज उत्पादन में सराहनीय कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषक श्री ऋषि अग्निहोत्री एवं देहाती गुड पेठा का उत्पादन करने वाले श्री राहुल सचान को भी सम्मानित किया गया। उप कृषि निदेशकए कानपुर देहात द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कृषकलाभकारी योजनाओं जैसे कृषि यंत्रीकरणए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि के साथ.साथ जनपद में कृषि निवेशों की उपलब्धता के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। जिला उद्यान अधिकारीए मुख्य पशु चिकित्साधिकारीए मुख्यकार्यकारी अधिकारी.मत्स्य द्वारा किसानों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी।

आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभागए उद्यान विभागए पुशपालन विभागए मत्स्य विभागए निजी उर्वरक एवं बीज विक्रेताओंए परम्परागत कृषिए महिला स्वयं सहायता समूहोए कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा अपने.अपने विभागोंध्उत्पादों की सुसज्जित प्रदर्शिनी लगा करए विभागीय योजनाओं मे जानकारी एवं अपने उत्पादों का विक्रय किया गया। आयोजित कार्यक्रम अपर जिलाधिकारी ;वि0धा0द्धए उप कृषि निदेशकए परियोजना निदेशक.ग्रा0वि0अभिकरणए जिला कृषि अधिकारीए जिला कृषि रक्षा अधिकारीए जिला उद्यान अधिकारीए मुख्य पशु चिकित्साधिकारीए मुख्य कार्यकारी अधिकारी .मत्स्यए उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी एवं अन्य कृषि एवं कृषि अनुषंगी विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## क्विक न्यूज

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना रनियां में सुनी समस्याएं



**कानपुर देहात।** थाना दिवस पर मंडलायुक्त अमित गुप्ता व जिलाधिकारी आलोक सिंह ने संयुक्त रूप से कोतवाली अकबरपुर में लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिया। मंडलायुक्त ने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों पर कोई लापरवाही ना बरती जाए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेज कर मामलों का निस्तारण शीघ्रता से कराया जाए। इससे पूर्व जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना रनियां में भी लोगों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा जन समस्याओं के निस्तारण में कोई भी लापरवाही ना बरती जाए।राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मामलों का निस्तारण कराया जाए। सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों को तत्काल हटवाने की कार्रवाई पूर्ण की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर थाना प्रभारीए कानूनगोए लेखपालए आदि उपस्थित रहे।

### गीता जयंती पर प्रो. अश्वनी शुक्ल का हुआ सारस्वत अभिनंदन



**फतेहपुर।** गीता जयंती एवं स्मृति शेष डॉ. हरि प्रसाद शुक्ल अकिंचन की 6वीं पुण्यतिथि पर साहित्य भारती भदबा के तत्वावधान में हवन पूजन के बाद प्रो. डॉ. अश्वनी कुमार शुक्ल का सारस्वत अभिनंदन किया गया। बाद में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने काव्य पाठ किया। साहित्य भारती के अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ल प्रणव, डॉ. अवनीश शुक्ल, प्रभात शुक्ल ने अतिथियों का बैज अलंकरण व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता व्याकरणाचार्य सत्यानंद शुक्ला ने किया। डॉ. शुक्ला ने काव्य पाठ करते हुए पढ़ा कि शकुनीपाशी आस्थाओं वाले दूरभि संधि दुर्योधन। ओम प्रकाश शुक्ल ने अभिनंदन की बेला में, सिर नीर भरी गागर भरवाए पढ़ा, वहीं डॉ. राम लखन सिंह परिहार ने पथिक वाणी में मिसरी घोल, ग्रंथियां धीरे-धीरे खोल पढ़ा। राम सजीवन मिश्र निर्मल ने गीता जय गीत गाए, संशय क्षण बीत जाए पढ़ा। संचालन करते हुए शिवशरण सिंह चौहान अंशुमाली ने संकट में है, देश तुम्हारा मत श्रंगारी लिखो, लिखो अरे तो वीर शहीदी बलिदानी के गीत लिखो पढ़कर श्रोताओं में ओज भर दिया। काव्य पाठ को आगे बढ़ाते हुए व्याकरणाचार्य सत्यानंद शुक्ल, आचार्य रामकृपाल मिश्र उज्जवल, डॉ. गया प्रसाद सनेही, केपी सिंह कछवाह, शिव प्रताप सिंह सूर्य, दीपचंद्र गुप्त दीप व आकाश महाराज ने भी अपनी रचनाएं पढ़ी। इस मौके पर अवधेश शुक्ल, सनत कुमार शुक्ल, नीरज मिश्र सहित श्रोता मौजूद रहे।

### अवैध कच्ची शराब, उपकरण तथा लहन बरामद

**खागा (फतेहपुर)।** पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर सुल्तानपुर घोष थाना के अन्तर्गत ग्राम मर्दनपुर में दबिश दी गयी। माया देवी पत्नी रामबाबू निवासी मर्दनपुर व राजन पुत्र मोहन मर्दनपुर को बनाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। दबिश के दौरान कुल 33 लीटर अवैध कच्ची शराब, उपकरण तथा दो कुन्तल किग्रा लहन बरामद किया गया। लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया तथा दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इस मौके पर आबकारी निरीक्षक निधि सिंह व एसआई सूरज कनौजिया सहित पुलिस कांस्टेबल मौजूद रहे।

### गांव किनारे शवदाह गृह का ग्रामीणों ने किया विरोध

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुसईपुर के मजरे रामपुर थरियांव में गांव किनारे बन रहे शवदाह गृह का ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराते हुए थाना दिवस में प्रार्थना पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने गांव के बाहर जंगल में शवदाह गृह का निर्माण कराए जाने की मांग की है। शनिवार को ग्रामीण थाना दिवस में पहुंचे जहां संबंधित अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि गांव में शवदाह गृह का निर्माण प्रस्तावित है।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख की पत्नी व पुत्र पर 1.21 करोड़ रुपए गबन की एफआई आर

**फर्रुखाबाद।** पूर्व व्लाक प्रमुख व ठेकेदार बसपा नेता के पुत्र व पत्नी पर एक करोड़ 21 लाख की धनराशि गबन करनें के मामले में एफआईआर दर्ज की गयी है। जनपद अलीगढ़ के गोविन्द पार्क कालोनी क्वारसी निवासी रजत मित्तल पुत्र वीरेंद्र मित्तल नें पूर्व व्लाक प्रमुख स्वर्गीय महेश राठौर की पत्नी सरिता राठौर व उनके पुत्र सनी राठौर के खिलाफ1 करोड़ 21 लाख 50 हजार रूपये के गबन का मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि रजत मित्तल नें दर्ज कराए गये मुकदमें में कहा है कि कुरार राजकीय पालीटेक्निक कालेज का निर्माण कार्य होना था । महेश राठौर के पास पजीकृत फर्म थी। जिनके साथ रजत नें लिखित अनुबंध किया था। लिहाजा विभिन्य माध्यमों और तिथियों में महेश राठौर को एक करोड़ 21 लाख 50 हजार रूपये दिये। लेकिन महेश राठौर की मौत होनें पर अनुबंध पूर्ण न हो सका । जब उनकी पत्नी सरिता व पुत्र सनी से रुपयों की मांग की तो वह टाल मटोल करनें लगे । जब 12 अगस्त 2023 को जब रूपये लेनें व्यवासायिक सहयोगी सनी व सरिता के घर गये तो आरोप है कि गाली-गलौज कर जान से मारनें की धमकी दी ।

## छात्रा की मौत पर परिजनों ने बार्डन सहित तीन पर की एफआई आर

**फर्रुखाबाद।** छात्रा की मौत में लापरवाही सामने आनें पर पुलिस नें मृतका के परिजनों की तहरीर पर वार्डन सहित तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।थाना अमृतपुर के ग्राम रतनपुर पमारान निवासी मृतका छात्रा आयसा पुत्री उमेश कुशवाहा की मौत के बाद उसके चाचा दिनेश पुत्र कलियान सिंह नें फुल टाइम टीचर (वार्डन) अरुणा देवी, श्रुति व ममता रानी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या (304-ए) के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि नामजद आरोपियों की लापरवाही के चलते छात्रा आयसा की मौत हुई। जाँच दारोगा राजीव कुमार को दी गयी है।

## जिलाधिकारी ने शिकायत पर सड़कों की कराई जांच

**फर्रुखाबाद।** सड़कों के अमानक निर्माण की शिकायत पर जिलाधिकारी नें जाँच कमेटी बनायी थी । कमेटी नें मौके पर पंहुच कर जायजा लिया । सड़कों की गुणवत्ता को परखा ।विकास खंड राजेपुर के ग्राम राजपुर हुसैनपुर निवासी अनिल कुमार नें जिलाधिकारी संजय सिंह से शिकायत कर कहा था कि गाँव में अमानक सड़कों का निर्माण कराया गया है लिहाजा जिलाधिकारी नें जाँच के लिए कमेटी का गठन कर दिया। कमेटी के सदस्य पीडी कपिल कुमार, बीडीओ कौशल कुमार गुप्ता, जेई राजीव गोयल, एई अमरेंद कुमार नें मौके पर आकर सड़कों की गुणवत्ता को परखा। जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी।

# नकली शराब का काला कारोबार

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)

**नकली** शराब के काले कारोबार में एक स्थानीय भाजपा नेता समेत तीन लोगों को पुलिस और आपकारी विभाग की टीम ने गिरफ्तार करके उनके विरुद्ध कार्रवाई की है।

आपकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार विभागीय प्रभारी निरीक्षक गिरीश कुमार ने मुकबिर की सूचना पर सुजानपुर रोड के पास एक मोटरसाइकिल को रोका। इसपर मोटरसाइकिल पर सवार लोगों ने भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। इन लोगों ने अपने नाम अभिषेक सिंह उर्फ सत्यम पुत्र सर्वजीत सिंह निवासी ग्राम पारा थाना कछौना बताया। जबकि दूसरे ने अपना नाम सर्वेश रैदास बताया। इनके पास से एक बोरी प्राप्त हुई जिसमें रखे एक गत्ते में 200एमएम विंटेंज ब्रांड के 45 पउवे बरामद हुए। इनमें से अभिषेक सिंह उर्फ सत्यम को भाजपा कछौना का पदाधिकारी बताया जा रहा है। इनकी सूचना पर दूसरी छापेमारी निर्मलपुर ग्राम के पास संडीला गौसगंज मार्ग पर हुई। यहां धीरेन्द्र नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से विंडीज़ ब्रांड के 130 पउवे शराब के अलावा एक प्लास्टिक की बोरी में नकली बारकोड के 150 पीस तथा 55 ढक्कन और 4 लीटर ऐल्कोहल बरामद हुआ। उक्त व्यक्ति ने बताया कि थाना कासिमपुर के अंतर्गत रहने वाले राहुल गुप्ता ने उसे यह शराब दी है। पुलिस और आपकारी विभाग की संयुक्त टीम राहुल गुप्ता की धरपकड़ के लिए जुट गई है। गौरतलब है कि जनपद हरदोई प्रदेश के आपकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल का गृहजनपद है और यहां अवैध शराब का कारोबार होना एक चिंतनीय विषय है।

## क्रिस्मस की पूर्व संध्या पर नन्हे मुन्नों ने किया धमाल, मनाया क्रिस्मस

**संडीला( हरदोई )।** नगर के टीआरएस कॉन्वेंट स्कूल में अध्ययनरत नन्हे मुन्ने बच्चों ने क्रिस्मस का त्योहार मनाया और एक दूसरो को उपहार दिए।

क्रिस्मस कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की डायरेक्टर डॉ0 विभा सिंह ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंनें कहा कि क्रिस्मस का त्योहार प्रभु ईसामसी जिनका जन्म मानव कल्याण और विश्व शांति के लिए हुआ था, के अवसर पर मनाया जाता है।

इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने प्रभु यीशु पर आधारित कई गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने सेंटा क्लॉज का वेष धारण कर एक दूसरे को उपहार भी बांटे। छात्रा आराध्या, धनिष्ठा, अरबिया, अवनी, अद्रजा, आरव, ज़ैन, निशिका, श्रेष्ठ, राघव, अरिका आदि छात्र छात्राओं ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# ठग गैंग के सदस्य विकास यादव की बढ़ी मुश्किलें

**संवाददाता।** फतेहपुर

**विदेश** में नौकरी दिलानें के नाम पर तमाम बेरोज़गारों से मोटी उगाही करने के सनसनीखे़ज़ मामलों में आरोपी विकास सिंह उर्फ़सन्दीप यादव ने कुर्क़ी की कार्यवाही अमल में आने के बाद विदेश से आकर स्थानीय कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज़ दिया गया। विकास गैंगस्टर शैलेंद्र सिंह उर्फ़ राजू यादव का छोटा भाई है। ग़ौरतलब है कि बेरोज़गारों को विदेश में नौकरी दिलानें के नाम पर एक संगठित गिरोह ने कइयों से मोटी वसूलीं की और नौकरी न मिलने पर जब इन बेरोज़गारों ने अपना पैसा वापस माँगा तो उन्हें धमकियाँ दी गई। उपरोक्त ठगी से संबंधित कई मुकदमें स्थानीय कोतवाली में दर्ज़ कराये गये हैं। इस गैंग का सरग़ना बताया जा रहा शैलेंद्र सिंह उर्फ़राजू यादव पूर्व में ही गिरफ़्तार हो चुका था किन्तु विदेश में रहने के कारण विकास पुलिस के हाथ नहीं लग रहा था। बताते हैं कि उपरोक्त मामलों की विवेचना में कोतवाली पुलिस ने प्रारम्भ से गंभीर नहीं रही, किन्तु विभिन्न मुक़दमों के वादीगणों द्वारा की गई ज़बरदस्त पैरवी और उच्चाधिकारियों तक हुईं शिकवा-शिकायतों के बाद अंत्योगत्वा पुलिस की नींद टूटी और न सिर्फ़ सरग़ना की गिरफ़्तारी की बल्कि गैंगेस्टर ऐक्ट की कार्यवाही भी की। अभी कुछ दिन पहले ही राजू यादव को उच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिली है। वादी अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि पिछलें वर्ष सदर कोतवाली में दर्ज हुए मुक़दमा अपराध संख्या सात सौ एक एवं सात सौ चौबीस में सह आरोपी राजू यादव के छोटे भाई विकास सिंह उर्फ़ सन्दीप यादव विदेश में रहता था जिसकी गिरफ़्तारी नहीं हो पा रही थी किन्तु कुछ माह पूर्व से हरकत में आई पुलिस ने दबाव बढ़ाया ख़ासकर विवेचक दिनेश सिंह द्वारा परिजनों पर दबाव बढ़ाने और पिछलें दिनों कुर्क़ी की कार्यवाही अमल में लाए जानें के बाद विकास विदेश से स्वदेश लौटा और इधर-उधर हाथ-पैर पटक़ने के बाद स्थानीय सीजीएम कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया, जिसकें बाद विगत 18 दिसम्बर को ज़िला जज कोर्ट ने भी विकास को जेल भेज़ दिया। विकास के जमानत प्रार्थना पत्र में अब आगामी पाँच जनवरी को डीजे कोर्ट में सुनवाई होगी।

# पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण करें: सीओ



**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** शासन के निर्देश पर कोतवाली परिसर में सदर क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सीओ सदर ने फरियादियों की समस्याएं सुन कर जिम्मेदार अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में पहुंची सदर क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रियंका वाजपेई ने कुल पांच फरियादियों की राजस्व संबंधित समस्याएं सुनी जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाधान दिवस पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर निस्तारण करने का कार्य किया जाए। जिससे समाधान दिवस के महत्व को सही मायने में साकार किया जा सके। इस दौरान नायब तहसीलदार शिखर मिश्रा, कोतवाली निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा, राजस्व निरीक्षक प्रेम कृष्ण मिश्रा व पर्वेंद्र यादव, उप निरीक्षक विनय शर्मा, आरएस वर्मा, चंद्रभान सिंह, रॉबिन सिंह, नीलम सिंह, राजेश प्रताप, हेडमोहर्रिर राघवेंद्र सिंह सहित लेखपाल यज्ञदत्त यादव, रोहित कुमार, कौशल पांडेय आदि मौजूद रहे।

## श्रम प्रबंधन अधिकारी ने बाजार बंदी का किया निरीक्षण

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** शासन के निर्देश पर बाजार बंदी को पूर्णतय: सफल बनाने के उद्देश्य से श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने पुलिस टीम के साथ नगर भ्रमण कर बाजार बंदी का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान खोले कुछ दुकानदारों को श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। शनिवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी कीर्ति ने सहकर्मियों जेपी सिंह, शरद दीक्षित सहित उपनिरीक्षक नीलम सिंह व पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, रेलवे रोड, राम मार्केट, तिर्वा रोड सहित प्रमुख मार्गो पर भ्रमण कर बाजार बंदी का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान खोले कुछ दुकानदारों से श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए दोबारा नियमों का पालन न करने पर कार्यवाही की चेतावनी दी।

# चौधरी चरण सिंह की जयंती मना किसानों को किया सम्मानित

**संवाददाता।** फतेहपुर



**पूर्व** प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा के नाम से मशहूर स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में किया गया। किसान सम्मान दिवस में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना रबी अभियान के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ जिलाधिकारी सी. इन्दुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने फीता काटकर किया और मेले में लगे स्टालों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किसान सम्मान दिवस का शुभारंभ किया। किसान मेला में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम, श्रम विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, यूनिवर्सल सोम्पो (फसल बीमा), मृदा परीक्षण, प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति, भृगु आग्रेनिक जैविक उत्पाद, वीएनआर सीड्स आदि विभागों द्वारा स्टाल लगाये गये। मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अधिकारियों ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

समारोह में रबी दो हज़ार बाईस-तेईस की फसल प्रतियोगिता में गेहूँ फसल में अधिकतम उत्पादन अड़सठ कुंतल अस्सी किलो प्रति हेक्टर प्राप्त करने वाले कृषक श्रीपाल ग्राम सुल्तानपुर विकास खण्ड भिटौरा को प्रथम पुरस्कार तथा द्वितीय स्थान जितेन्द्र सिंह ग्राम सूबेदार का पुरवा ब्लाक तेलियानी साढ़े अड़सठ कुंतल प्रति हेक्टर गेहूँ उत्पादन प्राप्त करने वाले कृषक को क्रमश: सात हज़ार एवं पाँच हज़ार का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी तरह अन्य फसलों के साथ-साथ अन्य विभागों की योजनाओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। किसान सम्मान समारोह में कृषि विभाग एवं कृषि से संबंद्ध विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। आयोजित गोष्ठी में कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीकी एवं विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने स्व. चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा द्वारा किसानों के हित में एवं भूमि सुधार हेतु किये गये कार्यों को बताने के साथ मिलेट्स उत्पादों का अधिक से अधिक प्रयोग करने तथा मिलेट्स फसलो का उत्पादन करने हेतु अपील करने के साथ विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। उद्यान, मत्स्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप से कृषकों को प्रदान की गयी। किसान सम्मान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उप कृषि निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, ईईसी, भूमि संरक्षण अधिकारी रा0जला0, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, सहायक निदेशक, रेशम सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कृषक उपस्थित हुए।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 24 दिसंबर, 2023



## हिजाब पर पाबंदी हटाने का विचार कर रही कर्नाटक की सरकार

● भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर बोला हमला

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को स्पष्टीकरण दिया कि सरकार अभी राज्य में शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगी रोक को हटाने पर विचार कर रही है और सरकार के स्तर पर विचार-विमर्श के बाद इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा। सिद्धरमैया ने यहां संवाददादातों से बातचीत में कहा, हमने अभी ऐसा किया नहीं है (हिजाब पर रोक हटाना)। किसी ने मुझसे हिजाब पर रोक हटाने के बारे में सवाल किया था तो मैंने कहा कि सरकार इसे हटाने पर विचार कर रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या यह इसी शैक्षणिक सत्र में किया जाएगा, मुख्यमंत्री ने कहा कि चर्चा के बाद ए किया जाएगा। मुख्यमंत्री की तरफ से यह स्पष्टीकरण उनके उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर कोई प्रतिबंध नहीं है और उन्होंने कहा था कि पंसद के कपड़े पहनना और भोजन का चयन व्यक्तिगत मामला है। इस घोषणा के बाद से ही भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस सरकार पर हमलावर हो गई थी। भाजपा ने कहा कि यह कदम शिक्षण संस्थानों की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति के प्रति चिंता पैदा करता है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी.वाई. विजएंद्र ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस पर लोकसभा चुनाव से पहले तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और दावा किया, आजादी के इतने वर्ष बाद भी अल्पसंख्यकों में साक्षरता और रोजगार दर 50 प्रतिशत है। कांग्रेस ने कभी अल्पसंख्यकों की हालत सुधारने की कोशिश नहीं की। भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति पर विश्वास करती है तथा अंग्रेजों की विरासत को आगे बढ़ा रही है। इससे पहले विजएंद्र ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि सरकार युवाओं को धार्मिक आधार पर बांट रही है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया का शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने का निर्णय शैक्षणिक संस्थानों की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति के प्रति चिंता पैदा करता है। विजएंद्र ने कहा, शिक्षण संस्थानों में धार्मिक परिधान को मंजूरी देकर सिद्धरमैया सरकार युवाओं को धार्मिक आधार पर बांटने का काम कर रही है और पढ़ने-लिखने के समग्र वातावरण में व्यवधान पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि विभाजनकारी गतिविधियों की जगह शिक्षा को तरजीह दी जाए और ऐसा माहौल पैदा किया जाए जहां छात्र धार्मिक प्रथाओं से प्रभावित हुए बगैर शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

# आजम खान, उनकी पत्नी-बेटे की सजा के फैसले के खिलाफ अपील खारिज

**रामपुर (भाषा)।** रामपुर की एक विशेष अदालत ने सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान, उनकी पत्नी एवं बेटे को जन्म प्रमाण पत्र मामले में अधीनस्थ अदालत द्वारा सात-सात वर्ष की कैद सजा सुनाए जाने के फैसले को उचित ठहराते हुए उसके विरुद्ध दायर अपील को खारिज कर दिया। ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश (सांसद-विधायक अदालत) विजय कुमार ने रामपुर की अधीनस्थ एमपी-एमएलए अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले को जायज ठहराते हुए आजम, उनकी पत्नी एवं बेटे की अपील को खारिज कर दिया।



रामपुर की एमपी-एमएलए अदालत के मजिस्ट्रेट शोभित बंसल ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को 18 अक्टूबर, 2023 को सात साल की कैद सजा सुनाई थी और 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था। फैसले के बाद, तीनों को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया था और अदालत से ही जेल भेज दिया गया था। इसी फैसले को चुनौती दी गई थी। तब आजम खान, अब्दुल्ला आजम खान और डॉ तंजीन फातिमा को अदालत में पेश होने के लिए समन किया गया था। आजम खान सीतापुर जेल और अब्दुल्लाह आजम खान हरदोई जेल से तथा डॉक्टर तंजीन फातिमा रामपुर जिला जेल से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामपुर की एमपी एमएलए अदालत (सेशन ट्रायल) के न्यायाधीश विजय कुमार की अदालत में पेश हुए और अदालत ने अपील पर फैसला सुनाया। रामपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मौजूदा विधायक आकाश सक्सेना ने बताया था कि उन्होंने तीन जनवरी 2019 को गंज थाने में मामला दर्ज कराया जिसमें आरोप लगाया था कि खान और उनकी पत्नी तजीन ने अपने बेटे अब्दुल्ला आजम को दो फर्जी जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने में मदद की थी। इसमें कहा गया था कि इनमें से एक प्रमाणपत्र लखनऊ से जबकि दूसरा रामपुर से बनवाया गया था।इसी मामले में अदालत ने तीनों को सात-सात वर्ष की कैद सजा सुनाई। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) 1951 के प्रावधानों के तहत दो साल या उससे अधिक की कैद की सजा पाने वाले किसी भी जनप्रतिनिधि को सजा की तारीख से अयोग्य घोषित कर दिया जाता है और सजा काटने के बाद अगले छह साल तक उसके चुनाव लड़ने पर रोक रहती है।

रामपुर से 10 बार विधायक रहे आजम खान 2022 में भी इसी सीट से चुने गए थे, लेकिन पिछले साल नफरती बयान प्रकरण में स्थानीय अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। आजम खान लोकसभा और राज्यसभा के भी सदस्य रह चुके हैं।

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के टिकट पर स्वार सीट से जीतने वाले अब्दुल्ला को 2008 में एक लोक सेवक को गलत तरीके से रोकने के लिए उस पर हमला करने के आरोप में मुरादाबाद की एक अदालत ने पहले ही दोषी ठहराया था। इस साल फरवरी में दोषी ठहराए जाने और दो साल की जेल की सजा सुनाए जाने के दो दिन बाद अब्दुल्ला को उत्तर प्रदेश विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी तिवारी ने बताया कि हालांकि पड़ोसी से मारपीट के एक अन्य मामले में आजम खान और उनके परिजनों को एक अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। उन्होंने बताया कि यह मामला आजम खान, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान और मुख्य अभियंता पद से सेवानिवृत्त हुए उनके बड़े भाई एवं भतीजे को लेकर गंभीर आपराधिक धाराओं में दर्ज किया गया था। यह मामला आजम खान के पड़ोसी मोहम्मद अहमद द्वारा दर्ज कराया गया था।

## संस्कृत विद्यालय के नौ अध्यापकों के वित्तीय अनुमोदन वापस लेकर वेतन वसूली आदेश रद्द

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने बिना नोटिस व सुनवाई का मौका दिए श्री विश्वनाथ संस्कृत महाविद्यालय कोरांव प्रयागराज में नियुक्त नौ अध्यापकों के वित्तीय अनुमोदन को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वापस लेने के आदेश को रद कर दिया है और कहा है कि निरीक्षक चाहें तो नया आदेश जारी कर सकते हैं। महाविद्यालय के कथित प्रबंधक विनय कुमार की शिकायत पर निरीक्षक ने अपना पूर्व पारित आदेश याचियों को सुनें बगैर निरस्त कर दिया था। जिसे याचिका में चुनौती दी गई थी। यह आदेश न्यायमूर्ति विकास बुधवार ने अखिल त्रिपाठी और आठ अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। मालूम हो कि संस्कृत महाविद्यालय की प्रबंध समिति ने खाली पदों को भरने का विज्ञापन निकाला। याचियों ने आवेदन किया। चयन समिति ने याचियों का चयन किया और इनकी नियुक्ति की गई। इन नौ अध्यापकों की नियुक्ति अंग्रेजी गणित व्याकरण साहित्य प्राचीन इतिहास संस्कृत समाजशास्त्र व्याकरण और अर्थशास्त्र विषय पर कई गई। सभी ने कार्यभार ग्रहण किया। अनुमोदन न होने से वेतन नहीं मिला तो हाईकोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने जिला विद्यालय निरीक्षक को नियुक्ति पर वित्तीय अनुमोदन देने पर विचार कर आदेश पारित करने का निर्देश दिया। जिस पर वित्तीय अनुमोदन दिया गया। किंतु शिकायत की गई कि छह पद ही है और नौ अध्यापकों की नियुक्ति कर ली गई तो निरीक्षक ने अनुमोदन आदेश वापस लेकर दिए गए वेतन की वसूली का आदेश दिया था। जिसे कोर्ट ने रद कर दिया है।

## तबादले के आठ माह बाद कार्यमुक्त करने के दोनों आदेशों पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तबादले के आठ माह बाद हेड पुलिस कांस्टेबल को कार्यमुक्त करने के कारण दोनों आदेशों पर रोक लगा दी है और कहा है कि अगले साल जब तबादला नीति के तहत अन्य पुलिस कांस्टेबल का तबादला किया जाने लगे तो याची का भी नये सिरे से तबादला किया जाए। याची का तबादला जौनपुर से चंदौली किया गया था। जिस पर रोक लगा दी गई है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने कुमारी आनंद भैरवी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता धनंजय मिश्र ने बहस की। इनका कहना था कि ऐसे ही मामले में कोर्ट ने तबादला आदेश रोकते हुए अगले वर्ष नये सिरे से तबादले का आदेश दिया है। याची का तबादला 31 मार्च 23 को किया गया था और उसे 14 नवंबर 23 को कार्यमुक्त किया गया। जिसे कोर्ट ने सही नहीं माना।

## हाईकोर्ट सेवा संवर्ग के 50 अधिकारी प्रोन्नत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन ने उच्च न्यायालय सेवा संवर्ग के 50 अधिकारियों को प्रोन्नति प्रदान की है। महानिबंधक राजीव भारती की अधिसूचना के अनुसार प्रोन्नत अधिकारियों में संयुक्त निबंधक जितेंद्र नाथ दीक्षित लखनऊ नंद लाल प्रथम संजय सिंह चौहान और अरुण कुमार अग्रवाल को निबंधक उप निबंधक इंद्रकांत शुक्ल आनंद कुमार पांडेय लखनऊ रजनीश कुमार सिंह और अजय कुमार द्विवेदी को संयुक्त निबंधक सहायक निबंधक राम देश लखनऊ अनिल कुमार सिंह अनूप कुमार और संजय कुमार श्रीवास्तव को उप निबंधक अनुभाग अधिकारी सुषमा सिंह आभा खरे साम्यदीप गांगुली बिकास तनु गोस्वामी को सहायक निबंधक और समीक्षा अधिकारी राधा अधिकारी लखनऊ शहर अब्बास लखनऊ डॉली कनौजिया लखनऊ पवन कुमार सिंह जितेंद्र कुमार विनोद सिंह लखनऊ सुधाकर सिंह शरद कुमार जायसवाल नेत्रपाल सिंह लखनऊ अहमद शजील आशुतोष श्रीवास्तव मनोज कुमार पांडेय करुणा निधान लखनऊ संजीव कुमार सोनी सिंह लखनऊ संजय कुमार यादव लखनऊ संदीप कुमार रिजवाना तनुज कुमार गांधी सुशील कुमार सिंह दीपक कुमार श्रीवास्तव रजीब तिवारी लखनऊ सुची श्रीवास्तव पूजा अग्रवाल कुंदन कुमार पांडेय अखिलेश कुमार उपाध्याय बृजेंद्र मणि पांडेय दुर्गा प्रसाद जायसवाल विवेक द्विवेदी लखनऊ जागृति शुक्ला हेमंत चंद्र सिंह कंचन श्रीवास्तव लखनऊ विनीता शुक्ला लखनऊ और प्रियंका तिवारी को अनुभाग अधिकारी बनाया गया है। उच्च न्यायालय कर्म अधिकारी संघ के महासचिव बृजेश कुमार शुक्ल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक निरंजन संयुक्त सचिव विजयानंद द्विवेदी सहायक सचिव गवेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष बृजेश यादव खेल सचिव पंकज कुशवाहा और कार्यकारिणी सदस्य भूपेश गौतम आकांक्षा पांडेय वक़ार आलम सिद्धांत साहू आकांक्षा श्रीवास्तव राजकुमार मिश्र सचिंद्र नाथ आदिल शमीम मिठाई लाल सोनकर अशोक भास्कर और अखलेश ने पदोन्नत अधिकारियों को बधाई दी है।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने खरगे को फिर लिखा पत्र, कल अपने आवास पर आमंत्रित किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को संसद में व्यवधान और विपक्षी सांसदों के निलंबन के मुद्दे पर बातचीत के लिए 25 दिसंबर को अपने आवास पर आमंत्रित किया और कहा कि उनके बार-बार आग्रह के बावजूद शीतकालीन सत्र के दौरान ऐसी बैठक नहीं हो सकी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सदन में व्यवधान इरादातन था और रणनीति के तहत था। धनखड़ ने पत्र में कहा, इस प्रकरण में मुख्य विपक्षी दल की पूर्वनियोजित भूमिका की ओर इंगित करके, मैं आपको लज्जित नहीं करना चाहता, लेकिन जब कभी भी मुझे आपसे बातचीत करने का अवसर लाभ मिलेगा, मैं आपसे वह साझा अवश्य करूंगा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे को एक ताजा पत्र में धनखड़ ने लिखा, हमें आगे बढ़ने की जरूरत है और उन्हें 25 दिसंबर को या उनकी सुविधानुसार किसी भी समय पर अपने आधिकारिक आवास पर बातचीत के लिए आमंत्रित किया। खरगे के 22 दिसंबर के पत्र का जवाब देते हुए राज्यसभा के सभापति ने कहा कि उन्हें संतोष होता अगर कांग्रेस नेता का यह दावा कि हम संवाद और बातचीत में दृढ़ता से यकीन रखते हैं वास्तव में चरितार्थ हो पाता।

धनखड़ ने पत्र में लिखा है, पूरे सत्र भर, कभी मैंने सदन के अंदर आग्रह किया तो कभी पत्र लिखकर आपसे संवाद और परामर्श करने का अनुरोध किया, आपसे बातचीत करने के लिए बार बार किया गया मेरा हर प्रयास विफल रहा। धनखड़ ने कहा कि खरगे के दृष्टिकोण के विपरीत, निलंबन का कारण सदन में की जा रही नारेबाजी, तख्ती लहराना, सदन के वेल में घुसने का प्रयास और आसन के सामने अशोभनीय व्यवहार कर, इरादतन पैदा किया जा रहा व्यवधान था। उपराष्ट्रपति ने कहा, इस दुर्भाग्यपूर्ण कदम को उठाने से पहले, मेरे द्वारा सदन में व्यवस्था स्थापित करने के हर प्रयास, हर उपाय किए गए। थोड़ी थोड़ी देर के लिए सदन को स्थगित कर, मैंने अपने कक्ष में बुला कर बातचीत करने का भी भरसक प्रयास किया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने शुक्रवार को धनखड़ को पत्र लिखकर कहा था कि इतने बड़े पैमाने पर सांसदों का निलंबन भारत के संसदीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के लिए हानिकारक है। खरगे ने धनखड़ को लिखे पत्र में कहा कि वह इतने अधिक सांसदों के निलंबन से दुखी एवं व्यथित हैं और हताश एवं निराश महसूस कर रहे हैं।

## वैवाहिक विवाद को लेकर दुष्कर्म केस कार्यवाही पर रोक, विपक्षियों से छह सप्ताह में जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जौनपुर निवासी रणधीर पटेल और उसकी मां के खिलाफ चल रहे दुष्कर्म गाली गलौज व एससी एसटी एक्ट केस कार्यवाही पर रोक लगा दी है और विपक्षी को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने के आदेश दिया है।प्रयागराज के थाना खुल्दाबाद के अंतर्गत हिम्मतगंज निवासी महिला ने अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म और जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौज के आरोप में प्रयागराज के जार्जटाउन थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने आरोपपत्र दाखिल किया है। विशेष अदालत के सम्मन आदेश को याचिका में चुनौती दी गई है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने रणधीर पटेल और अन्य की याचिका पर दिया है।याची अधिवक्ता सुनील चौधरी का कहना है कि पीड़िता अनुसूचित जाति की है। उसकी याची से फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई। सीएमपी डिग्री कॉलेज में 2020 में मुलाकात हुई और परिवार को बिना बताए दोनों ने शादी कर ली। दो साल तक दोनों पति पत्नी की तरह रहे। याची उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल है। बस्ती जिले में तैनात है। दोनों में मनमुटाव हो गया।तो दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरोप है कि याची द्वारा पीड़िता से दुष्कर्म के बाद सिंदूर मांग में भरकर शादी का ढोंग किया गया।

### रिकॉर्ड सहित एसडीएम शाहगंज 5 को तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एसडीएम शाहगंज जिला जौनपुर को 5 जनवरी कोठ रिकॉर्ड सहित पेश होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कई बार सरकारी वकील को जानकारी लेने के लिए समय दिया। किंतु कोई जवाब नहीं मिला।जिसे कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने रामा देवी की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता आर एन यादव और अभिषेक यादव ने बहस की। इनका कहना है कि याची की भूमिधरी खेती की जमीन है। पड़ोसी ने मेड काट कर उसके खेत के हिस्से को अपने खेत में मिला लिया है। एसडीएम के समक्ष पैमाइश के लिए अर्जी दी गई। राजस्व? निरीक्षक से रिपोर्ट मांगी गई। रिपोर्ट एसडीएम द्वारा स्वीकार कर ली गई किंतु पैमाइश नहीं कराई जा रही। केवल तारीख पर तारीख लग रही है।जिसपर याचिका दायर की गई है।

## विकास, रोजगार के लिए खनन जरूरी, सरगुजा में नफे-नुकसान पर विचार के बाद लेंगे निर्णय: साय

**भाषा।** रायपुर



**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि उनकी सरकार इस पर सहमत नहीं है कि औद्योगीकरण और खनन नहीं होना चाहिए, बल्कि ए गतिविधियां विकास और रोजगार के लिए महत्वपूर्ण हैं।

साय ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के जैव-विविधता से समृद्ध सरगुजा क्षेत्र के संबंध में खनन गतिविधियों के फायदे और नुकसान का विश्लेषण करने के बाद उचित कदम उठाएगी, जहां पिछले कई वर्षों में अनेक स्थानों पर कोयला खनन के खिलाफ आदिवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया है। साय ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में यह भी दावा किया कि राज्य में सरकार बदलने के बाद नक्सली हताश हो गए हैं और डबल इंजन वाली सरकार इस समस्या से मजबूती से लड़ेगी और इसे खत्म करेगी। राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हराकर भारतीय जनता पार्टी पांच साल बाद सत्ता में वापस आई है।

राज्य में भाजपा के प्रमुख आदिवासी चेहरे साय ने पिछले सप्ताह 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। साय उत्तरी छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सरगुजा संभाग से आते हैं, जहां भाजपा ने इस चुनाव में सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों पर जीत हासिल की है। सरगुजा क्षेत्र के लोग, विशेषकर आदिवासी पिछले कई वर्षों से हसदेव अरंड वन क्षेत्र में कोयला खनन का विरोध कर रहे हैं इस संबंध में नवनिर्वाचित सरकार के रुख के बारे में पूछे जाने पर साय ने कहा, ..जहां तक खनन की बात है, उसे देखेंगे। खनन नहीं हो, उद्योग धंधे नहीं खुले, हम इस पक्ष में नहीं हैं। क्योंकि ये सब रोजगार बढ़ाने के अवसर हैं।

## केरल में 32 फीसदी वाहनों का बीमा नहीं: परिवहन विभाग

**तिरुवनंतपुरमग( भाषा )।** केरल में वर्तमान में 32 प्रतिशत वाहनों का बीमा नहीं है जिससे कई लोगों की जान को खतरा है। राज्य परिवहन आयुक्त एस. श्रीजीत ने यह जानकारी दी। श्रीजीत ने कहा कि मोटर वाहन विभाग सभी वाहनों की पूर्ण बीमा कवरेज हासिल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने यह बयान हाल में तिरुवनंतपुरम में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के अनिवार्य बीमा जागरूकता अभियान के तहत सामान्य बीमाकर्ता मैग्मा एचडीआई द्वारा आयोजित की गई महिला मोटरसाइकिल रैली के दौरान दिया।

## केंद्र को सॉलिसिटर जनरल द्वारा दी गई राय आरटीआई के दायरे में नहीं: दिल्ली हाई कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के 2011 के उस आदेश को रद्द कर दिया है जिसमें 2जी स्पेक्ट्रम के आवंटन पर सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा दर्ज विभिन्न मामलों में 2007 में भारत के सॉलिसिटर जनरल द्वारा केंद्र को दी गई राय का खुलासा करने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने कहा कि ऐसी जानकारी को सूचना के अधिकार (आरटीआई) के प्रावधानों के तहत छूट दी जा सकती है और केवल तभी यह जानकारी दी जा सकती है जब यह मानने की ठोस वजह हो कि इसका खुलासा जनहित में है। केंद्र ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के फैसले को चुनौती दी थी। इस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल और भारत सरकार के बीच रिश्ता विश्वास और एक लाभार्थी का है और अत: इसे कानून की धारा 8 (1)(ई) के तहत छूट दी गई है। उच्च न्यायालय ने कहा कि मौजूदा मामले में चूंकि आरटीआई आवेदक ने कोई जनहित का प्रदर्शन नहीं किया है तो सीआईसी का आदेश बरकरार नहीं रह सकता।




# पेज एक का शेष

### भारत आ...

को सहायता प्रदान करने के लिए क्षेत्र के सभी जहाजों को भी सतर्क कर दिया है।आसपास के क्षेत्र में भारतीय नौसेना के युद्धपोत भी व्यावसायिक जहाज की ओर बढ़ रहे हैं। यह कथित तौर पर लाइबेरिया का ध्वजांकित और इजरायल से संबद्ध है। भारतीय नौसेना का पी-8आई समुद्री निगरानी विमान गोवा में आईएनएस हंसा नौसैनिक हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद संकटग्रस्त जहाज के साथ संचार स्थापित करने में कामयाब रहा। संदिग्ध ड्रोन हमला कथित तौर पर ईरान समर्थित हाउती द्वारा लाल सागर में मिसाइल और ड्रोन हमलों की पृष्ठभूमि में हुआ है। हाउती का दावा है कि वे चल रहे इज़राइल-हमास संघर्ष में फलस्तीनियों के समर्थन में हैं।

### अमेरिका में...

के साथ मंदिर के बाहर एक साइनपोस्ट पर स्प्रे-पेंट किया गया था। नेवार्क पुलिस ने कहा कि हिंसा, संपत्ति की क्षति, उत्पीड़न, धमकी, या नफरत या पूर्वाग्रह से प्रेरित अन्य अपराधों के किसी भी कार्य या धमकी को बहुत गंभीर माना जाता है और इसे बहुत उच्च प्राथमिकता दी जाती है। अधिकारियों ने प्रतिक्रिया व्यक्त की और मंदिर के पदाधिकारियों से मुलाकात की जिन्होंने इस कदम को उन्हें डराने के लिए किया गया बताया। बयान में कहा गया कि नारेबाजी की सामग्री के आधार पर यह माना जाता है कि विरूपण एक लक्षित कार्य था और बर्बरता की संभावित घृणा अपराध के रूप में जांच की जा रही है। सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने मंदिर को विरूपित करने की कड़ी निंदा की। वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया कि हम कैलिफोर्निया के नेवार्क में एसएमवीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर को भारत विरोधी नारों से विरूपित करने की कड़ी निंदा करते हैं। वाणिज्य दूतावास ने कहा कि इस घटना ने भारतीय समुदाय की भावनाओं को आहत किया है। हमने इस मामले में अमेरिकी अधिकारियों से त्वरित जांच और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के लिए दबाव डाला है। नेवार्क पुलिस ने आगे कहा कि हिंसा, संपत्ति की क्षति, उत्पीड़न, धमकी, या नफरत या पूर्वाग्रह से प्रेरित अन्य अपराधों के किसी भी कार्य या धमकी को बहुत गंभीर माना जाता है और इसे बहुत उच्च प्राथमिकता दी जाती है। पुलिस ने कहा कि घटनाओं की श्रृंखला स्थापित करने और जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाने के लिए अधिकारी जांच कर रहे हैं, सबूत इकट्ठा कर रहे हैं और आस-पास के व्यवसायों से निगरानी फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं। विभाग ने कहा कि 'हम अपने समुदाय के साथ एकजुट हैं और इस घटना के संबंध में किसी भी जानकारी के लिए समुदाय के सदस्यों से आगे आने और जांचकर्ताओं से बात करने का आग्रह कर रहे हैं।' पुलिस इस जांच के संबंध में जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से नेवार्क पुलिस जांच इकाई से संपर्क करने के लिए कह रही है। यह पहला मामला नहीं है जब हाल ही में खालिस्तानी अलगाववादियों द्वारा किसी मंदिर को इस तरह की नारे लिखकर विरूपित किया गया हो। भारत कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे अपने साझेदार देशों से 'चरमपंथी खालिस्तानी विचारधारा' को जगह नहीं देने के लिए कहता रहा है। कनाडा स्थित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद खालिस्तान समर्थकों ने अपनी भारत विरोधी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। जुलाई में सैन फ्रांसिस्को में भारत के वाणिज्य दूतावास पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला किया था, जिन्होंने राजनयिक केंद्र को आग लगाने की कोशिश की थी। अमेरिका में एक अलगाववादी सिख नेता की हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी की संलिप्तता के आरोपों के बाद नेवार्क में मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। अमेरिकी अभियोजकों ने भारतीय अधिकारी को संयुक्त राज्य अमेरिका में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की हत्या की साजिश रचने के एक आरोपी से जोड़ा है। भारत ने इस मामले पर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि आरोपों की जांच करने वाले जांच पैनल के निष्कर्षों के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, एक भारतीय अधिकारी के साथ मिलकर पन्नुन की हत्या की योजना बनाने के आरोप में चेक गणराज्य में निखिल गुप्ता की गिरफ्तारी के बारे में बात करते हुए, जयशंकर ने कहा कि भारतीय दूतावास को (उस देश की सरकार द्वारा) उन्हें कांसुलर पहुंच प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा कि जब भी किसी भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया जाता है तो हम उनकी देखभाल के लिए राजनयिक पहुंच की मांग करते हैं जो हमें तीन बार मिल चुकी है।

### बढ़े वोट शेयर...

कि मोदी ने 2019 के चुनावों में अपने प्रदर्शन से भाजपा के वोट शेयर को 10 प्रतिशत बढ़ाने का आह्वान किया था, जब सत्तारूढ़ पार्टी को 37 प्रतिशत से अधिक वोट मिले थे, जबकि उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लगभग 45 प्रतिशत वोट मिले थे। सूत्रों के मुताबिक, मोदी ने कहा कि भाजपा ने 2019 में 303 सीटें जीती थीं और अगर हम मिशन मोड पर काम करेंगे तो 2024 में और सीटें जीतेंगे। 2014 में केंद्र में सत्ता में आने के बाद से, भाजपा ने राज्य विधानसभा चुनावों में अपना वोट शेयर 50 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया है और कई चुनावों में इस उपलब्धि में सफल रही है। सूत्रों ने बताया कि एक दिन पहले मोदी की तरह शाह ने भी चुनावों में संगठन की प्रधानता को रेखांकित किया और कहा कि इसे ऐसी 'जबरदस्त' जीत हासिल करनी चाहिए कि विपक्ष इसे चुनौती देने से पहले कई बार सोचे। प्रधानमंत्री ने महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों तक पहुंचने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिन्हें उन्होंने अक्सर चार सबसे बड़ी 'जातियों' के रूप में वर्णित किया है। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं को 'सोशल मीडिया पर आक्रामक तरीके से विचार व्यक्त करने' और 'तथ्यों के साथ विपक्ष के नकारात्मक प्रचार का सकारात्मक जवाब देने' की भी सलाह दी। उन्होंने पार्टी नेताओं से अधिकतम संख्या में इन लोगों को चल रही 'विकासशील भारत संकल्प यात्रा' से जोड़ने के लिए कहा, जिसका उद्देश्य उनकी सरकार की प्रमुख कल्याण योजनाओं को पूरा करना है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने कोई विशिष्ट सीट लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है, लेकिन एक जीत सुनिश्चित करने पर जोर दिया है जो 2019 के प्रदर्शन से बड़ी होनी चाहिए जब भाजपा ने 543 लोकसभा सीटों में से 303 सीटें हासिल की थीं। उन्होंने विपक्ष पर झूठ का सहारा लेने और फर्जी बातें फैलाने का आरोप लगाया, लेकिन विश्वास जताया कि लोग मोदी को केंद्र में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पुरस्कृत करेंगे। पार्टी के शीर्ष नेताओं ने अपने भाषणों में भाजपा पदाधिकारियों से हर जगह अपनी बूथ समितियों को मजबूत करने को कहा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसके स्थानीय कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचें। बैठक में हाल के विधानसभा चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत की भी सराहना की गई, जिसमें तीन हिंदी भाषी राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की पार्टी इकाई के अध्यक्षों ने जीत पर बात की। मोदी के नेतृत्व, उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की अपील और संगठनात्मक मशीनरी की ताकत को जीत की बड़ी वजह बताया गया। पार्टी के विभिन्न 'मोर्चों' ने चुनाव से पहले अपने आगामी कार्यक्रमों के बारे में बात की।

### देश का...

सरकार विकास की बुलेट ट्रेन की रफ्तार से आगे बढ़ रही है और उत्तर प्रदेश अपनी ताकत एवं सामर्थ्य से देश के विकास का इंजन बन रहा है। योगी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की जयंती पर हम जाट महासभा और चौधरी चरण सिंह स्मारक समिति को धन्यवाद देते हैं। चौधरी चरण सिंह की स्मृतियों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह भारत की अर्थव्यवस्था को गहराई से समझते थे। उनका मानना था कि किसान गरीब रहेगा तो भारत गरीब होगा। भारत की समृद्धि का रास्ता गांव, खेत, खलिहानों से होकर जाता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले सरकारें आगे होती थीं और समाज पीछे होता था, लेकिन अब चौधरी चरण सिंह स्मारक और जाट महासभा आगे है, सरकार उनके पीछे खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साढ़े नौ वर्ष में किसानों के जीवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में व्यापक परिवर्तन हुआ है तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से किसानों की समृद्धि के द्वार खुले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसानों की खुशहाली के लिए उनकी सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद भगवान राम विराजमान हो रहे हैं। उन्होंने कहा, जो लोग संविधान विरोधी काम कर रहे हैं, संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की खिल्ली उड़ा रहे हैं, उप राष्ट्रपति का वीडियो बना रहे हैं, जनता जनार्दन उन्हें सजा देगी।

### विमान को...

अड्डे पर खड़ा रहा। पेरिस से 150 किलोमीटर पूर्व में स्थित वैट्री हवाई अड्डे से ज्यादातर वाणिज्यिक विमानों का संचालन होता है। समाचारपत्र की खबर के अनुसार, अधिकारी ने बताया कि विमान में ईंधन भरा जाना था और इसमें सवार 303 लोग जिनमें अधिकतर भारतीय मूल के हैं, संभवत: संयुक्त अरब अमीरात में काम करते हैं। खबरों के मुताबिक, भारतीय यात्रियों ने मध्य अमेरिका पहुंचने के लिए इस यात्रा की योजना बनाई होगी, जहां से वे अवैध रूप से अमेरिका या कनाडा में प्रवेश करने का प्रयास कर सकते थे। फ्रांस पहुंचने के बाद यात्रियों को पहले विमान में रखा गया, लेकिन फिर बाहर निकालकर टर्मिनल भवन भेज दिया गया। पूरे हवाई अड्डे को पुलिस ने घेर लिया है। खबर के अनुसार, अभियोजक कार्यालय ने कहा कि सूचना मिली थी कि विमान में सवार लोग मानव तस्करी के शिकार हो सकते हैं। अंतत: यात्रियों को हवाई अड्डे के मुख्य हॉल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां बृहस्पतिवार को उनके रात भर ठहरने के लिए बिस्तर की व्यवस्था की गई। लीजेंड एयरलाइंस ने अभी तक इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। कंपनी की वकील लिलियाना बाकायोको ने तस्करी में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया। फ्रांस में मानव तस्करी के लिए 20 साल तक की सजा का प्रावधान है।

# ईडी ने तेजस्वी को नया समन जारी किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को एक नया समन जारी कर उन्हें पांच जनवरी 2024 को पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, ईडी ने तेजस्वी (34) को 22 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन वह पेश नहीं हुए थे। तेजस्वी ने ईडी के नोटिस को नियमित प्रक्रिया बताया था। तेजस्वी के पिता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव (75) को इस मामले में 27 दिसंबर को दिल्ली में ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह कथित घोटाला उस समय का है जब लालू प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले कार्यकाल में रेल मंत्री थे। आरोप है कि 2004 से 2009 तक, भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन में समूह डी पदों पर कई व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था और बदले में, इन व्यक्तियों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों और एक संबंधित कंपनी ए. के. इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित की थी। राजद नेता ने 21 दिसंबर को पटना में कहा, समन में कुछ भी नया नहीं है। इन सभी एजेंसियों – ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग ने मुझे पहले भी कई बार बुलाया है और मैं हर बार विधिवत तरीके से पेश हुआ हूं। लेकिन अब ऐसा लगता है कि ए एक नियमित प्रक्रिया हो गई है। इस मामले में ईडी 11 अप्रैल को तेजस्वी यादव से करीब आठ घंटे तक पूछताछ कर चुकी है यह समन लालू प्रसाद परिवार के एक कथित ‘करीबी सहयोगी’ अमित कात्याल से पूछताछ के बाद आया है। कात्याल को ईडी ने नवंबर में गिरफ्तार किया था। ईडी ने पहले एक बयान में दावा किया था कि कात्याल इस कंपनी के निदेशक थे, जब इसने ‘लालू प्रसाद की ओर से’ अभ्यर्थियों से जमीन हासिल की थी। एजेंसी ने आरोप लगाया था, कंपनी का पंजीकृत पता डी-1088, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली है, जो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों का घर है। इसने कहा, लालू प्रसाद यादव जब रेल मंत्री थे, तब उनके द्वारा अनुचित लाभ पहुंचाने के बदले में अमित कात्याल ने उक्त कंपनी में कई अन्य जमीन भी ली थीं। ईडी के अनुसार, भूमि प्राप्त करने के बाद, उक्त कंपनी के शेयर 2014 में लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को ‘हस्तांतरित’ कर दिए गए थे। पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज किया गया ईडी का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई एक शिकायत से उपजा है। प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को इस मामले में सीबीआई द्वारा उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर करने के बाद अक्टूबर में एक निचली अदालत द्वारा जमानत दे दी गई थी। राजद विपक्षी गठबंधन इंडिया का एक घटक दल है जो 2024 के आगामी आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले की तैयारी में जुटा है। सीबीआई के अनुसार, नियुक्ति के लिए कोई विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की गई थी, लेकिन पटना के कुछ निवासियों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में विभिन्न जोनल रेलवे में नियुक्त किया गया था। इसने आरोप लगाया कि इसके बदले में, अभ्यर्थियों ने, सीधे या अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से, कथित तौर पर लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को अत्यधिक रियायती दरों पर जमीन बेची।

**● रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामला**

## कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम धनशोधन के मामले में ईडी के समक्ष पेश हुए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम 2011 में कुछ चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से जुड़े धनशोधन के एक मामले में शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ईडी का मामला सीबीआई की शिकायत पर आधारित है। ईडी ने तमिलनाडु की शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम (52) का धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत बयान दर्ज किया। कार्ति ने पहले कहा था कि ईडी की जांच ऐसे सवालों पर आधारित थी, जिनका मामले से कोई लेना-देना नहीं है और पहले उन्होंने जांच एजेंसी को दस्तावेज सौंपे थे। उन्होंने दस्तावेज एकत्र करने के लिए और समय मांगा था क्योंकि वह 12 तथा 16 दिसंबर को ईडी के समक्ष पेश नहीं हो सके थे। सीबीआई ने पिछले साल चिदंबरम परिवार के घर और कार्यालयों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी और चिदंबरम के करीबी सहयोगी एस भास्कररमण को गिरफ्तार किया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा इस मामले में दर्ज की गई प्राथमिकी के मुताबिक, ईडी का मामला वेदांत समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष कार्यकारी द्वारा कार्ति और उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमण को रिश्वत के रूप में 50 लाख रुपए का भुगतान करने के आरोपों से संबंधित है। टीएसपीएल पंजाब में एक बिजली संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही थी। सीबीआई के आरोपों के मुताबिक, बिजली परियोजना स्थापित करने का काम एक चीनी कंपनी द्वारा किया जा रहा था और यह तय समय से पीछे चल रहा था। सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार, टीएसपीएल के एक कार्यकारी अधिकारी ने 263 चीनी श्रमिकों के लिए परियोजना वीजा फिर से जारी करने की मांग की थी, जिसके लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपए का आदान-प्रदान किया गया था। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि मानसा स्थित बिजली संयंत्र में काम करने वाले चीनी श्रमिकों के लिए परियोजना वीजा फिर से जारी करने के लिए टीएसपीएल के तत्कालीन सह-उपाध्यक्ष विकास मखारिया ने भास्कररमण से संपर्क किया था। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई की प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि मखारिया ने अपने करीबी सहयोगी भास्कररमण के माध्यम से कार्ति से संपर्क किया था।

## क्विक न्यूज

### गिफ्ट सिटी में शराब की मंजूरी की कांग्रेस और आप ने आलोचना की

**अहमदाबाद।** गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी कांग्रेस गिफ्ट सिटी में शराब बेचने की अनुमति देने के फैसले को लेकर शनिवार को आमने-सामने आ गए। राज्य सरकार ने सख्त मद्यपान निषेध नीति को शुक्रवार को आंशिक रूप से संशोधित किया था। राज्य सरकार ने शुक्रवार को वैश्विक माहौल प्रदान करने के लिए गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में शराब पर लगा प्रतिबंध हटा दिया। विपक्षी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप)ने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है जो युवाओं को बर्बाद कर देगा। वहीं, भाजपा ने कहा कि यह क्षेत्र में व्यापार के विकास के लिए उचित वातावरण प्रदान करेगा।विधानसभा में नेता विपक्ष अमित चावड़ा ने कहा, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है। भाजपा सरकार राज्य में शराबबंदी हटाना चाहती है और इसकी शुरुआत गिफ्ट सिटी से की है। कल वे कहेंगे कि वे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (केवडिया में) और टेंट सिटी के साथ-साथ कच्छ में धोर्डो में और सूरत डायमंड बोर्स में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए शराब प्रतिबंध हटाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इससे युवा बर्बाद हो जाएंगे। जो लोग शराब पीकर गिफ्ट सिटी से बाहर आएंगे वे दुर्घटना का कारण बनेंगे और हमारी महिलाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं। क्या वे (सरकार) सोचते हैं कि शराब पर प्रतिबंध हटाने से निवेश आकर्षित होगा। बोटाद से विधायक एवं आप सदस्य उमेश मकवाना ने मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल को पत्र लिखकर गिफ्ट सिटी में शराबबंदी हटाने के फैसले को वापस लेने की मांग की। विपक्ष के आरोपों और आशंकाओं को खारिज करते हुए राज्य सरकार के मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि यह निर्णय उन उद्योगों के लिए लिया गया है जो राज्य के बाहर से आ रहे हैं। पटेल ने जोर देकर कहा, यह कारोबारियों को वही जीवनशैली प्रदान करने का फैसला है, जिसके वे उन जगहों पर आदी हैं, जहां शराब पर प्रतिबंध नहीं है। गिफ्ट सिटी में आई कई विदेशी कंपनियां फॉर्च्यून- 500 का हिस्सा हैं। कांग्रेस को जो कहना है कहने दीजिए लेकिन बाद में उन्हें इस फैसले का महत्व समझ आएगा।

### सरकार हिजाब पर पाबंदी हटाने पर अभी विचार कर रही है: कर्नाटक के मुख्यमंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को स्पष्टीकरण दिया कि सरकार अभी राज्य में शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर लगी रोक को हटाने पर विचार कर रही है और सरकार के स्तर पर विचार-विमर्श के बाद इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा। सिद्धरमैया ने यहां संवाददादातों से बातचीत में कहा, हमने अभी ऐसा किया नहीं है (हिजाब पर रोक हटाना)। किसी ने मुझसे हिजाब पर रोक हटाने के बारे में सवाल किया था तो मैंने कहा कि सरकार इसे हटाने पर विचार कर रही है। यह पूछे जाने पर कि क्या यह इसी शैक्षणिक सत्र में किया जाएगा, मुख्यमंत्री ने कहा कि चर्चा के बाद ए किया जाएगा। मुख्यमंत्री की तरफ से यह स्पष्टीकरण उनके उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनने पर कोई प्रतिबंध नहीं है और उन्होंने कहा था कि पंसद के कपड़े पहनना और भोजन का चयन व्यक्तिगत मामला है। इस घोषणा के बाद से ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांग्रेस सरकार पर हमलावर हो गई थी। भाजपा ने कहा कि यह कदम शिक्षण संस्थानों की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति के प्रति चिंता पैदा करता है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी.वाई. विजएंद्र ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस पर लोकसभा चुनाव से पहले तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और दावा किया, आजादी के इतने वर्ष बाद भी अल्पसंख्यकों में साक्षरता और रोजगार दर 50 प्रतिशत है।

### वीवो-इंडिया के तीन शीर्ष अधिकारी धनशोधन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवो-इंडिया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ जारी धनशोधन के आरोपों की जांच के सिलसिले में कंपनी के तीन शीर्ष अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वीवो-इंडिया के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) होंग शुक्रान उर्फ टेरी, मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) हरिंदर दहिया और सलाहकार हेमंत मुंजाल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। संघीय एजेंसी ने पहले इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया था जिनमें मोबाइल फोन निर्माता कंपनी लावा इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक (एमडी) हरिओम राय, चीनी नागरिक गुआंगवेन उर्फ एंड्यू कुआंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गर्ग और राजन मलिक शामिल हैं। चारों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने इन लोगों के खिलाफ हाल ही में दिल्ली की एक विशेष पीएमएलए अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था जिस पर अदालत ने संज्ञान लिया है।

### विजयन ने नव केरल सदास के अंतिम दिन केंद्र और कांग्रेस पर निशाना साधा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एक महीने तक चली नव केरल सदास के समापन के मौके पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को यहां विपक्षी कांग्रेस नीत यूडीएफ और भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन पर राज्य के विकास में रोड़े अटकाने का आरोप लगाया। विजयन ने आरोप लगाया कि केंद्र केरल की प्रगति को बाधित करने का प्रयास कर रहा है जबकि राज्य में कांग्रेस नेतृत्व ने उनका विरोध न करने का रुख अपनाया है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस के कई प्रतिष्ठित नेताओं पर हाल फिलहाल में संघ परिवार के पक्ष में बयान देने का आरोप लगाया। विजयन ने सत्तारूढ़ सरकार के संपर्क कार्यक्रम नव केरल सदास के तौर पर एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, जब राज्य मुश्किल वक्त से गुजर रहा है तो ऐसे वक्त में कांग्रेस भाजपा नीत केंद्र सरकार की आलोचना में कुछ भी कहने से कतराती रही है।

### जरांगे ने 20 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने की घोषणा की

**बीडा-मुंबई।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने शनिवार को घोषणा की कि वह समुदाय को आरक्षण देने की अपनी मांग को लेकर 20 जनवरी से मुंबई के आजाद मैदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। महाराष्ट्र में मराठवाड़ा क्षेत्र के बीड जिले में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए जरांगे ने दावा किया कि मराठा समुदाय के करोड़ों लोग 20 जनवरी को मुंबई आएंगे। इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक वीडियो संदेश में कहा कि उच्चतम न्यायालय ने मराठा आरक्षण मुद्दे के संबंध में राज्य सरकार की एक उपचारात्मक याचिका को मंजूर कर लिया है और उस पर सुनवाई के लिए 24 जनवरी की तारीख तय की है। शिंदे ने कहा कि इससे समुदाय के लिए आशा की एक खिड़की खुल गई है। उन्होने कहा कि उनकी सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देने को लेकर प्रतिबद्ध है तथा उन्होने लोगों से संयम बरतने का अनुरोध किया। जरांगे ने मराठा समुदाय को आरक्षण देने की उनकी मांग पूरा करने के लिए राज्य सरकार को 24 दिसंबर तक का वक्त दिया था।

# कांग्रेस ने 12 महासचिव और 12 प्रभारी नियुक्त किए

## प्रियंका वाद्रा ने उत्तर प्रदेश का प्रभार छोड़ा

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन** खरगे ने शनिवार को अपनी टीम में बड़ा बदलाव करते हुए 12 महासचिवों और 12 प्रदेश प्रभारियों की नियुक्ति की। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की और से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इनमें सबसे प्रमुख नाम प्रियंका गांधी वाद्रा का है जिन्हे महासचिव के तौर पर बरकरार रखा गया है लेकिन फिलहाल उन्हें किसी प्रदेश का प्रभार या कोई अन्य जिम्मेदारी नहीं दी गई है। वह पिछले करीब पांच वर्षों से उत्तर प्रदेश की प्रभारी की भूमिका निभा रही थीं। प्रियंका गांधी के स्थान पर पार्टी महासचिव अविनाश पांडे को उत्तर प्रदेश का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।वेणुगोपाल संगठन महासचिव बने रहेंगे तथा महासचिव जयराम रमेश भी पार्टी की संचार विभाग के प्रभारी की जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। अजय माकन पार्टी कोषाध्यक्ष की भूमिका निभाते रहेंगे। उनके साथ दो नेताओं मिलिंद देवरा और विजय इंदर सिंघला को संयुक्त कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। रणदीप सिंह सुरजेवाला से मध्य प्रदेश के प्रभार वापस लिया गया है और अब वह सिर्फ कर्नाटक के प्रभारी बने रहेंगे। उनके स्थान पर जितेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश के प्रभारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप गई है। सिंह पहले से ही असम के प्रभारी की भूमिका निभा रहे हैं।राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को महसचिव नियुक्त करने के साथ ही छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। महासचिव कुमारी सैलजा को छत्तीसगढ़ से हटाकर उत्तराखंड के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंप गई है। सुखजिंदर सिंह रंधावा राजस्थान के प्रभारी बने रहेंगे।

### कांग्रेस की गठबंधन समिति की पहली बैठक, पीसीसी नेताओं से शुरू होगा संवाद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की नवगठित राष्ट्रीय गठबंधन समिति की पहली बैठक शनिवार को यहां हुई जिसमे वर्तमान राजनीतिक स्थिति का जायजा लिया गया और यह फैसला किया गया कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ बातचीत से पहले सीट बंटवारे के संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओ के साथ बातचीत की जाएगी।कांग्रेस ने गत 19 दिसंबर को इस समिति का गठन किया था। यह समिति सीट बंटवारे को लेकर सहयोगी दलों के साथ बातचीत करेगी।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और समिति के संयोजक मुकुल वासनिक ने शनिवार की पहली बैठक के बाद कहा कि सीट बंटवारे पर फैसला करने के लिए यह समिति अब राज्य के पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेगी।उन्होंने कहा, हमने स्थिति का जायजा लिया है। अगले कुछ दिनों में हम प्रदेश कांग्रेस कमेटियों में वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करेंगे कि कैसे आगे बढ़ना है, किन सीटों पर चर्चा होनी है। हम उनकी राय लेंगे और फैसला करेंगे। वासनिक ने सीट बंटवारे को लेकर कोई तारीख नही बताई। उन्होंने सिर्फ यह कहा कि निर्णय जल्द लिए जाएंगे।उन्होंने कहा, हम जल्द ही फैसला लेंगे, चुनाव करीब आ रहे है। लेकिन यह तारीख या वो तारीख, कहना संभव नही है। इस समिति मे राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पार्टी के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी शामिल है।समिति की पहली बैठक में खुर्शीद को छोड़कर सभी सदस्य मौजूद थे।

### जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम, एक आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सुरक्षाबलों ने शनिवार तड़के यहां घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू में अखनूर के खौर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास शनिवार तड़के भारी हथियारों से लैस चार आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षाबलों ने भारतीय क्षेत्र की ओर घुसपैठ की कोशिश करते हुए देखा। सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों पर गोलीबारी की और उनमें से एक आतंकवादी को मार गिराया। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि 22 और 23 दिसंबर की दरमियानी रात निगरानी उपकरणों के माध्यम से आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि को देखा गया था। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, घुसपैठ की बड़ी कोशिश को नाकाम किया गया।

### एयर इंडिया का पहला चौड़े आकार का ए350-900 विमान भारत पहुंचा

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया का पहला चौड़े आकार का ए350-900 विमान यूरोप की प्रमुख विमानन कंपनी एयरबस की फ्रांस स्थित टूलूज इकाई से शनिवार को यहां पहुंचा।बयान के अनुसार, वीटी-जेआरए के तौर पर पंजीकृत विमान राष्ट्रीय राजधानी स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर दोपहर 1.46 बजे उतरा। इसके साथ ही टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन अपने बेड़े में इस प्रकार का विमान रखने वाली भारत में पहली विमानन कंपनी बन गई है।इसमें कहा गया कि डिलिवरी उड़ान विशेष कॉल साइन एआई350 का उपयोग करके संचालित की जाती है।एयरलाइन ने कहा कि यह विमान एयर इंडिया के 20 एयरबस ए350-900 के ऑर्डर में से पहला है। इसकी मार्च, 2024 तक पांच और विमानों की आपूर्ति निर्धारित है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mr. Sunil Kumar & Mr. Rajesh Kumar** who are owners of Property area measuring 43 Kanal 13 Marla Khewat no. 421, Khatoni no.503, Mustakil no.105, Kila no.15/2(6-13), 16(8-0), Mustakil no.106, Kila no.1/1(5-0), 10(8-0), 11(8-0), 20(8-0) (Kita 6), situated at Village Jamal, Tehsil Sirsa, (Sub-Tehsil Nathusari Chopta), Haryana; vide Transfer Deed (in Blood Relation) dated 30.01.2015 executed by Krishna w/o Balwant Singh, regd. vide Doc. No.3938 and Transfer Deed (in Blood Relation) dated 18.12.2023 executed by Mr. Sunil Kumar s/o Balwant Singh, regd. vide Doc. No.4050, at SRO-Nathusuri Chopta; and intend to mortgage against the financial assistance from **Unity Small Finance Bank Ltd.** That original Release Deed dated 04.03.2013 executed by 1. Mani Devi 2. Krishan Kumar 3. Bhal Singh 4. Balwant Singh all legal heirs of Kurda Ram in favour of Sunil Kumar s/o Balwant Singh, duly registered vide Doc. No. 4318,on 04.03.2013,at SRO-Nathusuri Chopta; is lost/misplaced/ not available an online Lost Report vide Application No.132380532300421 has been lodged by Mr. Sunil Kumar in this regard. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. **Lucem Legal LLP**
**Plot No.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049,Contact # 011-40046316**

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Sumitra Devi** who is owner of the Property(s) no.33-B/4/9, 33-B/4/9/1 and 33-B/4/9/2, area measuring 209.03 sq. mtrs.+209.03 sq. mtrs.+197.33 sq. mtrs.= 615.39 sq. mtrs.,Khasra no.553, situated at Village Kishan Garh, Mehrauli, New Delhi acquired the same from **Mr. Dinesh Kumar Baweja** vide Sale Deed dated 11.09.2023, duly registered vide Doc. No. 7492, on 11.09.2023, at SRO-VA, Hauz Khas, Delhi; and same to be finance & mortgage by **Unity Small Finance Bank Ltd.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07** days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. **Lucem Legal LLP**
**Plot No.136, (Basement) Uday Park, New Delhi-110049,Contact # 011-40046316**

# पुंछ हमले के आतंकवादियों की तलाश जारी

**● मारे गए तीन लोगों के परिजनों को मुआवजा और नौकरी की घोषणा**

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू** कश्मीर में सेना के दो वाहनों पर हमला करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चलाया जा रहा है। इस हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए थे। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने उन तीन लोगों के परिजनों को शनिवार को मुआवजा और नौकरी देने की घोषणा की, जो पुंछ जिले में मृत पाए गए थे। पुंछ जिले में 27 से 42 वर्ष की आयु के तीन लोग शुक्रवार को रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए थे। मरने वालों के परिजनों एवं राजनीतिक नेताओं ने आरोप लगाया कि बृहस्पतिवार को घात लगा कर हुए हमले के सिलसिले में जिन आठ लोगों को सेना ने पकड़ा था, वे तीनों उनमें शामिल थे। उनका यह भी आरोप है कि चार लोगों को प्रताड़ित किए जाने के बाद एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारियों ने कहा कि नागरिकों के शवों को शनिवार दोपहर बफ़लियाज़ के कब्रिस्तान में दफनाया गया था। अधिकारियों ने कहा कि चूंकि तलाश अभियान जारी है और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, इसलिए अधिकारियों ने अफवाह फैलाने वालों को रोकने तथा किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था की समस्या को रोकने के लिए एहतियात के तौर पर पुंछ और पड़ोसी राजौरी जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को निलंबित कर दिया है। संघ शासित प्रदेश के जन संपर्क विभाग ने एक पोस्ट में एक्स पर कहा, पुंछ जिले के बफलियाज में कल तीन लोगों के मारे जाने की खबर आई।चिकित्सीय कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा चुकी है, और इस मामले में उचित प्राधिकारी द्वारा कानूनी कार्वाई शुरू कर दी गई है। इसमें कहा गया है, मरने वाले सभी लोगों के लिए सरकार ने मुआवजे की घोषणा की है।

# भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं का गुट है विपक्षी गठबंधन: अनुराग

**भाषा।** बेंगलुरु



**केंद्रीय मंत्री अनुराग** ठाकुर ने शनिवार को विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) को भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करने वाले नेताओं का एक गुट करार दिया जिनके पास कोई साझा विचारधारा या राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए ठाकुर ने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में अपनी हार की हताशा के कारण ही संसद के शीतकालीन सत्र को बाधित किया।संसद का शीतकालीन सत्र बृहस्पतिवार को संपन्न हुआ।सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने कहा, कहां है गठबंधन? वे पंजाब में जूझ रहे हैं, वे अन्य राज्यों में जूझ रहे हैं। वे एक स्वर में बात नहीं कर सकते। ए भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों का एक गुट है, जो एकसाथ आ गए हैं। ठाकुर ने कहा, उनके पास कोई साझा विचारधारा नहीं है, उनका कोई एक साझा कार्यक्रम नहीं है और न ही उनका कोई साझा उम्मीदवार है। कोई इंडिया गठबंधन नहीं है। संसद में विपक्षी सांसदों के निलंबन पर मंत्री ने कहा कि वे उन गतिविधियों के लिए निलंबित हुए हैं, जो लोकसभा अध्यक्ष द्वारा प्रतिबंधित की गई थीं।ठाकुर ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने नई संसद इमारत के लोकसभा व राज्यसभा कक्ष के भीतर तख्तियां नहीं ले जाने पर सहमति जताई थी।ठाकुर ने कहा, जब हमने नए संसद भवन में प्रवेश किया तो सभापति ने सभी से नई परंपराओं के साथ शुरुआत करने का अनुरोध किया था। किसी को भी आसन के सामने नहीं आना चाहिए, किसी को कागज फाड़कर आसन पर नहीं फेंकना चाहिए और किसी को भी तख्तियां सदन के अंदर नहीं लानी चाहिए। मंत्री ने कहा, तीन चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद वे (विपक्षी दल) हतोत्साहित हो गए और सत्र के बहिष्कार करने का कारण ढूंढ़ रहे थे। ठाकुर ने कहा कि विपक्ष को आम आदमी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहस में भाग लेना चाहिए था। उन्होंने कहा, लेकिन उनका आम आदमी से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस ने कभी नहीं चाहा कि सत्र आगे बढ़े, उसने कभी इसमें भाग लेना नहीं चाहा।

# सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा भारत : जयशंकर

**भाषा।** गांधीनगर



**विदेश मंत्री एस.** जयशंकर ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की गंभीरता के साथ देश अपनी सीमा के बुनियादी ढांचे को मजबूत बना रहा है और चीन सीमा पर सड़कों, पुलों और सुरंगों का निर्माण पिछले दशकों की तुलना में बहुत तेज गति से किया जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि वर्ष 1962 में चीन के साथ युद्ध में भारत को सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के प्रति आत्मसंतोष और उपेक्षा के रवैए के कारण मिले झटके के बावजूद यह देश तब तक सबक सीखने में विफल रहा जब तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सुरक्षा के क्षेत्र के क्षेत्र में काम शुरू नहीं किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार उसी गंभीरता के साथ बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है जिसकी यह हकदार है। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने अपनी कूटनीतिक रणनीति में सुरक्षा कारकों को गंभीरता के साथ शामिल किया है। हथियार हासिल करना और विकसित करना तथा संबंधित क्षमताओं का निर्माण न केवल हमारी रक्षा नीतियों, बल्कि हमारी कूटनीति के मूल में भी रहा है। ‘रक्षा और युद्ध के लिए लॉजिस्टिक्स (रसद आपूर्ति) अहम है, लेकिन हाल के वर्षों तक यह एक उपेक्षित आयाम बना रहा। उन्होंने कहा कि उदाहरण के तौर पर चीन से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों को लें, तो आंकड़े खुद बताएंगे कि आज पिछले दशकों की प्रतिबद्धता और उपलब्धि की तुलना में सड़क निर्माण दो गुना, पुल और सुरंग निर्माण तीन गुना और सीमा संबंधी बुनियादी ढांचे का बजट चार गुना है।यह केवल सड़कों, सुरंगों और पुलों की लंबाई और संख्या नहीं है, बल्कि इनका हमारी ऑपरेशनल क्षमताओं पर प्रभाव भी पड़ा है। पिछले दशक में हमने लद्दाख और तवांग के लिए हर मौसम में कनेक्टिविटी देखी, अब वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से जुड़े हर महत्वपूर्ण दें तक पहुंच और दुनिया की सबसे ऊंची परिवहन योग्य सड़क का निर्माण करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# भारतीय संस्कृति का तिरस्कार करने वाली ताकतों का प्रतिकार किया जाना चाहिए:धनखड़

**भाषा।** देहरादून

**उपराष्ट्रपति जगदीप** धनखड़ ने शनिवार को कहा कि देश में एक छोटा वर्ग है जिसके मन में भारत की पांच हजार साल पुरानी सांस्कृतिक विरासत के प्रति कोई सम्मान नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति पर गर्व करने वालों को ऐसी ताकतों का प्रतिकार करना चाहिए। हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, यह चिंता का विषय है कि देश में एक वर्ग है जिसके मन में भारत की पांच हजार साल पुरानी संस्कृति या इसके गौरवशाली अतीत के प्रति कोई सम्मान नहीं है, लेकिन यह वर्ग बहुत छोटा है। उनके मन में तिरस्कार का भाव है और वे देश की छवि खराब कर रहे हैं। वे या तो भ्रमित हैं या गुमराह हैं। ऐसे लोग उन लोगों द्वारा प्रतिकार के पात्र हैं जो अपनी संस्कृति और जड़ों पर गर्व करते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस महान देश में कुछ गुमराह लोग हैं जो हाल के वर्षों में हुई प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा, वे मातृ भाषा में समावेशी शिक्षा नीति के खिलाफ हैं। वह दिन दूर नहीं जब भारत में सारी शिक्षा मातृभाषा में दी जाएगी। उपराष्ट्रपति ने गुरुकुल कांगड़ी (मानित) विश्वविद्यालय को भारतीय राष्ट्रवाद का केंद्र और इसके सांस्कृतिक लोकाचार के सार का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि कुछ पश्चिमी विश्वविद्यालय भारत की विकास यात्रा को धूमिल करने में लगे हुए हैं। उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय से इसका मुकाबला करने को आह्वान किया।

**अशोक विनियोग लिमिटेड**
(सीआईएन : L99999DL1949PLC155544)
पंजीकृत कार्यालयः 77ए, ब्लॉक-बी, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048
फोनः +91-7303495378, ई-मेल : ashokaviniyoga@gmail.com

**सूचना**

**कम्पनी के इक्विटी शेयर्स का विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को अंतरण**

एतद्द्वारा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, संपरीक्षा, अंतरण और प्रतिदाय) नियमावली, 2016 तथा उसके संशोधन(नों) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) के अनुसरण में, कम्पनी द्वारा आईईपीएफ नियमावली के निबन्धनों में उन सभी शेयरों का अंतरण विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) के नाम किया जाएगा, जिनके संबंध में सात लगातार वर्षों या अधिक हेतु शेयरधारकों द्वारा लाभांश की मांग नहीं की गई है।

सदस्यों द्वारा धारित शेयरों के संबंध में लाभांश राशि, जो वित्तीय वर्ष 2016-17 से अदावित रही है, आईईपीएफ खाते में अंतरित की जाने की भागी होगी। आईईपीएफ को शेयर्स के अंतरण की नियत तिथि 29 मार्च, 2024 है।

संबंधित शेयरधारकों को व्यक्तिगत सूचनाएं कम्पनी अभिलेखों में उपलब्ध उनके अंतिम पते पर भेजी जा चुकी हैं, जिनमें अन्य के साथ, आईईपीएफ को अंतरित किए जाने के भागी शेयर्स का विस्तृत विवरण दिया गया है, ताकि शेयरधारक उपयुक्त कार्यवाही कर सकें।

संबंधित शेयरधारकों से अनुरोध है कि अपने अदावित लाभांश हेतु दावा 29 मार्च, 2024 को अथवा पूर्व प्रस्तुत करें, जिसमें असफल रहने पर उनके शेयर नियमावली में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आईईपीएफ को अंतरित कर दिए जाएंगे।

संबंधित शेयरधारकों को अपने शेयर्स आईईपीएफ प्राधिकरण से वेब फार्म आईईपीएफ-5 में आवेदन करने द्वारा वापस मांगने का अधिकार होगा, जैसाकि उपरोक्त नियमावली के तहत निर्धारित है और जो आईईपीएफ वेबसाइट नामतः www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है।

यदि शेयरधारकों को विषयगत मामले और आईईपीएफ नियमावली के संबंध में कुछ पूछना है, तो वे अपने प्रश्न कम्पनी को मेल आईडी : ashokaviniyoga@gmail.com पर भेज सकते हैं अथवा स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट), डी-153ए, प्रथम तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, नई दिल्ली-110020, फोनः 011-26812682/83, ई-मेल : iepf@skylinerta.com से सम्पर्क कर सकते हैं। शेयरधारकों से अनुरोध है कि कृपया अपना ई-मेल पता कम्पनी अथवा आरटीए के पास ऊपर दिए ई-मेल पते पर पंजीकृत करवा लें।

वास्ते अशोक विनियोग लिमिटेड
हस्ता/-
विवेक गुप्ता
(निदेशक)
(डीआईएन : 07270491)

तिथि : 23-12-2023
स्थान : नई दिल्ली

# गाजा में इजराइली हमला, एक ही परिवार के 76 मरे

एपी। राफाह



**इजराइली सेना** की ओर से गाजा में किए गए हवाई हमले में एक ही परिवार के 76 सदस्य मारे गए हैं। राहत एवं बचाव अभियान से जुड़े अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे एक दिन पहले, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने फिर चेतावनी दी है कि गाजा में अब कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है और इजराइल के लगातार हमले लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने में बड़ी बाधाएं पैदा कर रहे हैं। गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग के प्रवक्ता महमूद बासल ने कहा कि गाजा शहर में एक इमारत पर शुक्रवार को हमला इजराइल-हमास युद्ध के सबसे घातक हमलों में से एक था। यह युद्ध बीते 12 सप्ताह से जारी है। महमूद बासल ने इस हमले में मारे गए लोगों के नामों की एक आंशिक सूची प्रदान की जिसमें अल-मुगराबी परिवार के 16 घरों के मुखिया भी शामिल हैं। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के एक अनुभवी कर्मचारी इस्साम अल-मुगराबी, उनकी पत्नी और उनके पांच बच्चे शामिल हैं। चरमपंथी समूह हमास को खत्म करने के लिए गाजा में इजराइल की ओर से शुरू किए गए युद्ध में अब तक 20,000 से अधिक फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। गाजा के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस बीच, इजराइल ने गाजा में हमले और तेज कर दिए हैं तथा लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह पर जाने के लिए कहा गया है। गाजा में होने वाली मौतें युद्ध से पहले की इस क्षेत्र की आबादी का लगभग एक प्रतिशत हैं। इजराइल का हवाई और जमीनी आक्रमण हाल के इतिहास में सबसे विनाशकारी सैन्य अभियानों में से एक रहा है, जिसके परिणामस्वरूप गाजा की 23 लाख की आबादी में से 85 प्रतिशत लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियों की ओर से बृहस्पतिवार को जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार गाजा में पांच लाख से अधिक लोगों को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है। इजराइल ने सात अक्टूबर के हमले में हमास ने करीब 1200 लोगों की हत्या करने के अलावा लगभग 240 लोगों का अपहरण कर लिया था। इजराइल ने तब तक लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया है ।

### अब तक 20 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत

रफाह। चरमपंथी समूह हमास को खत्म करने के लिए गाजा में इजराइल की ओर से शुरू किए गए युद्ध में अब तक 20,000 से अधिक फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। गाजा के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस बीच, इजराइल ने गाजा में हमले और तेज कर दिए हैं तथा लाखों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह पर जाने के लिए कहा गया है। गाजा में होने वाली मौतें युद्ध से पहले की इस क्षेत्र की आबादी का लगभग एक प्रतिशत है। बीते 11 सप्ताह से इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में मृतकों की यह संख्या चौंकाने वाली है। इजराइल का हवाई और जमीनी आक्रमण हाल के इतिहास में सबसे विनाशकारी सैन्य अभियानों में से एक रहा है, जिसके परिणामस्वरूप गाजा की 23 लाख की आबादी में से 85 प्रतिशत लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियों की ओर से बृहस्पतिवार को जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार गाजा में पांच लाख से अधिक लोगों को भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है।

# चीन में सर्जरी के दौरान चिकित्सक ने बुजुर्ग के सिर में मुक्के मारे

भाषा। बीजिंग

**चीन में सर्जरी** के दौरान चिकित्सक द्वारा बुजुर्ग महिला मरीज को मुक्के मारने का वीडियो वायरल हो रहा है और अधिकारी इस घटना की जांच कर रहे हैं। इस घटना के सामने आने के बाद लोगों में काफी आक्रोश है हालांकि, यह घटना दिसंबर 2019 की है, लेकिन इस सप्ताह चीन के एक प्रमुख चिकित्सक आइ फेन द्वारा सर्जरी का सीसीटीवी फुटेज साझा किया जाने के बाद यह मामला सामने आया।वीडियो में दिखाई दे रहा है कि मरीज की आंखों का ऑपरेशन करते समय सर्जन उसके सिर पर कम से कम तीन बार मुक्के मार रहा है। बीबीसी की खबर में बताया गया कि सर्जरी के दौरान 82 वर्षीय महिला को मुक्का मारने वाले

### ● वीडियो के बाद लोगों में आक्रोश

सर्जन का वीडियो चीन में सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अस्पताल के मूल समूह आइयर चाइना ने सर्जन और अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पर कार्रवाई की है।वहीं, इस मामले में पुलिस भी जांच कर रही है। आइयर चाइना ने कहा कि यह घटना दक्षिण-पश्चिमी चीनी शहर गुइयांग में उसके अस्पताल में एक ऑपरेशन के दौरान की है।उसने एक बयान में कहा, सर्जरी के दौरान, लोकल एनेस्थीसिया देने के बाद मरीज ने अपना सिर और आंखें कई बार हिलाईं। चूंकि मरीज केवल स्थानीय बोली ही बोल सकती थी, इसीलिए वह मंदारिन भाषा में चिकित्सक की चेतावनियों को समझ नहीं पाईं और इससे नाराज सर्जन ने मरीज का बहुत खराब तरीके से इलाज किया।खबर में बताया गया कि स्थानीय अधिकारियों ने कहा है कि मरीज के माथे पर चोट के निशान मिले थे।स्थानीय मीडिया संस्थानों ने मरीज के बेटे के हवाले से बताया कि सर्जरी के बाद अस्पताल प्रबंधन ने माफी मांगी और मुआवजे के तौर पर 500 युआन (70 अमेरिकी डॉलर) का भुगतान किया।उन्होंने यह भी बताया कि उनकी मां को बाईं आंख से अब कुछ भी दिखाई नहीं देता है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या ऐसा इसी घटना के कारण हुआ। आइयर चाइना ने कहा कि अस्पताल ने घटना के बारे में मुख्यालय को कोई सूचना नहीं दी।

# ट्रंप से संबंधित मामले में त्वरित सुनवाई के अभियोजन के आग्रह को न्यायालय ने खारिज किया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को पलटने के प्रयास के आरोप में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर मुकदमा चलाया जा सकता है या नहीं, इस बारे में विशेष वकील जैक स्मिथ की याचिका पर तुरंत सुनवाई नहीं की जाएगी। न्यायालय का यह फैसला ट्रंप एवं उनके वकीलों के लिए जीत की तरह है जो अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की सुनवाई में देरी चाहते हैं ताकि वह अपने चुनाव प्रचार अभियान पर ध्यान दे सकें। ट्रंप 2024 के चुनाव में अपनी उम्मीदवारी के दावे के लिए चुनाव प्रचार अभियान में जुटे हैं। मामले में अगले साल चार मार्च को सुनवाई होनी है। इस मुद्दे का निर्णय अब यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया सर्किट में किया जाएगा, जिसने संकेत दिया है कि वह मामले में निर्णय के लिए शीघ्रता से सुनवाई करेगा। विशेष वकील जैक स्मिथ ने दलील दी थी कि अपीलीय अदालत के त्वरित निर्णय के बावजूद पुनर्विचार और अंतिम फैसले के लिए मामला अदालत के पारंपरिक ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले समय पर उच्चतम न्यायालय तक नहीं पहुंच सकता है। स्मिथ ने मामले के त्वरित निर्णय में महत्वपूर्ण सार्वजनिक हित का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था। न्यायाधीशों ने शुक्रवार को अपने आदेश में स्मिथ के अनुरोध को खारिज कर दिया और अपने फैसले के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया।

# चीन में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़ कर 148 हुई

भाषा। बीजिंग

उत्तर पश्चिम चीन में इस सप्ताह की शुरुआत में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 148 हो गई है। भूकंप से गांसू प्रांत सर्वाधिक प्रभावित हुआ है जहां कुल 117 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह भूकंप 18 दिसंबर की आधी रात को जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में आया था। यह पिछले नौ सालों में सबसे अधिक भीषण था। अधिकारियों ने बताया कि गांसू प्रांत की सीमा से लगने वाले किंघई प्रांत में भूकंप से 31 लोगों की मौत हो गई। सरकारी समाचार ऐजेंसी शिन्हुआ ने शनिवार को अपनी खबरों में कहा प्रांतीय भूकंप राहत मुख्यालय के अनुसार, शुक्रवार तक गांसू में भूकंप से 781 लोग घायल हो गए थे। इसमें कहा गया है कि अब तक 499 लोगों को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि 282 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें 17 की हालत अत्यधिक गंभीर है जबकि 69 गंभीर रूप से घायल हैं। चीन के यूनान प्रांत में 2014 में आए भूकंप से 617 लोगों की मौत हो गई थी।

# सिंगापुर में कोविड-19 के मामले संभवतः चरम पर पहुंच चुके हैं : मंत्री

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर** के स्वास्थ्य मंत्री (एमओएच) ओंग ए कुंग ने कहा है कि कोविड-19 की नई लहर में सिंगापुर में संक्रमण के मामले संभवतः चरम पर पहुंच चुके हैं, इसलिए मास्क पहनने को अनिवार्य करने जैसे अतिरिक्त उपायों को लागू करने की आवश्यकता नहीं है। चैनल न्यूज एशिया ने अपनी एक खबर में शुक्रवार को उत्तरी सिंगापुर के वुडलैंड्स में एक स्वास्थ्य परिसर के उद्घाटन के अवसर पर ओंग के हवाले से कहा, मामलों में थोड़ी वृद्धि हो सकती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस लहर का यह चरम है। मंत्री ने कहा, हमारे पास अस्पताल में 10,000 बिस्तरों वाली मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली हैं। 600 या 700 बिस्तर पर मरीजों के होने का मतलब है कि छह-सात प्रतिशत बिस्तर पर संक्रमित मरीज हैं,



जो कम नहीं है। यह हमारे स्वास्थ्य कर्मियों और हमारे तंत्र पर काम के अच्छे खासे दबाव जैसा है। ओंग ने कहा, हम आकलन कर रहे हैं... कि क्या हम अतिरिक्त एसएमएम (सुरक्षित प्रबंधन उपायों) के बिना इसका सामना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में संक्रमितों की अनुमानित संख्या में कमी आई है। मंत्री ने कहा, ऐसे संकेत हैं कि मामले थम गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती होने और गहन देखभाल की आवश्यकता संक्रमण के मामलों से कम रहती है। मामले लगातार चार सप्ताह से बढ़ रहे हैं। 12-18 नवंबर में संक्रमितों की संख्या 10,726 थी जबकि 10-16 दिसंबर में यह बढ़कर 58,300 हो गई। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के सॉ स्वी हॉक स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के एसोसिएट प्रोफेसर एलेक्स कुक ने चेतावनी दी, हमें यह याद रखना होगा कि गंभीर मामले आम तौर पर हल्के मामलों के चरम पर पहुंचने के बाद तेज गति से बढ़ेंगे। मंत्री ओंग ने स्वीकार किया कि क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के दौरान संक्रमण फैलने की आशंका है। उन्होंने सिंगापुरवासियों को बीमार होने पर मास्क पहनने और घर पर रहने तथा टीकाकरण कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों या गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए साल में एक बार टीकाकरण कराना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

## क्विक न्यूज

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में मानवीय मदद बढ़ाने की मांग वाला प्रस्ताव अंगीकार किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में मानवीय सहायता बढ़ाने की मांग संबंधी एक प्रस्ताव अंगीकार किया है लेकिन इसमें युद्धविराम का कोई जिक्र नही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि सहायता प्रभावी ढंग से मिले इसके लिए युद्धविराम की बेहद आवश्यकता है। संयुक्त अरब अमीरात द्वारा तैयार किए गए इस प्रस्ताव पर कई दिनों तक गहन विचार विमर्श हुआ, इसके बाद 15 देशों की परिषद ने शुक्रवार को इसे अंगीकार कर लिया। इस प्रस्ताव के पक्ष में 13 वोट पड़े, विरोध में एक भी वोट नही पड़ा वही, रूस और अमेरिका मतदान में शामिल नही हुए। इस प्रस्ताव में युद्धविराम का कोई जिक्र नही है और इस कारण से विशेषज्ञों ने इसे कमजोर करार दिया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने प्रस्ताव के अंगीकार किए जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि गाजा में लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए मानवीय युद्धविराम ही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि आज का सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव अंततः ऐसा करने में मदद कर सकता है, लेकिन अब भी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। गाजा में इजराइल की ओर से शुरू किए गए युद्ध में अब तक 20,000 से अधिक फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। गाजा के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### सिनेमा की विरासत को अब जानेगी पूरी दुनिया

**स्टूडियोज।** बालीवुड में पर्दे के पीछे की हलचलों को जानने के लिये तैयार हो जाइये जहाँ सपने बुने जाते हैं और सुपरस्टार बनाये जाते हैं। डिज्नी हॉटस्टार ने धर्मेटिक एंटरटेनमेंट के साथ उनकी पहली फिक्शनल सीरीज शोटाइम के लिये भागीदारी की है। यह सिनेमा की दुनिया में विरासत और महत्वाकांक्षा की एक बेजोड़ कहानी है। शोटाइम में आप देखेंगे कि कई मिलियन डॉलर की बॉलीवुड इंडस्ट्री के पीछे की हकीकत क्या है। वहाँ परिवारवाद और ताकत की होड़ क्यों अपने चरम पर रहती है। सुमित रॉय द्वारा निर्मित इसके शोरनर मिहिर देसाई हैं। इसे मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने निर्देशित किया है। इसमें प्रतिभावान इमरान हाशमी, महिमा मकवाना, मौनी रॉय और नसीरुद्दीन शाह के साथ साथ राजीव खण्डेलवाल और श्रिया सरन महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते नजर आयेंगे। शोटाइम की स्ट्रीमिंग 2024 में सिर्फडिज़्नी हॉटस्टार पर होगी। गौरव बैनर्जीए हेड कंटेन्टए डिज़्नी हॉटस्टार एण्ड एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क, डिज्नी स्टार ने कहा कि धर्मेटिक एंटरटेनमेंट के साथ काम करने का अनुभव हमेशा बेहतरीन रहा है और कॉफी विद करनकी सफलता इसका सबूत है। अगली कहानी के तौर पर हम बॉलीवुड और उसके व्यापार के रहस्य बताना चाहते थे।

### पाकिस्तान में लोकप्रिय है स्वाति शर्मा की आवाज

**लाहौर।** स्वैगर वाली गायिका स्वाति शर्मा एक बार फिर से सबके दिलों पर राज करने वाली हैं। अब तक उन्होंने जितने भी गानों को अपनी आवाज़ दी है, उनकी मखमली और मधुर आवाज़ के मुरीद सभी हुए बग़ैर रह नहीं पाये हैं । बन्नो तेरा स्वैगर जैसे हिट गाने के अलावा भी स्वाति शर्मा ने और भी कई लोकप्रिय और हिट गाने गाये हैं और कई भाषाओं में गाए हैं। उनके लोकप्रिय गानों की फ़ेहरिस्त की बात करें तो तीतर बितरए रेल गड्डी और तुम जो गये का फ़ीमेल वर्जन भी गाया है । यह स्वाति शर्मा की आवाज़ का ही जादू है कि उनकी आवाज़ को केवल अपने देश में ही नहीं, सरहद पार पाकिस्तान में भी लोकप्रियता और सराहना मिली है और उनके गानों को विश्व स्तर पर पहचान मिली है । ऐसे में वाक़ई स्वाति शर्मा रंग पंजाब दे में अपनी आवाज़ से स्क्रीन पर जादू बिखेर रही हैं। यह जादू कुछ वैसा ही है जैसे जब अवसर और टैलेंट दोनों एक साथ जुड़ते हैं । और ऐसा हो भी क्यों ना जब भी वह किसी गाने को गाती हैं, बड़ी शिद्दत से वह पूरी अंतरात्मा से उस गाने को अपने सुर से संवार देती हैं। उनकी प्रतिभा और उनका जज़्बा उनके हर गाने में झलकता है, फिर चाहे वह किसी भी भाषा में हो । ,बहुत ही कम समय में जिस तरह से स्वाति ने अपनी पहचान बनाई है म्यूज़िक इंडस्ट्री में, वो काबिल, तारीफ़है। और एक बार फिर से वह लोगों के दिलों पर राज करने जा रही हैं अपनी मेलोडियस आवाज़ से टेलीविजन के एक नये म्यूज़िकल शो रंग पंजाब देश् से। इसी शो में अपने परफ़ॉर्मेंस के दौरान इन्होंने अपने म्यूज़िकल सफ़र के बारे में बताया और पुरानी यादों को साझा भी किया।

### फ्रांस ने नाइजर से सैन्य वापसी की प्रक्रिया पूरी की

**अबुजा (नाइजीरिया)।** फ्रांस ने शुक्रवार को नाइजर से अपने सैनिको को वापस बुलाने की प्रक्रिया पूरी कर ली। नाइजर के नए जुंटा (सैन्य) प्रशासन ने फ्रांस से अपने सैनिको को देश से वापस बुलाने को कहा था। फ्रांस के सैनिकों की वापसी के साथ ही वर्षो से नाइजर को मिल रही जमीनी सैन्य मदद का अंत हो गया। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में जिहादी हिंसा के खिलाफ लड़ाई में व्यवधान आएगा। फ्रांसीसी सेना के जनरल स्टाफ ने ईमेल द्वारा एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि फ्रांसीसी सैनिकों को लेकर जाने वाला आखिरी विमान सैन्य शासन द्वारा तय समय सीमा के मुताबिक 22 दिसंबर को नाइजर से रवाना हो गया। जुलाई में तख्तापलट के बाद देश के सैन्य शासन ने फ्रांस के साथ संबंध समाप्त कर दिए थे। फ्रांस ने इस सप्ताह घोषणा की थी वह नाइजर में अपने राजनयिक मिशन को अनिश्चित समय के लिए बंद कर देगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बृहस्पतिवार को जॉर्डन में एक सैन्य अड्डे के दौरे के दौरान कहा कि देश साहेल में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा, हम वहां अपने हितो की रक्षा करना जारी रखेंगे लेकिन हमारी सेनाएं स्थाई रूप से वहां मौजूद नही होंगी, उनकी उपस्थिति कम या सीमित होगी। नाइजर के जुंटा प्रशासन ने फ्रांस के साथ सैन्य सहयोग की समाप्ति को देश के लोगों के लिए एक नए युग की शुरुआत बताया। जुंटा प्रशासन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, नाइजर मजबूती से खड़ा है और हमारी मातृभूमि की सुरक्षा अब विदेशी उपस्थिति पर निर्भर नही होगी।

### पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में वांछित टीटीपी कमांडर ढेर

***लाहौर।*** पाकिस्तान में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में शनिवार को प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक प्रमुख कमांडर मारा गया जो पंजाब प्रांत में इंटर-सर्विस इंटेलिजेंस (आईएसआई) भवन पर घातक हमले सहित कई आतंकी हमलों में शामिल था। आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान में कहा कि उसे गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ आतंकवादी प्रांतीय राजधानी लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर चिनिओट इलाके में छिपे हुए हैं। सीटीडी ने पुलिस के साथ मिलकर शनिवार तड़के संबंधित ठिकाने पर छापा मारा। इसने कहा, जब पुलिस ने ठिकाने को घेर लिया तो आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्वाई की गई और गोलीबारी के दौरान दो आतंकवादी मारे गए। आतंकवादियों में से एक की पहचान गजनफर नदीम उर्फ खालिद हबीब के रूप में हुई है, जिस पर पचास लाख रुपए का इनाम था। सीटीडी ने कहा कि नदीम लाहौर से करीब 130 किलोमीटर दूर फैसलाबाद शहर में आईएसआई भवन पर हुए बम हमले का मास्टरमाइंड था। वर्ष 2011 में फैसलाबाद में आईएसआई भवन के बाहर हुए विस्फोट में 25 लोग मारे गए थे और 100 से अधिक घायल हुए थे। सीटीडी ने कहा, नदीम पंजाब प्रांत में प्रतिबंधित टीटीपी का प्रमुख कमांडर था। वह देश में शिया मुसलमानों पर हमलों सहित 11 प्रमुख आतंकवादी गतिविधियों में भी शामिल था, जिसमें 50 लोग मारे गए थे। वह 2011 से फरार था। इसने कहा कि आतंकियों के ठिकानों से भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार भी बरामद किए गए हैं।

### चीन ने अफवाहें फैलाने को लेकर 34,000 ऑनलाइन खाते बंद किए

**बीजिंग।** चीन में सुरक्षा अधिकारियों ने अफ्वाहे फैलाने के आरोप में 34,000 ऑनलाइन खातों को बंद कर दिया है और अप्रैल में शुरू की गई कार्रवाई के तहत अभी तक 6,300 से अधिक लोगों को दंड दिया है। जन सुरक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ली तोंग ने बताया कि 4,800 से अधिक मामलों की जांच की गई और 6,300 से अधिक लोगों को सजा दी गई। ली ने बताया कि अधिकारियों ने अफ्वाहे फैलाने के लिए देशभर में 34,000 ऑनलाइन खातों को बंद कर दिया है। उन्होंने शुक्रवार को यहां मीडिया को बताया कि सामाजिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय ने ऑनलाइन अफ्वाहों पर लगाम लगाने के लिए 2024 में एक साल तक अभियान चलाने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि अभियान में यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे कि यह प्रभावी हो और इसके ठोस नतीजे सामने आए। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि चीनी पुलिस ने 2023 में भी साइबर हिंसा के आपराधिक कृत्यों के खिलाफ कड़े कदम उठाए थे।

### इमरान की पार्टी का आरोप उम्मीदवारों को चुनाव प्रक्रिया से हटने के लिए मजबूर किया गया

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग और न्यायालय से आश्वासन मिलने के बावजूद उसके सदस्यो को निशाना बनाया गया, गिरफ्तार किया गया और आठ फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने से रोका गया।पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संगठनात्मक चुनावों और क्रिकेट के बल्ले को चुनाव चिन्ह के रूप में रखने की उसकी याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद पार्टी ने यह आरोप लगाया है।चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 24 दिसंबर है।डॉन अखबार की एक खबर के अनुसार, पीटीआई के कई उम्मीदवारों को चुनाव अधिकारी (आरओ) तक पहुंचने की इजाजत नहीं दी गई, जिससे कार्यवाहक सरकार के सभी को समान अवसर प्रदान करने का दावा खोखला साबित हो गया।पार्टी के वकीलों का कहना है कि पुलिस ने 50 से अधिक पीटीआई नेताओं की एक सूची तैयार की है ताकि उन्हे नामांकन दाखिल करने से रोका जा सके। इन नेताओं पर पहले से ही पंजाब में नौ मई को हुए दंगों के मामले दर्ज है।पीटीआई नेताओं ने डॉन समाचार पत्र को बताया कि पुलिस उनके संवैधानिक अधिकार को कुचल रही है।

### कराची के कैंट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में मिले बम को निष्क्रिय किया गया

**कराची।** पाकिस्तान में सिंध आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने देश के सबसे बड़े शहर कराची के मुख्य रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में टाइम बम मिलने के बाद इसे निष्क्रिय कर दिया और संभावित आतंकी हमले को नाकाम कर दिया। सीटीडी (अभियान) के उपमहानिरीक्षक असद रजा ने कहा कि शुक्रवार को एक बैग में एक आईईडी मिला, जो कराची कैंट स्टेशन पहुंची पेशावर से आने वाली पेशावर एक्सप्रेस की एक सीट के नीचे रखा था। रजा ने बताया कि बैग शुक्रवार रात सवा नौ बजे मिला जिसमें बैटरी, तार और स्विच से जुड़ा टाइम बम था। उन्होंने कहा, सतर्क सुरक्षा गार्ड ने एक सीट के नीचे एक बैग पड़ा हुआ देखा। उसने तुरंत सीटीडी और बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को सूचित किया। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बीडीएस को एक आईईडी बम मिला जिसके साथ एक वाच टाइमर जुड़ा हुआ था। इसके बाद बम को वहां से दूर ले जाकर निर्षक्रिय कर दिया गया।आईईडी उपकरण में कम से कम दो किलोग्राम विस्फोटक सामग्री थी जिसका वजन पांच किलोग्राम था।

# सोच समझ करे चुनें सनस्क्रीन

द कन्वर्सेशन। स्टेलेनबोश

**सनबर्न एक संकेत है** कि त्वचा को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। पराबैंगनी प्रकाश किसी व्यक्ति की डीएनए संरचना को बदल सकता है, जिससे कैंसर हो सकता है। इसके साथ ही, आजकल मिलने वाली ढेरों सनस्क्रीन में से चयन करना भारी पड़ सकता है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संपादक नादीन ड्रेयर ने त्वचा विशेषज्ञ बियांका टॉड से पूछा कि धूप से सुरक्षा के लिए क्या ध्यान रखना चाहिए।
विशेषकर अफ्रीका में सूर्य के बहुत अधिक संपर्क में रहने के क्या ख़तरे हैं? अफ्रीका में रहने वाले लोग उच्च स्तर के सौर विकिरण के संपर्क में हैं। इस महाद्वीप में अक्षांशों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ-साथ भूमध्य रेखा भी शामिल है।यहां तक कि अफ्रीका के सबसे उत्तरी और दक्षिणी बिंदु भी सौर विकिरण के महत्वपूर्ण स्तर का अनुभव करते हैं। ऊंचाई, मौसम का मिजाज और अन्य घटनाएं इस विकिरण की तीव्रता को प्रभावित करती हैं।लोगों की जीवनशैली उनके संपर्क में आने वाले सौर विकिरण के स्तर को भी निर्धारित करती है। क्या वे




बाहर काम करते हैं या अन्य कारणों से बाहर निकलते हैं? उनकी पारंपरिक पोशाक उन्हें कितना ढकती है?सूर्य के कई लाभकारी प्रभाव हैं, उदाहरण के लिए मूड में सुधार और विटामिन डी के स्तर में योगदान, लेकिन अनजाने में ही लोग इसकी अधिक मात्रा ले लेते हैं। तात्कालिक खतरों में सनबर्न, निर्जलीकरण, हीट स्ट्रोक और यहां तक कि प्रतिरक्षा प्रणाली में बदलाव भी शामिल हैं। कुछ दीर्घकालिक प्रभावों में आंखों की क्षति जैसे मोतियाबिंद, एजिंग और त्वचा कैंसर शामिल हैं।क्या सांवली त्वचा वाले लोगों को ख़तरा है?मेलेनिन, जो त्वचा का मुख्य रंगद्रव्य है, जीवित ऊत्तकों को सुरक्षा प्रदान करता है। मेलेनिन जितना अधिक संकेंद्रित होगा, त्वचा का रंग उतना ही गहरा होगा।इसलिए,

### ● त्वचा की सुरक्षा पर विशेषज्ञ की सलाह

गहरे रंग की त्वचा वाले व्यक्ति में हल्के रंग वाली त्वचा वाले व्यक्ति की तुलना में सूरज के संपर्क के कुछ नकारात्मक परिणामों के खिलाफ अंतर्निहित सुरक्षा अधिक होती है। यह सुरक्षा पूर्ण नहीं है और त्वचा के रंग के साथ बदलती रहती है।त्वचा कैंसर कई प्रकार के होते हैं, लेकिन धूप से संबंधित त्वचा कैंसर आमतौर पर हल्के रंग वाली त्वचा वाले लोगों में अधिक होता है, विशेष रूप से नीली आंखों और लाल या सुनहरे बालों वाले लोगों में। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे गहरे रंग की त्वचा वाले लोगों में नहीं होते हैं, और हम निश्चित रूप से उन्हें हल्के भूरे रंग की त्वचा वाले लोगों में देखते हैं। हम कभी-कभी बहुत गहरे रंग की त्वचा वाले लोगों में त्वचा कैंसर देखते हैं। सूर्य के संपर्क में आने से कैंसर किस हद तक होते हैं यह अभी भी स्पष्ट नहीं है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें और अधिक शोध की आवश्यकता है।गहरे रंग की त्वचा वाले लोगों में गोरी त्वचा वाले लोगों की तुलना में विटामिन डी की कमी होने की संभावना अधिक होती है, यदि उनके पास धूप का स्तर कम हो। विटामिन डी की कमी के कई दुष्प्रभाव होते हैं। इससे थकान, हड्डियों में दर्द और मांसपेशियों में ऐंठन के साथ-साथ अवसाद जैसे मूड में बदलाव हो सकता है।गहरे रंग की त्वचा वाले लोगों में हल्की त्वचा वाले लोगों की तुलना में धूप के संपर्क में आने के बाद असमान या धब्बेदार रंजकता विकसित होने की संभावना अधिक होती है। सूरज से आंखों की क्षति सभी आंखों के रंग वाले लोगों में होती है।सनस्क्रीन चुनते समय हमें क्या देखना चाहिए? आधुनिक सनस्क्रीन की भीड़ में से चयन करना एक त्वचा विशेषज्ञ के लिए भी भारी पड़ सकता है।हालाँकि, कुछ बुनियादी सिद्धांत हैं जो हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं।सूर्य के प्रकाश में कई प्रकार की किरणें मौजूद होती हैं। हम अभी भी सौर स्पेक्ट्रम के उन सभी हिस्सों के बारे में सीख रहे हैं जिनका हमारी त्वचा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। जो किरणें हमारी त्वचा के लिए सबसे अधिक हानिकारक होती हैं।

# मासिक धर्म में दर्द से राहत दिला सकते हैं कुछ खाद्य पदार्थ

द कन्वरसेशन। ब्रिस्बेन

**दर्दनाक माहवारी** आम बात है। मासिक धर्म के दौरान आधे से अधिक महिलाओं को महीने में तीन दिन तक कुछ दर्द होता है, आमतौर पर पेट के निचले हिस्से में दर्द या ऐंठन होती है। पाचन संबंधी परिवर्तन - जैसे उल्टी, गैस, सूजन, दस्त और आंतों में कुलबुलाहट - भी मासिक धर्म के समय के आसपास आम हैं। मासिक धर्म के दर्द (जिसे चिकित्सकीय भाषा में कष्टार्तव कहा जाता है) के लिए कई उपचार हैं। ये सभी उपचार कुछ लोग बर्दाश्त नहीं पाते या सभी के लिए कारगर नहीं होते। हम अपने शरीर में प्रदाह को प्रभावित करने में भोजन की भूमिका के बारे में और अधिक सीख रहे हैं। तो, क्या कुछ खाद्य पदार्थ खाने या उनसे परहेज करने से दर्दनाक माहवारी में मदद मिल सकती है? उच्च गुणवत्ता वाले शोध के आधार पर हम यह जानते हैं। खाद्य पदार्थ जो मासिक धर्म के दर्द या ऐंठन से राहत दिला सकते हैं



**विटामिन डी से भरपूर खाद्य पदार्थ**
विटामिन डी से भरपूर खाद्य पदार्थों में ट्राउट, सैल्मन, टूना और मैकेरल, साथ ही मछली के जिगर के तेल शामिल हैं। बीफ लीवर, अंडे की जर्दी और पनीर में भी इसकी थोड़ी मात्रा पाई जाती है। मशरूम में विटामिन डी के विभिन्न स्तर होते हैं, और आप उन्हें 15-20 मिनट के लिए दोपहर की सीधी धूप में रखकर बढ़ा सकते हैं। सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने पर शरीर विटामिन डी बना सकता है और आप पूरक आहार से भी विटामिन डी प्राप्त कर सकते हैं। विटामिन डी गर्भाशय में सूजन पैदा करने वाले कारकों को कम करने में मदद कर सकता है। इसमें प्रोस्टाग्लैंडिंस नामक हार्मोन जैसे अणुओं का स्तर शामिल है। 2023 के मेटा-विश्लेषण से पता चला कि जिन महिलाओं को 50,000 आईयू (या अंतरराष्ट्रीय इकाइयों) से अधिक विटामिन डी की साप्ताहिक खुराक मिली, उन्हें मासिक धर्म के दर्द से राहत मिली, भले ही महिलाओं ने कितनी देर तक और कितनी बार विटामिन लिया।

**विटामिन ई से भरपूर खाद्य पदार्थ**
विटामिन ई से भरपूर खाद्य पदार्थों में बीज (विशेष रूप से सूरजमुखी के बीज), नट्स (विशेष रूप से बादाम, हेज़लनट्स और मूंगफली) और पालक, ब्रोकोली, कीवीफ्रूट, आम और टमाटर शामिल हैं। इस बात के कुछ प्रमाण हैं कि विटामिन ई की खुराक मासिक धर्म के दर्द को कम करती है। चार माहवारी के दौरान एक अच्छी तरह से संचालित परीक्षण में, महिलाओं ने माहवारी की अपेक्षित शुरुआत से दो दिन पहले, पांच दिनों के लिए विटामिन ई की खुराक (90 मिलीग्राम, दिन में दो बार) ली। इससे पीरियड्स के दर्द की गंभीरता और अवधि काफी कम हो गई। ऐसे खाद्य पदार्थ जो मासिक धर्म के दर्द या ऐंठन को बढ़ा सकते हैं

**अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ**
अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में ऊर्जा-सघन, पोषक तत्वों की कमी वाले खाद्य पदार्थ जैसे टेकअवे, चिप्स, बिस्कुट, डोनट्स, प्रसंस्कृत मांस और शीतल पेय शामिल हैं।मासिक धर्म के दर्द पर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की अधिकता वाले आहार के प्रभाव पर शोध के निष्कर्ष अलग-अलग हैं। 2022 की समीक्षा में पाया गया कि चीनी के सेवन का दर्दनाक माहवारी से बहुत कम संबंध है। हालाँकि, कुछ अवलोकन संबंधी अध्ययन (जिनमें हस्तक्षेप शामिल नहीं है) सुझाव देते हैं कि जो महिलाएं अधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाती हैं उन्हें मासिक धर्म में अधिक तीव्र दर्द हो सकता है। उदाहरण के लिए, 2009 के एक अध्ययन में पाया गया कि जो किशोर महिलाएं सप्ताह में दो दिन या उससे अधिक समय तक फास्ट फूड या प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाती हैं।

### ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त खाद्य पदार्थ

ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थों में चिया बीज, अखरोट, अलसी के बीज, सैल्मन, हेरिंग, सार्डिन, मैकेरल, ऑयस्टर और एडामे बीन्स शामिल है। ओमेगा-3 फैटी एसिड प्राकृतिक रूप से मछली, कॉड लिवर, एल्गल, क्रिल, अलसी (अलसी), सोयाबीन और कैनोला तेल सहित कई तेलों मे मौजूद होते है। ओमेगा-3 फैटी एसिड हमारी कोशिकाओं के कार्य करने के तरीके और सूजन और दर्द से जुड़े सिग्नलिंग मार्गो को प्रभावित करता है। इस साल की शुरुआत मे, शोधकर्ताओ ने एक मेटा-विश्लेषण प्रकाशित किया जहां उन्होंने पीरियड के दर्द पर ओमेगा -3 फैटी एसिड के प्रभाव पर उपलब्ध सभी डेटा को संयोजित किया और उनका विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि दो से तीन महीनों मे ओमेगा-3 फैटी एसिड (प्रति दिन 300-।,800 मिलीग्राम की खुराक सहित) से भरपूर आहार से दर्दनाक माहवारी वाले लोगों मे दर्द और दर्द की दवा के उपयोग को कम किया जा सकता है।

# हरमनप्रीत ने दिलाई भारत को वापसी

## ● टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया को मामूली बढ़त



भाषा। मुंबई

**कप्तान** हरमनप्रीत कौर (23 रन देकर 2 विकेट) ने तीसरे दिन शनिवार को यहां अंतिम क्षणों मैं दो विकेट लेकर भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट क्रिकेट मैच में पलड़ा भारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 233 रन बनाए थे और इस तरह से उसने 46 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 219 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 406 रन बनाकर 187 रन की बढ़त हासिल की थी। हरमनप्रीत ने ताहलिया मैकग्रा (177 गेंदों में 73 रन, 10 चौके) को क्लीन बोल्ड किया और फिर खतरनाक दिख रही एलिसा हिली (32) को पगबाधा आउट किया। स्टंप उखड़ने के समय एनाबेल सदरलैंड 12 और एशलीग गार्डनर सात रन पर खेल रही थी। तीसरा दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। भारत ने सुबह अपनी पारी सात विकेट पर 376 रन से आगे बढ़ाई और उसने आधे घंटे के खेल में ही 30 रन जोड़कर अपने बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए। सदरलैंड (41 रन देकर दो विकेट) ने भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कल की अविजित बल्लेबाज पूजा वस्त्राकर (47) और रेणुका सिंह (08) को जबकि किम गार्थ ने दीप्ति शर्मा (78) को आउट किया लेकिन इससे पहले भारतीयों ने दो नए रिकॉर्ड बनाए। दीप्ति ने अपनी पारी में 171 गेंद का सामना किया और नौ चौके लगाए। भारत का 406 रन का योग ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर है। दीप्ति और वस्त्राकर के बीच आठवें विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी भारत की तरफ से नया रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी (33) और फोएबे लीचफील्ड (18) ने सतर्क शुरुआत की लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। रिचा घोष ने मूनी को रन आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद स्नेह राणा (54 रन देकर दो विकेट) ने लीचफील्ड को बोल्ड किया जो रिवर्स स्वीप करने से चूक गई थी। एलिस पेरी बड़ी पारी खेलने के मूड में दिख रही थी लेकिन भारतीय विकेटकीपर यास्तिका भाटिया ने राणा की गेंद पर उनका शानदार कैच लेकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। पेरी ने 91 गेंद पर पांच चौकों की मदद से 45 रन बनाए। उन्होंने मैकग्रा के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी की। राणा ने राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पहली स्लिप में मैकग्रा का कैच छोड़ा जिसका फायदा उठाकर यह ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अर्धशतक बनाने में सफल रही। इसके बाद जब वह 52 रन पर खेल रही थी तब हरमनप्रीत की पहली गेंद पर उन्हें पगबाधा आउट दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस की मदद से वह क्रीज पर टिकी रही। लेकिन हरमनप्रीत कुछ देर बाद ही उनका विकेट लेने में सफल रही। उनकी गेंद मैकग्रा के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर विकेटों में समा गई थी। विकेट से स्पिनरों को खास मदद नहीं मिल रही थी जिसके कारण भारतीय गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा। राजेश्वरी गायकवाड़ ने 27 ओवर किए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। उनकी गेंद पर हालांकि हीली को दो जीवनदान मिले थे।

# एआईटीए को आईटीएफ पंचाट में लगा झटका

## ● भारतीय डेविस कप टीम को जाना होगा पाकिस्तान

भाषा। नई दिल्ली



*अंतरराष्ट्रीय* टेनिस महासंघ (आईटीएफ) पंचाट (ट्रब्यूनल) ने अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) की उस दलील को खारिज कर दिया है कि उसकी डेविस कप टीम को इस्लामाबाद में विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले के दौरान सुरक्षा चिंताओं का सामना करना पड़ सकता है। आईटीएफ पंचाट के इस फैसले से 60 साल में किसी भारतीय टेनिस टीम के लिए पहली बार पाकिस्तान के दौरे का रास्ता साफ हो गया। भारतीय टीम अगर पाकिस्तान की यात्रा करने में विफल रहती है तो मेजबान देश को इस टाई का विजेता घोषित कर दिया जाएगा। इससे भारतीय टीम विश्व ग्रुप दो में खिसक जाएगी। भारत की डेविस कप टीम ने पिछली बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था जब उसने मेजबान टीम को 4-0 से हराया था। एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने पीटीआई-भाषा से आईटीएफ से उनकी अपील खारिज होने की पुष्टि की। धूपर ने कहा, मुझे पता चला है कि एआईटीए की अपील को आईटीएफ पंचाट ने खारिज कर दिया है। हम सोमवार को खेल मंत्रालय से संपर्क करेंगे और टीम को पाकिस्तान भेजने के मामले में मार्गदर्शन मांगेंगे। एआईटीए ने हाल ही में तीन-चार फरवरी (2024) को विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले के लिए पांच सदर्स्ईय टीम की घोषणा की थी और कहा था कि अगर आईटीएफ उसकी अपील को खारिज कर देता है, तो वह डेविस कप टीम को पाकिस्तान भेजेगा।

## डेफ्लंपिक्स स्वर्ण पदक विजेता वीरेंद्र सिंह भी लौटाएंगे अपना पद्मश्री

**नई दिल्ली।** डेफलंपिक्स (मूक बधिर खिलाड़ियों का ओलंपिक) के स्वर्ण पदक विजेता वीरेंद्र सिंह यादव ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के विरोध में देश के शीर्ष पहलवानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए सरकार को अपना पद्मश्री लौटाने का फैसला किया है। गूंगा पहलवान के नाम से मशहूर वीरेंद्र ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया का समर्थन करते हुए कहा कि वह अपना सम्मान वापस लौटा देंगे।

प्रमुख चेहरों में शामिल साक्षी ने डब्ल्यूएफआई चुनावों में संजय सिंह की जीत के तुरंत बाद खेल से संन्यास की घोषणा की थी जबकि बजरंग ने शुक्रवार को अपना पद्मश्री लौटा दिया था। वीरेंद्र ने ट्विटर पर लिखा, मैं भी अपनी बहन और देश की बेटी के लिए पद्मश्री सम्मान लौटाऊंगा। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मुझे आपकी बेटी और मेरी बहन साक्षी मलिक पर गर्व है।

## जीजीआईसी अव्वल

**लखनऊ।** सिंधी गर्ल्स इंटर कॉलेज में स्पोर्ट्ज़ विलेज फाउंडेशन सपोर्टेड बाय एचसीएलएफके द्वारा एचसीएलएफएसएससी अंडर-14 कबड्डी बालिका का आयोजन किया इस प्रतियोगिता का शुभारंभ एचसीएल कंपनी के विनीत कुमार सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता का फ़ाइनल जीजीआईसी विकास नगर और जनता गर्ल्स इंटर कॉलेज के मध्य खेला गया। प्रथम स्थान जीजीआईसी विकास नगर और द्वितीय स्थान जनता गर्ल्स इंटर कॉलेज ने प्राप्त किया।

## गंगजी, चीमा, भुल्लर संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**जमशेदपुर।** राहिल गंगजी और अंगद चीमा टाटा स्टील गोल्फ टूर चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में शनिवार को यहां एक समान सात अंडर 65 का कार्ड खेलकर गगनजीत भुल्लर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए है। भुल्लर ने 67 का कार्ड खेला जिससे तीनो खिलाड़ियों का कुल स्कोर 19 अंडर 197 हो गया। पीजीटीआई सत्र के आखिरी टूर्नामेंट में दिव्यांशु बजाज (65), अर्जुन प्रसाद (65), कार्तिक शर्मा (66) और शिवेंद्र सिंह सिसोदिया (66) 15-अंडर 201 के स्कोर साथ संयुक्त चौथे स्थान पर है।

## चंद्रा ने विजयी शुरुआत की, राव ने हबीब को हराया

**चेन्नई।** पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के मौजूदा चैंपियन मनन चंद्रा ने स्नूकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के राउंड-रॉबिन चरण में शनिवार को यहां गुजरात के भद्रेश पांचाल को 3-1 से हराकर विजई शुरुआत की। तमिलनाडु के सिद्धार्थ राव ने रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के रफत हबीब के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-0 से जीत दर्ज की। तमिलनाडु के जे वरुण कुमार ने पश्चिम बंगाल के अक्रम खान पर 3-2 से मुश्किल जीत दर्ज की।

## शुक्ला दत्ता भारत की अंडर-19 महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी शुक्ला दत्ता को अगले साल फरवरी में होने वाली सैफ चैम्पियनशिप से पहले शनिवार को देश की अंडर-19 महिला फुटबॉल टीम की कोच नियुक्त किया गया। पूर्व भारतीय अंडर-17 महिला टीम की कोच शुक्ला दत्ता के साथ सभी महिलाओं के सहयोगी स्टाफ में पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्रद्धांजलि समंतारे और गोलकीपिंग कोच लौरेम्बाम रेनिबाला चानू उनकी सहायक होंगी।

## ओलंपिक क्वालीफायर प्रतिबद्धता दिखाने का मौका : मिडफील्डर सलीमा टेटे

**रांची।** शीर्ष भारतीय मिडफील्डर सलीमा टेटे ने शनिवार को कहा कि 13 जनवरी से यहां शुरू होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर सिर्फ 2024 पेरिस खेलों के लिए कट हासिल करने के लिए नही है बल्कि महिला हॉकी टीम के लिए यह खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने का मौका भी है। भारत सहित आठ टीम यहां पेरिस ओलंपिक के लिए दाव पर लगे तीन स्थान हासिल करने की कोशिश करेंगी जिसमे मेजबानों की भिड़ंत शुरूआती दिन अमेरिका से होगी।

## एस्टन विला और शेफील्ड यूनाईटेड ने ड्रा खेला

**बर्मिंघम।** एस्टन विला ने शुक्रवार को यहां अंत मे किए गए गोल की बदौलत इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले में शेफील्ड यूनाईटेड से 1-1 से ड्रा खेला। इस नतीजे से एस्टन विला ने लीग तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। मुकाबले के दौरान वीएआर संबंधित कई विवाद हुए। शेफील्ड ने कैमरन आर्चर के 87वें मिनट मे किए गोल से 1-0 से बढ़त बनाई।

## अफ्रीका के कोच कोनराड को भारतीय बल्लेबाजों को रोकने का भरोसा

**सेंचुरियन।** टीम में वापसी कर रहे कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी के नेट अभ्यास शुरू करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कोनराड ने उम्मीद जताई कि भारत अपने टेस्ट अभियान के फाइनल फ्रंटियर को जीतने में नाकाम रहेगा। रबाडा को एड़ी में चोट के कारण भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से विश्राम दिया गया था। एनगिडी टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले बाएं टखने में चोट के कारण बाहर हो गए थे। रबाडा और एनगिडी शनिवार दोपहर को यहां के सुपरस्पोर्ट पार्क मैदान पर टीम के नेट में दमखम के साथ अभ्यास कर रहे थे। जहां उनका सामना अनुभवी बल्लेबाज डीन एल्गर कर रहे थे। एल्गर ने इस श्रृंखला के बाद संन्यास लेने की घोषणा की है। सेंचुरियन की पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होती है लेकिन भारत ने पिछले दौरे पर इस स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका से बेहतर प्रदर्शन किया था। कोनराड ने कहा कि उनके मुख्य तेज गेंदबाज तरोताजा होंगे और पूरी ताकत के साथ गेंदबाजी करेंगे।

# भारतीय टीम संयोजन को लेकर भ्रम

## ● केएल की कीपिंग पर सवाल, प्रसिद्ध व मुकेश के बीच कौन होगा विकल्प

भाषा। सेंचुरियन



**हालात के** अनुसार सर्वश्रेष्ठ संयोजन हमेशा टीम की सर्वश्रेष्ठ एकादश नहीं होती जिससे बॉक्सिंग डे पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरूआती टेस्ट के लिए सही संयोजन ढूंढना भारत के लिए निश्चित रूप से मुश्किल भरा काम होगा। कम से कम दो स्थान ऐसे होंगे जिसके लिए मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को परेशानी होगी। सबसे मुश्किल भरा मुद्दा भारत के लिए यह होगा कि केएल राहुल को बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए विकेटकीपिंग करने को कहा जाएगा। इसके अलावा सबसे पेचीदा मुद्दा मुकेश कुमार और प्रसिद्ध कृष्णा में से किसी एक को चुनने का होगा जो टखने की चोट से उबर रहे मोहम्मद शमी की जगह लेंगे। देखा जाए तो कुछ फैसले सीधे लग सकते हैं लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन के लिए चीजें उतनी आसान नहीं होगी। सेंचुरियन की पिच तेज गेंदबाजों के मुफीद रहेगी जो सख्त और उछाल भरी है जिस पर नमी भी है और इससे दिन के दूसरे हिस्से में रिवर्स स्विंग में मदद मिलती है। अगर लेटरल मूवमेंट की बात की जाए तो कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट पदार्पण कर चुके मुकेश सीधे अंतिम एकादश में शामिल हो सकते हैं। लेकिन बंगाल का यह तेज गेंदबाज सफेद गेंद की श्रृंखला के दौरान सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखा है। वह 40 प्रथम श्रेणी मैचों में 151 विकेट झटक चुके हैं। वह लंबे स्पैल डाल सकते हैं और रणजी ट्राफी क्रिकेट में चाय के बाद वह रिवर्स स्विंग भी हासिल करने के लिए मशहूर हैं। मुकेश के निकटतम प्रतिद्वंद्वी द्रविड़ के पसंदीदा और बेंगलुरु के साथी प्रसिद्ध हैं जिनकी गेंदबाजी सुपरस्पोर्ट पार्क के लिए आदर्श है। वह 2015 में रणजी ट्रॉफी पदार्पण के बाद से 15 प्रथम श्रेणी मैच भी नहीं खेले हैं और अगर शमी फिट होते तो उन्हें शामिल करने की बात ही नहीं होती। पर पोटचेफस्ट्रूम में पहले अनौपचारिक टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए के लिए पांच विकेट लेकर उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें पिच पर अधिक उछाल मिलने की उम्मीद है। लेकिन वह रन भी लुटा सकते हैं क्योंकि वह अपनी लाइन पर निरंतर नहीं रहते हैं। अगर वनडे की फॉर्म देखी जाए तो मुकेश इसमें पिछड़ सकते हैं लेकिन अगर लाल गेंद के कौशल को देखा जाए तो वह प्रसिद्ध पर भारी दिखते हैं। भारत ने 2021 में तीन मैचों की श्रृंखला में अपना एकमात्र टेस्ट सुपरस्पोर्ट पार्क में ही जीता था। केएल राहुल पारी की शुरुआत करते हुए शतक की ओर बढ़ते हुए शानदार दिख रहे थे।

## ऋतुराज उंगली में फ्रैक्चर के कारण एनसीए में जाएंगे

**मुंबई।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर अपनी उंगली में फ्रैक्चर के कारण बेंगलुरुस्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जाएंगे, जबकि हर्षित राणा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच से पहले भारत ए की टीम से बाहर हो गए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को बताया कि सलामी बल्लेबाज गायकवाड़ की दाएं हाथ की अनामिका उंगली में फ्रैक्चर है। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होने वाली आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के जारी बयान में बोर्ड के सचिव जय शाह ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गकबेरहा में दूसरे वनडे मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय गायकवाड़ की दाहिनी अनामिका उंगली में चोट लग गई। उनका स्कैन कराया गया और विशेषज्ञ परामर्श के बाद, बीसीसीआई मेडिकल टीम ने उन्हें शेष दौरे से बाहर कर दिया है। उन्होंने बताया, वह अपनी चोट से उबरने के लिए एनसीए जाएंगे। पुरुष चयन समिति ने उनकी जगह टीम में अभिमन्यु ईश्वरन को शामिल किया है।

## पहले दिन बारिश का खतरा, तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होगी सेंचुरियन की पिच : क्यूरेटर ब्लॉय

**सेंचुरियन।** क्यूरेटर ब्रायन ब्लॉय ने शनिवार को कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है और सुपरस्पोर्ट पार्क की पिच का तेज गेंदबाजो के लिए मददगार होने की उम्मीद है जिससे बल्लेबाजो को कुछ चुनौतियो का सामना करना पड़ेगा। सेंचुरियन के क्यूरेटर ने कहा कि टेस्ट के शुरूआती दिन और दूसरे दिन के ज्यादातर हिस्से में खेल की संभावना बहुत कम है तथा भारी बारिश के कारण तापमान में गिरावट होगी जिससे स्पिनरो को ज्यादा मदद नही मिलेगी। ब्लॉय ने कहा, तापमान काफी कम होगा जैसे 20 डिग्री। अभी तापमान 34 डिग्री है और यह गिरकर 20 डिग्री तक पहुंच जाएगा। मै नही जानता कि हालात कैसे होंगे कि हमे पहले दिन खेलने को मिलेगा या नही। उम्मीद करता हूं कि कुछ खेल हो और तीसरे दिन यह ठीक रहेगा लेकिन मुझे नही पता कि पिच पर कितना टर्न होगा। पहला टेस्ट 26 दिसंबर से शुरू होगा। ब्लॉय ने कहा कि अगर पिच कवर रहेगी तो पहले बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा।

## बांग्लादेश से न्यूजीलैंड ने 2-1 से श्रृंखला जीती

**नेपियर।** बांग्लादेश को शनिवार को यहां तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच मे न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराने के लिए महज 15 ओवर लगे जिससे मेजबान टीम की घरेलू मैदान पर 17 मैचो मे चली आ रही जीत की लय टूट गई। न्यूजीलैंड ने तीन मैचो की वनडे श्रृंखला 2-1 से जीत ली। न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में 44 रन और दूसरे वनडे में सात विकेट से जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड को 31.4 ओवर मे महज 98 रन पर समेटने के बाद कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने 42 गेंद मे नाबाद 51 रन बनाए और अनामुल हक ने 33 गेंद मे 37 रन का योगदान दिया जिससे बांग्लादेश ने 19 प्रयासो में न्यूजीलैंड पर वनडे में पहली जीत हासिल की। बांग्लादेश ने शनिवार को न्यूजीलैंड को दोनो टीमो के बीच हुए वनडे मे उसके न्यूनतम स्कोर पर आउट किया। तंजिम हसन साकिब ने 14 रन देकर तीन विकेट और शोरिफुल इस्लाम ने 22 रन देकर तीन विकेट झटके। इस तरह दोनो ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## हरमनप्रीत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जादुई गेंदबाज की भूमिका निभाई : दीप्ति शर्मा

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शनिवार को यहां कप्तान हरमनप्रीत कौर की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हे जादुई गेंदबाज करार दिया। हरमनप्रीत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन अंतिम सत्र मे दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर भारत को वापसी दिलाई। दीप्ति ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद पत्रकारो से कहा, हैरी दी (हरमनप्रीत) के हाथों मे जादू है। वह जब भी गेंदबाजी करने के लिए आती है तब विकेट जरूर हासिल करती है। वह हमेशा गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहती है। हर कोई गेंदबाजी कर रहा था लेकिन हमे एक जादुई गेंदबाज की जरूरत थी जो विकेट ले सके क्योंकि उनकी साझेदारी लंबी खिंच गई थी। इससे हम लय हासिल करने मे भी सफल रहे।

## पाकिस्तान के नोमान अली आस्ट्रेलिया श्रृंखला से बाहर, नवाज जल्द टीम से जुड़ेंगे

**सिडनी।** पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली अपेडिक्स दर्द की वजह से हुई सर्जरी के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचो की श्रृंखला के अंतिम दो मैच से बाहर हो गए। उनकी जगह मोहम्मद नवाज जल्द ही आस्ट्रेलिया मे राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। नोमान अली (37 वर्ष) इस तरह दो दिन के अंदर पाकिस्तानी टीम से बाहर होने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। अली पिछले हफ्ते पर्थ मे पहले टेस्ट में नही खेले थे जिसमे पाकिस्तान को 360 रन से हार मिली थी। उनकी शनिवार को मेलबर्न मे अपेंडिसाइटिस के लिए सर्जरी कराई गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी ने कहा, डॉक्टरो ने उन्हे कुछ हफ्तो के लिए पूरी तरह से आराम की सलाह दी है जिसका मतलब है कि वह मेलबर्न और सिडनी मे बाकी के टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नही होगे।

## लोचब ने संविधान का उल्लंघन किया: लाल

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव मे हार झेलने वाले दर्शन लाल ने शनिवार को कहा कि प्रेमचंद लोचब का महासचिव पद पर चुना जाना डब्ल्यूएफआई संविधान का उल्लंघन है तथा अब वह जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप को स्थगित करने की मांग करके देश मे कुश्ती के विकास मे बाधा पहुंचा रहे है। डब्ल्यूएफआई नवनियुक्त अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि अंडर-15 और अंडर-20 वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश के गोंडा मे 28 से 30 दिसंबर के बीच आयोजित की जाएगी। लोचब ने हालांकि कहा कि अध्यक्ष ने चैंपियनशिप के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए डब्ल्यूएफआई के नियमो का पालन नही किया और उन्होने इस प्रतियोगिता को स्थगित करने का आग्रह किया। प्रदर्शनकारियो का कहना था कि वे कुश्ती को बचाने और उसे बढ़ावा देने के लिए लड़ रहे है।

## भारत की अंडर-19 टीम विश्व कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 टीम अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप से पहले जोहानिसबर्ग मे मेजबान दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बयान के अनुसार त्रिकोणीय श्रृंखला जोहानिसबर्ग मे खेली जाएगी जिसमे प्रत्यक टीम एक दूसरे से दो बार आमने सामने होगी। भारत की अंडर-19 टीम अपना अभियान 29 दिसंबर को अफगानिस्तान की अंडर-19 टीम के खिलाफ शुरु करेगी और फिर दो जनवरी को दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम से भिड़ेगी। फाइनल 10 जनवरी को खेला जाएगा। अंडर-19 विश्व कप दक्षिण अफ्रीका के ब्लोमफोंटेन मे 19 जनवरी से शुरू होगा।

## मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्व कप खिताब और 2023 की पांचवीं ट्राफी जीती

**जेद्दा (सऊदी अरब)।** मैनचेस्टर सिटी ने शुक्रवार को यहां क्लब विश्व कप फाइनल मे फ्लूमिनेसे को 4-0 से हराकर 2023 मे पांचवां खिताब अपने नाम किया। मैनचेस्टर सिटी ने महज 40 सेकेंड के अंदर ही बढ़त बना ली थी जब जूलियन अल्वारेज ने गोल दागा। फ्लूमिनेसे के कप्तान निनो के 27वें मिनट मे किए गए आत्मघाती गोल से मैनचेस्टर सिटी की बढ़त दोगुनी हो गई और फिर फिल फोडेन ने 72वें मिनट मे टीम का तीसरा गोल किया। अल्वारेज ने 88वें मिनट में अपने दूसरे गोल से मैनचेस्टर सिटी को 4-0 पर ला दिया। इससे मैनचेस्टर सिटी ने पहला क्लब विश्व कप खिताब अपनी झोली मे डाला और उसने यूरोप को फीफा की इस क्लब प्रतियोगिता के 17 चरण मे 16वीं ट्राफी दिलाई। मैनचेस्टर सिटी इस साल एफए कप, प्रीमियर लीग, चैम्पियंस लीग और सुपर कप खिताब जीत चुका है। इस जीत से पेप गुआर्डियोला तीन विभिन्न टीमो के साथ क्ल विश्व कप जीतने वाले पहले कोच बन गए। उन्होंने बार्सिलोना को 2009 और 2011 में यह खिताब दिलाया था। फिर 2013 मे बायर्न म्यूनिख को भी यह ट्राफी दिलाई थी। गुआर्डियोला ने शांति से इस जीत का जश्न मनाया, वह फ्लूमिनेसे के कोच फर्नांडो डिनिज को सांत्वना देने पहुंचे, उनसे हाथ मिलाया और उनके कंधो पर हाथ रखा।

# स्वीटी व पूजा प्री क्वार्टर फाइनल में

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी

भाषा। ग्रेटर नोएडा



**अनुभवी मुक्केबाज** स्वीटी बूरा और पूजा रानी ने महिलाओं की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा विश्व चैंपियन स्वीटी (81 किग्रा) ने जहां रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) की अल्फिया पर 4-1 से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की वहीं एशियाई चैंपियनशिप में दो बार की स्वर्ण पदक विजेता पूजा ने 75 किग्रा भार वर्ग में नागालैंड की रेनू को आसानी से 5-0 से हराया। स्वीटी और पूजा के अलावा हरियाणा की जिन अन्य मुक्केबाजों ने अंतिम 16 में जगह बनाई उनमें 2022 में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मनीषा मौन (60 किग्रा) और सनेह (70 किग्रा) शामिल हैं। इस बीच आरएसपीबी की नूपुर ने 81 किग्रा से अधिक भार वर्ग में दिल्ली की हिमांशी अंतिल के खिलाफ आक्रामक करवाया अपनाया। रेफरी ने पहले राउंड में ही मुकाबला रोककर नूपुर को विजेता घोषित किया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला उत्तराखंड की मोनिका साहुन से होगा। दूसरे दिन उत्तर प्रदेश की मुक्केबाजों का भी दबदबा रहा और उसकी चार खिलाड़ियों ने अपने मुकाबले जीते।

## सौरभ चौधरी जीत की राह पर लौटे, हरियाणा की महिलाओं का दबदबा

भाषा। नई दिल्ली

**दुनिया** के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सौरभ चौधरी ने राष्ट्रीय चयन निशानेबाजी ट्रायल्स में शनिवार को यहां फाइनल में 244.5 का स्कोर बनाकर पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टी। का खिताब जीता। भारत के सर्वश्रेष्ठ पिस्टल निशानेबाजों में से एक सौरभ ने क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहे सेना के रविंद्र सिंह को आठ खिलाड़ियों के फाइनल में 0.1 अंक के मामूली अंतर से हराकर लंबे समय बाद जीत की राह पकड़ी। महिलाओं की एयर पिस्टल टी। में हरियाणा ने क्लीन स्वीप किया। सुरुचि ने दो ओलंपियन यशस्विनी देसवाल और मनु भाकर को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया।

# खेल मंत्री का बजरंग से जुड़े विवाद पर टिप्पणी से इनकार किया



**बेंगलुरु,।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष पद पर चुने जाने के विरोध में पहलवान बजरंग पूनिया द्वारा अपना पद्मश्री लौटाने के विवाद पर शनिवार को यहां कुछ कहने से इनकार कर दिया। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और विरोध पत्र सौंपने के लिए नई दिल्ली के कर्तव्य पथ (प्रधानमंत्री आवास के बाहर) पर पहुंचे थे। पुलिसकर्मियों ने हालांकि उन्हें वहां रोक दिया। इसके बाद बजरंग ने अपना पद्मश्री पदक फुटपाथ पर इस पत्र पर रख दिया। ठाकुर ने यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में शीर्ष खिलाड़ियों और एशियाई खेलों के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह के मौके पर कहा, मैं पहले ही काफी बोल चुका हूं। अब और कोई टिप्पणी नहीं। ठाकुर ने इस मौके पर साई में नई छात्रावास सुविधाओं और एक सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का भी उद्घाटन किया। उन्होंने पिछले चैंपियनों से उभरते एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ने में मदद करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, हमारे खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों (हांग्झोउ में) और एशियाई पैरा खेलों दोनों में 100 से अधिक पदक जीते। उनकी कहानियों को लोगों तक पहुंचाने की जरूरत है। मैंने उनके रवाना (एशियाई खेलों के लिए) होने से पहले उनसे पूछा था कि क्या वे 100 पदक के आंकड़े को पार कर पाएंगे ।

## राष्ट्रीय जूनियर आट्या-पाट्या चैंपियनशिप में भाग लेगी उत्तर प्रदेश टीम

**लखनऊ।** पुडुचेरी में होने वाली 34वीं बालक व बालिका राष्ट्रीय जूनियर आट्यापाट्या चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम भी भाग लेगी। चयनित टीम की घोषणा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में उत्तर प्रदेश आट्या.पाट्या एसोसिएशन के सचिव यूजिन पाल ने की। समारोह के मुख्य अतिथि लखनऊ के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी सहित विशिष्ट अतिथिगण लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डा आनंद किशोर पाण्डेय निदेशक स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया सोम गुप्ता भूतपूर्व सचिव रविंद्रालय व बाल संग्रहालय ने टीम मे चयनित खिलाड़ियों को किट प्रदान की। उत्तर प्रदेश आट्या.पाट्या एसोसिएशन के अध्यक्ष टीपी हवेलिया ने विश्वास जताया कि पुडुचेरी के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कांपलेक्स में 27 से 29 दिसंबर 2023 तक होने वाली 34वीं बालक व बालिका राष्ट्रीय जूनियर आट्यापाट्या चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

# हरि सिंह क्लब दिल्ली बना चैंपियन

## शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट




**फाजिलनगर।** हरि सिंह क्लब दिल्ली ने 17वीं ऑल इंडिया शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड को छह विकेट से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। राजमालती स्टेडियम फाजिलनगर में खेले गए फाइनल मुकाबले में हरि सिंह क्लब दिल्ली ने टॉस जीतकर क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25.3 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 212 रन का स्कोर बनाया। विशाल कश्यप ने 25 रन व नीरज सिंह ने 19 रन का योगदान दिया। हर्ष राणा ने सबसे ज्यादा 66 रन का योगदान दिया। गिरीश ने 24 व संजीव ने 35 रन का योगदान दिया। सुबोध भट्टी ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट चटकाये। संजीव सिंह और गौरव तोमर को तीन-तीन विकेट मिले। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरे हरि सिंह क्लब दिल्ली ने 19.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 218 रन बनाकर खिताबी जीत हासिल की। टीम की की शुरुआत बेहद खराब रही। गौरव तोमर ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 27 गेंदों पर सात चौके व आठ छक्के की मदद से 80 रन ठोंक डाले। सुबोध भट्टी ने भी 43 गेंदों पर पांच चौके व आठ छक्के की मदद से नाबाद 83 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। समापन समारोह में मुख्य अतिथि तीरंदाजी में अर्जुन व द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त संजीवा सिंह ने विजेता हरि सिंह क्लब दिल्ली को विजेता ट्रॉफी व एक लाख पच्चीस हजार रुपए का नगद पुरस्कार व और उपविजेता क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड को उपविजेता ट्रॉफी व 75 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। हीरो मोटर्स कार्प के अजय गुप्ता और उनकी पत्नी कंचन गुप्ता ने मैन ऑफ द टूर्नामेंट हरि सिंह क्लब दिल्ली के गौरव तोमर को हीरो स्ट्रीम 160 सीसी बाइक पुरस्कार स्वरुप प्रदान की। सर्वश्रेष्ठ बैटर आजाद स्पोर्ट्स फाजिलनगर के संदीप मित्तल 175 रनद्धऔर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड के गिरीश रतूड़ी 7 विकेट प्रत्येक को साढ़े सात हजार रुपए का नगद पुरस्कार मिला।

## लखनऊ फाइनल में

**लखनऊ।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ ;सीएएलद्ध ने चुनार क्रिकेट लीग के सेमीफाइनल में एनईआर गोरखपुर को 11 रन से हराया। चुनार में खेले जा रहे सेमीफाइनल में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ ने 156 रन का स्कोर बनाया। टीम ने 37 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। अजय कुमार व अभय द्विवेदी ने 32-32 रन बनाए। कृतज्ञ सिंह ने 28 व कप्तान विप्रज निगम ने 27 रन जोड़े। त्रिशाल त्रिवेदी ने तीन विकेट की सफलता हासिल की। शिव राठी व सौरभ को दोदो विकेट मिले। जवाब में एनईआर गोरखपुर की टीम निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 145 रन ही बना सकी और जीत से 11 रन दूर रह गयी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।